# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शनिवार 28 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 308 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




रामनवमी के अवसर पर रांची स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक राम जानकी तपोवन मंदिर में पत्नी कल्पना सोरेन संग पूजा-अर्चना करते सीएम हेमंत सोरेन

## पत्नी कल्पना सोरेन संग तपोवन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, लगाए जय श्रीराम के नारे

# जल्द पूरा हो सौंदर्यीकरण का कार्य : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रामनवमी को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में उत्साह चरम पर है। इस मौके पर रांची के ऐतिहासिक तपोवन मंदिर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सपरिवार पूजा अर्चना करने पहुंचे। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने जमकर जय श्री राम के नारे लगाए और लोगों को रामनवमी की बधाई दी। इसके अलावा सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन के साथ तपोवन मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य की जानकारी दी। मौके पर महंत ने मुख्यमंत्री को गदा और तलवार भेंट की।



पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए खास है। चारों ओर हर्षोल्लास का माहौल है। मुख्यमंत्री ने रामभक्तों को रामनवमी की शुभकामना देते हुए कहा कि हमारे वीर हनुमान का जो ज्ञान और तपस्या है, निश्चित रूप से युगों-युगों तक हमारे दिलों में और वायुमंडल में बसा रहेगा। चारों तरफ खुशी और उत्साह का माहौल है, वे जुलूस के माध्यम से आज तपोवन भूमि में अलग-अलग जगहों से आनेवाले श्रद्धालुओं में दिखेगा। मुख्यमंत्री ने आज के दिन को यादगार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इसे उत्साहवर्धक बनाना है। मुख्यमंत्री ने तपोवन मंदिर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि भगवान राम से प्रार्थना करते हैं कि यह सौंदर्यीकरण और परिवर्तन जल्द से जल्द पूरा हो। सीएम ने कहा कि हम सभी श्रद्धालु यही कामना करें कि ये ऐतिहासिक तपोवन स्थल की भव्यता बनी रहे जिससे पीढ़ी दर पीढ़ी, इसे याद रख सके। इससे पहले मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर स्थित बजरंगबली मंदिर में पूजा अर्चना विधि विधान के साथ की। इस दौरान उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण ने कहा कि भगवान श्रीराम के प्रकाट्य के अवसर पर मुख्यमंत्री मंदिर आकर पूजा अर्चना की। साथ ही राज्यवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर निर्माण कार्य को भी उन्होंने देखा है। इस दौरान उन्हें गदा और तलवार भेंट की गई है। महंत ने कहा कि प्रसन्नता है कि राज्य के मुख्यमंत्री हमेशा यहां आते हैं और राज्यवासियों के लिए ठाकुरजी से प्रार्थना करते हैं।

# उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के आज 28 मार्च को खूंटी जिला के भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थल (बिरसा ओड़ा) पर जाकर पूजा-अर्चना एवं श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा बिरसा मुंडा के वंशजों से भेंट-वार्ता का भी कार्यक्रम निर्धारित है। तत्पश्चात वे रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से खूंटी की अनुमंडल दंडाधिकारी दिपेश कुमारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत विशेष आदेश जारी करते हुए संबंधित क्षेत्रों को 'नो फ्लाई जोन' घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 28 मार्च को प्रातः 06:00 बजे से संध्या 06:00 बजे तक खूंटी जिला मुख्यालय से मुरहू थाना क्षेत्र होते हुए उलिहातु स्थित भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थल (बिरसा ओड़ा) एवं एसएसबी कैंप/कॉम्प्लेक्स, उलिहातु के 200 मीटर की परिधि में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग एवं हॉट एयर बैलून के उड़ान पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ड्रोन रूल्स 2021 एवं डिजिटल स्काई पोर्टल के अनुसार उक्त क्षेत्र रेड जोन के अंतर्गत आता है, अतः बिना अनुमति किसी भी प्रकार की ड्रोन गतिविधि दंडनीय होगी। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि वे जारी निर्देशों का पालन करें तथा कार्यक्रम के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग प्रदान करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

## बोकारो में शोभायात्रा का झंडा लगाने के दौरान हाइटेंशन तार की चपेट में आने से छह झुलसे

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** रामनवमी के जुलूस के दौरान बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड के खेतको पंचायत में एक बड़ा हादसा हो गया। झंडा लगाने के दौरान लोहे का पाइप ऊपर गुजर रहे 33 हजार वोल्ट के हाइटेंशन तार को छू गया जिससे छह लोग करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। प्राप्त खबर के मुताबिक शोभायात्रा निकालने की तैयारी चल रही थी। करंट लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने फौरन घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां से डॉक्टरों ने उन्हें बोकारो जेनरल अस्पताल भेज दिया। चिकित्सकों के मुताबिक कुछ घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। चिकित्सकों ने कहा कि जरूरत पड़ने पर उन्हें रांची रिम्स भेजा जाएगा।

## सड़क हादसों में दो की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। ये घटनाएं हुसैनाबाद और पाटन थाना क्षेत्रों में हुईं। पहली घटना हुसैनाबाद थानाक्षेत्र के जपला-दंगवार सड़क पर शुक्रवार को नदियांई गांव के पास हुई। यहां एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में रंजन कुमार (18) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तक्षक कुमार (18) गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक रंजन कुमार बिहार के नबीनगर एनटीपीसी क्षेत्र के मांगाबार गांव का निवासी था। दूसरी घटना पाटन थाना क्षेत्र में हुई, जहां एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में बंगाल के चौबीस परगना गांव निवासी ओबिजीत जाना (40) की मौत हो गई। टेंपो चालक सोनू कुमार (32) और सिबना मंडोल (35) घायल हो गए।

## लोकसभा में उठा चियांकी हवाई अड्डा का मामला

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** चियांकी हवाई अड्डा का मामला एक बार फिर से लोकसभा में उठा है। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम चियांकि हवाई अड्डा से उड़ान शुरू होने को लेकर गंभीर हैं और लगातार लोकसभा में मामले को उठा रहे हैं और कई स्तर पर मुलाकात भी कर रहे है। शुक्रवार को लोकसभा के शून्यकाल के दौरान पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्र सरकार के क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के तहत चियांकि हवाई अड्डे के मामले को उठाया है। लोकसभा में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि उड़ान योजना के माध्यम से देश के दूरस्थ और अविकसित क्षेत्र को हवाई सुविधा तथा संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। पलामू के चियांकि हवाई अड्डा से उड़ान शुरू होना बेहद ही जरूरी है।

## पत्नी को कुएं में गिरता देख पति ने भी लगाई छलांग, दोनों की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** कुएं से पानी भरने के दौरान एक महिला उसमें जा गिरी। महिला को कुएं में गिरना देख उसके पति ने भी छलांग लगा दी। घटना में दोनों की मौत हो गई है। यह घटना गांडेय थाना इलाके के गोविन्दपुरा गांव की है। मृतकों में राजेंद्र मुर्मू और उसकी पत्नी पार्वती देवी शामिल है। ग्रामीणों के प्रयास से दोनों के शवों को बाहर निकाल लिया गया है। घटना के बाद परिजनों के साथ साथ गांव के लोग मातम में हैं। मृतक राजेंद्र के पिता ने भी बताया कि उसके बेटे और बहू की मौत कुएं में डूबने से हुई है। इधर घटना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा किया। इसके बाद सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपूर्द कर दिया।




# यूथ विंग के 151 किलो लड्डू महाभोग वितरण में दिखी आस्था और सेवा की मिसाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**हजारीबाग।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा भव्य लड्डू महाभोग कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न किया गया। यह आयोजन संस्था के वार्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, जिसका यह पांचवां वर्ष था। इस अवसर पर शहर भर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति एवं उत्साह से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था द्वारा 151 किलो लड्डू महाभोग तैयार कर महावीर स्थान मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ प्रभु श्रीराम को अर्पित किया गया।

मंदिर के प्रधान पुजारी कार्तिक पांडे द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। महाभोग अर्पण के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया, जिसे पाकर भक्तगण भावविभोर हो उठे और ह्लजय श्री रामह्व के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस भव्य आयोजन में समाज के हर वर्ग की सहभागिता देखने को मिली। बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और सेवा भाव का भी सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संस्था द्वारा उनका अंगवस्त्र भेंटकर पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके पश्चात उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का वितरण किया और आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि रामनवमी जैसे पावन पर्व पर इस प्रकार का आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग जिस समर्पण, सेवा और निष्ठा के साथ वर्ष के 365 दिन समाजहित में कार्य कर रही है, वह वास्तव में प्रेरणादायी है। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल एवं प्रणीत जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज को जोड़ना और सेवा भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष करण यादव उर्फ लड्डू यादव, भाजपा नेता टोनी जैन, समाजसेवी नीरज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि लब्बू गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विशेष रूप से इस आयोजन में सत्य नारायण सिंह एवं कैलाश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति भी रही, जिनकी सहभागिता ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। इस अवसर पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सचिव रितेश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, संयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल, प्रणीत जैन, संजय कुमार, विकास केसरी, डॉ. बी. वेंकटेश, विवेक तिवारी, रोहित बजाज, सेजल सिंह, प्रज्ञा कुमारी, मोहम्मद ताजुद्दीन, चंदन सिंह, उदित तिवारी, सनी सलूजा, मानसी सिन्हा, हैप्पी कुमार, केशव खंडेलवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे। हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आयोजित यह भव्य लड्डू महाभोग कार्यक्रम आस्था, सेवा और सामाजिक एकता का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया, जिसने पूरे शहर को भक्ति के रंग में रंग दिया।

# दोषियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा हजारीबाग बंद : सांसद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुसुंबा गांव में एक नाबालिग बच्ची के साथ हुई जघन्य घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांसद सेवा केंद्र, हजारीबाग में प्रेस-वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने घटना की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि रविवार तक दोषियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी नहीं की गई, तो सोमवार को ह्लहजारीबाग बंदह्व का आह्वान किया जाएगा। साथ ही, पूरे झारखंड में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषियों को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए,




कड़ी निंदा करते हुए राज्य सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। सांसद ने कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है और इसे रेयरेस्ट ऑफ द रेयर की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद सरकार और सत्ता पक्ष की ओर से अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि संसद सत्र से लौटने के बाद वे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू समेत अन्य नेताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया। प्रेस-वार्ता में सांसद मनीष जायसवाल ने स्पष्ट ताकि समाज में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और अपराधियों में कानून का भय स्थापित हो। भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए सरकार की संवेदनहीनता पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी। प्रेस-वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि हरीश श्रीवास्तव, जयनारायण मेहता, टोनी जैन, सुमन कुमार पप्पू, अजय साहू, विनोद झुनझुनवाला, किशोरी राणा, रेणुका साहू, सोनू गुप्ता, दिलीप साहू, विजय वर्मा, विशेषांक वर्मा, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जीटी रोड के किनारे टेंपो खड़ी कर चालक बैठाते है यात्री, परिवहन विभाग के अधिकारियों को नहीं खबर

**औरंगाबाद (नबिटासं)।** जीटी रोड के किनारे टेंपो चालक मनमानी तरीके से टेंपो खड़ी कर यात्री बैठाते है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। वहीं तेजी के साथ दौड़ रहे ओवरलोड टेंपो के परिचालन से टेंपो चालकों के द्वारा थोड़ी सी लापरवाही के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। दुर्घटना का कारण टेंपो चालकों की लापरवाही और यातायात नियमों का पालन नहीं करना ही है। यहां तक की कई टेंपो चालक बिना ड्राइविग लाइसेंस के वाहन दौड़ा रहे हैं। इसके अलावा टेंपो चालक क्षमता से अधिक यात्रियों को ठुंसकर टेंपो को जीटी रोड से लेकर ग्रामीण सड़कों पर दौड़ाते हैं। यहां तक की कई बार चालक अपनी सीट पर दोनों और यात्रियों को बैठा लेते हैं और खुद तिरछा होकर वाहन चलाते हैं जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ने पर दुर्घटना हो जाती है। शिवगंज प्रदीप सिंह, अंकित सिंह ने कहा कि अधिकांश टेंपो चालक तेज गति से चलते हैं और यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। टेंपो चालकों की नियमित जांच, सड़क पर सख्त निगरानी और बिना परमिट या बिना लाइसेंस वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई ही इन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है। इसके बावजूद भी यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इस मामले में गंभीर नहीं हो रहे हैं और लगातार टेंपो चालकों का मनोबल बढ़ता जा रहा है और कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

### थवई प्राथमिक विद्यालय में संसाधन का अभाव

**औरंगाबाद (नबिटासं)।** जिले के मदनपुर प्रखंड के तहत बेरी पंचायत स्थित थवई प्राथमिक विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। बता दें कि डिजिटल इंडिया के दौर में भी इस विद्यालय के नौनिहाल और शिक्षक बुनियादी सुविधाओं के लिए काफी संघर्ष कर रहे हैं। बता दें कि विद्यालय की स्थापना 1956 में हुई थी परंतु आजतक सुरक्षा के लिए चारदिवारी नहीं बनाई गई है। सीमित संसाधनों में शिक्षकों को जज्जा भले ही ऊंचा हो परंतु बुनियादी ढांचे की कमी यहां बनी हुई है। वहीं संसाधनों की कमी के बावजूद शिक्षक पूरी लग॥ और तत्परता के साथ बच्चों का भविष्य संवारने में जुटे हैं। विद्यालय में चार कमरों में पहली कक्षा से लेकर पांचवी कक्षा तक के बच्चे अध्यन करते हैं। वहीं कक्षा एक से पांच तक के लिए कम से कम पांच कमरे, एक कार्यालय और एक स्टोर रूम होना अनिवार्य है परंतु यहां कार्यालय सीमित कमरों में व्यवस्थित करना पड़ता है। वहीं गांव के दक्षिण दिशा में मुख्य सड़क और नदी के पास स्थित होने के कारण बिना चारदिवारी के विशेष कर बच्चों के लिए काफी असुरक्षित है। विद्यालय में अध्यन करने वाले बच्चों ने चारदिवारी का निर्माण कराने की मांग की है। वहीं विद्यालय में एक चापाकल है जो कि खराब है। बच्चों को पानी पीने बाहर जाना पड़ता है। विद्यालय में एक चापाकल कराने की आवश्यकता है। विद्यालय में चार कमरे हैं जिसमें एक कमरे में कार्यालय संचालित होता है। तीन कमरों में अध्यापन का कार्य किया जाता है। इतना होने के बावजूद भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

### वर्षो से सुही ग्रामीण पथ है जर्जर, ग्रामीण परेशान

**औरंगाबाद (नबिटासं)।** अंबा-नबीनगर पथ के सूही मोड़ से सूही गांव जाने वाली सड़क इन दिनों जर्जर अवस्था में है। इस पथ पर पैदल चलने में सड़क पर बिछाई गई गिटियां उखड़ बिखर कर किनारे खेत में चली गई है। सड़क के बीच खतरनाक गड्ढें भी हैं। यहां तक कि हर टद्धनग जानलेवा साबित हो रही है। आए दिन साइकिल व बाइक चालक टूटी-फूटी सड़क स्लिप कर गिरते पड़ते और दुर्घटनाग्रस्त होते नजर आते है। विकास के इस दौर में जर्जर सड़क को देखकर यात्री मार्ग के अस्तित्व पर उंगलिया उठा रहें हैं। स्थानीय ग्रामीण विनोद पाठक, रमेश मेहता बताते हैं कि सड़क निर्माण के बाद मरम्मति के नाम पर यदा-कदा सिर्फ खानापूर्ति हुई है। इधर मरम्मति कार्य एजेंसी कहां चला गया उसका पता नहीं है बावजूद भी अधिकारी व जनप्रतिनिधि सड़क की दशा देखकर भी चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि सड़क मरम्मत कराने के लिए ग्रामीणो ने कई बार विभाग का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है, फिर भी पहल नहीं की गई। लंबे अर्से से ग्रामीण जर्जर सड़क के मरम्मत का बाट जोह रहे हैं। सड़क के वजूद समाप्त होने से ग्रामीणो को चिंता सता रही है। सूही गांव की सड़क ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल औरंगाबाद के देखरेख में वर्ष २०२० में एसआर योजना के तहत बनाई गई थी। इस क्रम में सड़क के किनारे एक बोर्ड भी लगाया गया था, जिस पर डिडुफेक्टिव लेबिल्टी पीरियड पांच वर्ष तक निर्धारित किया गया है। साथ ही वर्ष में एक बार घांस और झाड़ियो की छटाई, नालियों का पुनर्स्थापना, सोल्डर का अनुरक्षण, पॉट हॉल की मरम्मती और क्रैक का सिलिंग कार्य करने का प्रावधान तय किया गया था। साथ ही वर्ष में दो बार क्रॉस ड्रेनेज व नाली का अनुरक्षण किया जाना है। आवश्यकतानुसार सीडी कार्य के पारापेट की रंगाई व पुताई किया जाना था। कार्य एजेंसी द्वारा सारे नियमों को ताक पर रखकर अनदेखी की जा रही है। मरम्मत के वक्त यह भी ख्याल नहीं रखा गया है कि पानी में डाला जाने वाला तारकोल एक पल भी सड़क को सुरक्षित नहीं कर सकेगा। बावजूद भी अधिकारी सड़क की मरम्मत के प्रति गंभीर नहीं है।

### देव में रामनवमी को ले निकला बाइक जुलूस

**औरंगाबाद (नबिटासं)।** सूर्य नगरी देव में आस्था का महापर्व के बाद सनातनी महापर्व रामनवमी को भी गुरुवार को भव्य बनाने के लिए बाइक जुलूस निकाली गई। जंगी मोहल्ला संकट मोचन मंदिर में सभी रामभक्तों नें एकत्रित होकर देव प्रखंड के नगर पंचायत देव बाजार होते हुए चानपुर, सुदी बिगहा, सरा बिगहा, भवानीपुर, सड़कर, कुरका एवं अन्य गांव में बाइक जुलुस निकलकर सभी धर्म अनुरागियों को रामनवमी शोभायात्रा में आने का आवाहन किया गया। रुपेश पांडेय, शिवपुजन सिह, शक्ति मिश्रा, नीलकंठ इंटरप्राइजेज, लाल बाबा द्वारा जगह अपने गांव में ठंडा पानीय जल, बतासा, मुरब्बा देकर महावीर अखाड़ा समिति के सदस्यों का अतिथि सत्कार किया गया। रामनवमी को ऐतिहासिक बनाने में हर स्तर से मदद करने का आश्वासन दिया गया। रामनवमी शोभायात्रा को सफल बनाने वाले प्रायोजक एवं धर्म अनुरागियों को सम्मानित करने के लिए भगवान राम का प्रतिक चिन्ह बनाया गया है। जुलूस में शामिल होने वाले रामभक्तों को उत्साह बढ़ाने के लिए सभी के लिए अंगवस्त्र व जय श्रीराम का पट्टी बनाया गया है। आज की शोभायात्रा में महावीर अखाड़ा समिति के अध्यक्ष कुंदन सिह, सचिव प्रकाश पांडेय, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता, संरक्षक दिलीप राज, संतोष भारती, गुलशन सिह, चंदन कुमार, राकेश राही, प्रिंस सिह, नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल, उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता, मुकेश सिह, गुड्डू सिह, रविंद्र सिह, मोहित मालाकार, गोलू कुमार, शुभम कुमार नें बाइक जुलुस का कारवां संभाला। इधर युवा जय राम, जय जय श्रीराम के नारों लगा रहे थे।

# स्वर्ण जयंती महोत्सव के दौरान माता जागरण का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बरगंडा में सार्वजनिक चैती दुर्गा एवं रामनवमी पूजा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर माता का भव्य भक्ति जागरण आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं पुरुष शामिल हुए भक्ति जागरण के दौरान प्रस्तुत भक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



श्रद्धालु गीतों में लीन होकर झूमते नजर आए। महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने भक्ति संगीत पर नृत्य कर अपनी आस्था व्यक्त की इस अवसर पर वार्ड पार्षद रणजीत यादव ने कहा कि समिति द्वारा हर वर्ष इस तरह का आयोजन किया जाता है और आगे भी इसे और भव्य रूप में जारी रखा जाएगा, ताकि लोगों में भक्ति के प्रति उत्साह बढ़ता रहे कार्यक्रम में झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, मेयर परमिला मेहरा, उप महापौर सुमित कुमार, रॉकी सिंह, धर्म प्रकाश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की सफलता में समिति के अध्यक्ष रंजीत यादव, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साव, सचिव लोक नाथ सहाय समेत सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती का स्वागत : राजकुमार राज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई कटौती के निर्णय का स्वागत किया है।

उन्होंने इसे दूरदर्शी और जनहित में लिया गया महत्वपूर्ण कदम बताया राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया यह संवेदनशील निर्णय आम नागरिकों को महंगाई से राहत दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी ₹10 घटाकर ₹3 करना और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी शून्य करना एक सराहनीय पहल है।

उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के बीच यह निर्णय न केवल उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को कम करेगा, बल्कि देश में आर्थिक स्थिरता और ऊर्जा उपलब्धता को भी सुनिश्चित करेगा राज ने विश्वास जताया कि इस फैसले से परिवहन लागत में कमी आएगी, जिसका सीधा लाभ आम लोगों तक पहुंचेगा और महंगाई पर भी नियंत्रण मिलेगा।

# रामनवमी पर बेगाबाद में अखाड़ा जुलूस, रातभर गूंजते रहे जयकारे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रामनवमी पूजा के पावन अवसर पर अष्टमी की रात बेगाबाद प्रखंड के ग्राम दिघरिया कला, दिघरिया खुर्द, बागरा, खुदाबंद और आधा नचूवा के रामभक्तों द्वारा भव्य अखाड़ा जुलुस निकाला गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा अखाड़ा जुलूस सभी गांवों में भ्रमण करता हुआ आगे बढ़ा, जहां जगह-जगह डंका की थाप पर खिलाड़ियों ने पारंपरिक खेलों का शानदार प्रदर्शन किया। देर रात तक लोग भक्ति और उत्साह में झूमते रहे।

पूरे आयोजन में युवाओं का जोश और अनुशासन देखने लायक था।सुबह होते-होते यज्ञ स्थल पर अखाड़ा का समापन किया गया। इस



दौरान सरयू गोप ने बताया कि इस वर्ष लोगों का उत्साह अत्यंत सराहनीय रहा और उन्होंने सभी सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का धन्यवाद व्यक्त किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष बाबूलाल मिश्रा सहित सोनू यादव, दिनेश शर्मा, सुनील वर्मा, राजेश कुमार, दिलीप रजक, कुलदीप मिश्रा, श्यामसुंदर राणा, मोहन राय, कुन्दन यादव, बबलू यादव, संतोष यादव, मोहन ठाकुर, रविंद्र राणा, मुकेश राणा, अनिल राणा, राजू यादव, अमित यादव और प्यारी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा हजारों की संख्या में भक्तजन इस आयोजन में शामिल हुए।

# बालिकाओं के लाठी-तलवार प्रदर्शन में 301 प्रतिभागी सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज मारवाड़ी युवा मंच, गिरिडीह प्रेरणा शाखा द्वारा कुटुंब प्रबोधन एवं अहिल्याबाई होल्कर वाहिनी के सहयोग से झंडा मैदान के समीप स्थित विवाह भवन से लाठी एवं तलवार खेलन प्रदर्शन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में प्रेरणा शाखा द्वारा 301 बालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्हें पूनम बरनवाल के नेतृत्व में लाठी एवं तलवार चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी बालिकाओं को तिलक लगाकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, जिससे उनके उत्साह में और वृद्धि हुई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खेलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना रहा। जहां



पहले इस प्रकार के प्रदर्शन में पुरुषों की भागीदारी अधिक होती थी, वहीं अब महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संयोजक पूनम बरनवाल को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। प्रेरणा शाखा की ओर से सभी प्रतिभागियों को स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया।रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में 300 से अधिक बालिकाओं की भागीदारी ने आयोजन को भव्य रूप दिया। भविष्य में इस संख्या के 3000 तक पहुंचने की कामना व्यक्त की गई इस अवसर पर शाखा की पूर्व अध्यक्ष कविता राजगढ़िया, मंडल 5 की उपाध्यक्ष रिया अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष सोनू चौधरी, सचिव बरखा बालासिया, कोषाध्यक्ष स्वीटी अग्रवाल, सदस्य सीमा खेतान, मुस्कान खेतान सहित

# गिरिडीह में रामनवमी पर एकता की मिसाल

## पानी-शरबत सेवा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रामनवमी के पावन अवसर पर गिरिडीह एकता मंच, मौलाना आजाद चौक के द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश देने हेतु विशेष पहल की गई है। मंच की ओर से आम लोगों के लिए पानी और शरबत की व्यवस्था की गई है, ताकि इस पावन पर्व पर सभी लोग मिल-जुलकर एकता का उदाहरण प्रस्तुत कर सकें।

इस सेवा कार्यक्रम का आयोजन शाम 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक किया जाएगा। आयोजकों ने सभी धर्मों और समुदायों के लोगों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होकर पानी-शरबत ग्रहण करें और हिंदू-मुस्लिम एकता को मजबूत बनाएं इस मौके पर इरशाद अहमद वारिस एवं नौशाद अहमद चांद ने संयुक्त रूप से कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं और लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस नेक पहल का हिस्सा बनने की अपील की है।

# हनुमानगढ़ी के बाबा नागेंद्र दास बने दंगल के फाइनल विजेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** पावन पर्व रामनवमी के अवसर पर रामनवमी संरक्षण समिति द्वारा आयोजित भव्य दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हनुमानगढ़ी, अयोध्या के पहलवान बाबा नागेंद्र दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि जम्मू-कश्मीर के मो. फैजल गनी उपविजेता रहे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित इस दंगल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के नामी पहलवानों ने भाग लिया।

नेपाल के शंकर थापा और राजू थापा, पंजाब के सोनू पहलवान, उत्तराखंड के राहुल पांडे, राजस्थान के शैतान सिंह, बनारस



के सिकंदर एवं हवलदार पहलवान, कानपुर के रवि और ओमवीर, दिल्ली के मनोहर पहलवान सहित कई खिलाड़ियों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों को रोमांचित किया। फाइनल मुकाबला बाबा नागेंद्र दास और मो. फैजल गनी के बीच खेला गया, जिसमें नागेंद्र दास ने बेहतरीन तकनीक और दमखम का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता को 6 हजार रुपये तथा उपविजेता को 5 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के दंगल न केवल हमारी पारंपरिक खेल संस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि कुश्ती हमारी प्राचीन परंपरा का हिस्सा रही है, जिसे संरक्षित और प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि संरक्षण समिति का उद्देश्य युवाओं को खेल एवं व्यायाम की ओर प्रेरित करना और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना है।

दंगल के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह एवं उल्लास का माहौल देखने को मिला। दर्शकों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए पारंपरिक खेलों के इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में संरक्षक राजकुमार गोप, डॉ. प्रभात कुमार प्रधान, महामंत्री ओमप्रकाश गोप, कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, दीपक नाथ सहाय, अनमोल साव, धर्मेंद्र शुक्ला, परमेश्वर मेहता, विरेंद्र कुमार वीरू, कृष्णा यादव, बप्पी करण, ओम प्रकाश सिन्हा, सुमन कुमार पप्पू, विजय वर्मा, संदीप सौरभ, अनुपम सिन्हा, अमरेश कुमार सिंह, अखौरी ब्रजेश सहाय, रमेश चंद्र पिंटू, सूरज कुमार, संजीव लाल भगत, मोहित प्रधान, महेंद्र सोनी, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार सिन्हा सहित समिति के कई पदाधिकारी और सैकड़ों रामभक्त उपस्थित रहे। यह दंगल प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने का भी कार्य कर रही है।

# ट्रेन से शराब लाते तीन वेंडर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** नई दिल्ली से गया आने वाली महाबोधि एक्सप्रेस इन दिनों शराब तस्करी का बड़ा माध्यम बनती जा रही है।

रेल पुलिस ने इस संगठित नेटवर्क का पदार्फाश किया है। शुक्रवार सुबह वाशिंग पिट लाइन पर जीआरपी-आरपीएफ की संयुक्त टीम ने तीन वेंडरों को 18 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

रेल सूत्रों से सूचना मिली थी कि ट्रेन पेंट्री कार के वेंडर नियमित रूप से नई दिल्ली से शराब लाकर गया में सक्रिय तस्कर तक पहुंचा रहे हैं।

कंट्रोल रूम से मिले इनपुट के बाद रेल पुलिस ने निगरानी बढ़ाई और वाशिंग पिट लाइन पर छापेमारी कर तीनों वेंडर को दबोच लिया। पकड़े गए वेंडरों की पहचान दीपक कुमार, गोरेलाल कुमार और सुभाष कुमार के रूप में हुई है।

जांच में सामने आया कि ये महाबोधि एक्सप्रेस पेंट्री कार वेंडर संविदा पर कार्यरत हैं और कम मजदूरी मिलने के कारण अतिरिक्त कमाई के लिए इस अवैध कारोबार में शामिल हो गए। बताया जा रहा है कि यह धंधा लंबे

## कोच अटेंडेंट भी संदेह के घेरे में

समय से चल रहा था और इसमें कई अन्य लोग भी जुड़े हो सकते हैं।

रेल सूत्रों के अनुसार केवल वेंडर ही नहीं, बल्कि कुछ कोच अटेंडेंट भी इस नेटवर्क का हिस्सा हैं। वे भी नई दिल्ली से शराब लाकर गया में ऊंची कीमत पर बेचते हैं। समय पर मानदेय नहीं मिलने को इस अवैध गतिविधि की एक बड़ी वजह माना जा रहा है।

मामले का एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। वाशिंग पिट लाइन पर ही पैसे लेकर यात्रियों को बोगियों में चढ़ाया जाता है। ट्रेन के प्लेटफार्म पर आने तक उन्हें सीटों के नीचे छिपाकर रखा जाता है, फिर प्लेसिंग के बाद सीट पर बैठा दिया जाता है। इस अवैध वसूली में भी कुछ विभागीय रेल कर्मचारियों की संलिप्तता की आशंका है।

रेल थानाध्यक्ष शिव कुमार यादव ने बताया कि इस मामले में बिहार मद्य निषेध अधिनियम की तहत केस दर्ज किया गया है। कुल 18 लीटर अंग्रेजी शराब है, जब्त की गई है।

# हवा में गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिसौंधा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की देर रात लोडेड पिस्टल के साथ पकड़े गए दोनों युवक सिसौंधा गांव के रहने वाले हैं। फरार एक आरोपित को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

घटना की जांच करने पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव पांडेय ने बताया कि गुरुवार की देर शाम पुलिस गश्ती पार्टी को सूचना मिली कि सिसौंधा गांव के समीप एक स्विफ्ट डिजायर कार से उस पर सवार कुछ लोगों द्वारा दहशत फैलाने की नीयत से हवाई फायरिंग करते हुए पेट्रोल पंप की तरफ जा रहे हैं।इससे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। यह घटनास्थल स्थानीय थाने से करीब एक किलोमीटर दूर ही है। तत्काल सूचना की सत्यापन करने के लिए पुलिस की गश्ती पार्टी उनकी गाड़ी का पीछा करते हुए पहुंची, तो गाड़ी पर सवार लोग गाड़ी को सड़क किनारे खड़ी कर भागने का प्रयास करने लगे।

इसी दौरान पुलिस के जवानों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। इस दौरान एक आरोपित अभिषेक सिंह उर्फ अखिलेश चकमा देकर फरार हो गया, जबकि दो पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

पकड़े गए अपराधियों की तलाशी लेने पर इनके पास से एक लोडेड पिस्टल तथा घटनास्थल से चार खोखे बरामद किए गए। गिरफ्तार युवकों की पहचान बीरेंद्र यादव के पुत्र श्याम कुमार उर्फ लड्डू यादव और अर्जुन सिंह के पुत्र गोलू कुमार के रूप में हुई है। दोनों सिसौंधा के रहने वाले हैं।मामले की जांच की जा रही है तथा गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ जारी है। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपितों में श्याम कुमार उर्फ लड्डू यादव मूल रूप से रोहतास जिले के सासाराम नगर थाना अंतर्गत ग्राम डीलीया का निवासी है।

# बिहार दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. शिल्पा यादव सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा/सारण।** उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार थीम के तहत आयोजित बिहार दिवस-2026 समारोह में शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए सारण जिले की शिक्षिका डॉ. शिल्पा यादव को सम्मानित किया गया।

पटना के गांधी मैदान में बिहार शिक्षा परियोजना, पटना के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के पवेलियन में उनके सराहनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेंद्र द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र एवं मेमोरेंडम देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. शिल्पा यादव, जो उच्च माध्यमिक विद्यालय दिलिया रहीमपुर, रिवीलगंज (सारण) में संस्कृत शिक्षिका हैं, ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ शिक्षण कार्य में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें पूर्व में भी कई बार सम्मानित किया जा चुका है। इस वर्ष बिहार दिवस के अवसर पर बिहार शिक्षा परियोजना के निदेशक नवीन कुमार (आईएएस) द्वारा प्रदेश भर से लगभग 200 शिक्षकों/शिक्षिकाओं का चयन किया गया था, जिनमें डॉ. शिल्पा यादव भी शामिल रहीं। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत उपलब्धि का प्रतीक है, बल्कि सारण जिले के लिए भी गौरव की बात है।

# जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष पर हुए हमले के मामले में दो धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में बिहिया के जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुशवाहा पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपितों के पास से एक देसी पिस्टल, पांच कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई विशेष छापेमारी अभियान चलाकर की गई। इसकी जानकारी एसपी राज ने दी। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रेपुरा टोला, नेऊर पोखर (थाना जगदीशपुर) निवासी राजा कुमार तथा वार्ड संख्या-09, बिहिया (थाना बिहिया) निवासी सूरज राज के रूप में हुई है।

इससे पूर्व भी पुलिस ने इस कांड में संलिप्त एक अन्य आरोपित को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने यह बड़ी कार्रवाई की है। गौरतलब है कि छह दिसंबर 2025 की दोपहर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के



शिवगंज टोला निवासी जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह उर्फ मनोज कुशवाहा अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात हथियारबंद बदमाश वहां पहुंचे और उन पर फायरिंग कर दी। इस दौरान गोली उनकी जांघ को छूते हुए निकल गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद पीड़ित ने जगदीशपुर थाना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस अनुसंधान के दौरान एक विधि-विरुद्ध बालक का नाम भी सामने आया था। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर मामले की आगे की जांच में जुटी है।

# फर्जी माइक्रो फाइनेंस के नाम पर ग्रामीण महिलाओं से करोड़ों की ठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले से एक बड़ी ठगी का मामला सामने आया है, जहां माइक्रो फाइनेंस कंपनी ने महिलाओं को लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये ठग लिए। पैसे लेने के बाद कंपनी के सभी कर्मचारी रातों-रात फरार हो गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

दरभंगा जिले के बिरौल प्रखंड में माइक्रो फाइनेंस कंपनी के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। महिलाओं ने बताया कि अस्मिता माइक्रो फाइनेंस नाम की कंपनी ने मात्र आठ दिनों के अंदर गांव की 500 से अधिक महिलाओं से करीब दो करोड़ रुपये वसूल लिए और फरार हो गई। कंपनी ने महिलाओं को दो लाख रुपये का लोन दिलाने का वादा किया था। इसके बदले हर महिला से पांच-पांच हजार रुपये पहले जमा करवाए गए। सभी महिलाओं से कहा गया था कि 26 मार्च को उनके खाते में लोन की रकम भेज दी जाएगी।

जब तय तारीख पर महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आया, तो वे कंपनी के कार्यालय पहुंचीं। वहां पहुंचने पर देखा कि दफ्तर में ताला लटका हुआ है और कोई कर्मचारी मौजूद नहीं है। इसके बाद गुस्साई महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। पीड़ित

## महिलाओं ने काटा बवाल, जांच पड़ताल जारी

महिलाओं ने बताया कि सुपौल बाजार की खोरागाछी रोड पर मुजफ्फरपुर के रहने वाले राहुल सिंह नाम के व्यक्ति ने 18 मार्च को कंपनी का दफ्तर खोला था। कंपनी की ओर से आकर्षक योजनाओं का प्रचार किया गया और महिलाओं को भरोसा दिलाया गया कि 26 मार्च को उनके खाते में दो लाख रुपये भेज दिए जाएंगे।

इस झांसे में आकर गौड़ाबौराम के पलवा की गुड़िया देवी, बहेड़ी थाना क्षेत्र के लोरिक धाम की पूनम देवी और रामदेव देवी, कुशेश्वरस्थान के हिरणी की मीना देवी, पूर्वी के चिगरी की पूनम और अलीनगर के श्यामपुर की रधिया देवी समेत जिले के अलग-अलग प्रखंडों की सैकड़ों महिलाओं ने पैसे जमा कर दिए। कंपनी के कर्मचारी 25 मार्च की रात तक गांव-गांव जाकर पैसे वसूलते रहे, ताकि लोगों को किसी तरह का शक न हो। इसके बाद सभी कर्मचारी अचानक गायब हो गए।इस मामले में बिरौल थानाध्यक्ष चन्द्रमणी ने बताया कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी का दफ्तर बंद होने और संचालक के फरार होने की जानकारी मिली है। सभी पीड़ित महिलाओं को थाने में आवेदन देने को कहा गया है। आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल कंपनी के सभी कर्मचारी दफ्तर में ताला लगाकर फरार हैं और उनके मोबाइल फोन भी बंद आ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## लोहे का पाइप गिरने से महिला की मौत

**नगरनौसा(नालंदा)।** चंडी थाना क्षेत्र के चिस्तीपुर निवासी एक महिला के ऊपर लोहे का पाइप गिरने से उसकी मौत हो गई। गोरायपुर पंचायत के मुखिया पति सुमन शरण ने बताया कि चिस्तीपुर गांव में रहने वाली रुकेश राम की 30 वर्षीय पत्नी रूपा देवी खलिहान में काम कर रही थी। अचानक मौसम बदला और तेज आंधी आ गई ।इसी के चलते रुपा देवी घर जाने लगी। घर जाने के दौरान किसी दूसरे के घर का लोहे का पाइप उड़ कर उनके ऊपर गिर गई। आनन फानन में पीएचसी नगरनौसा में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। मृतक के पति हैदराबाद रहकर काम करता है।

# नशा से मना करने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव में एक युवक को नशा करने से रोकना भारी पड़ गया। जानकारी के अनुसार, मृतक युवक की पहचान रोशन कुमार (पिता - जमुना मंडल) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि 23 मार्च की शाम करीब 7 बजे रोशन कुमार के घर के सामने कुछ लोग नशा कर रहे थे। इसका विरोध करने पर आरोपी रोहित कुमार, आशीष कुमार, गुलजारी कुमार और किसलय कुमार 7 से 8 अन्य युवक ने मिलकर रोशन कुमार की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल अवस्था में परिजनों द्वारा उसे तुरंत भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक रोशन कुमार की शादी 8 मई वर्ष 2025 में हुई थी और उसकी पत्नी 6 महीने की गर्भवती है। परिवार में वह चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था।

## पुलिस प्रशासन पर उठ रहे सवाल, लोगों में रोष


घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

इस मामले ने लोगों को हैरानी में डाल दिया है, क्योंकि एक ओर सरकारें नशा मुक्ति अभियान चला रही हैं। धूम्रपान पर रोक लगाने के लिए कई सामाजिक संस्थाएं काम कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर मथुरापुर गांव की घटना ने सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर काम करने वाले लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। क्या नशेड़ियों के अंदर कानून का डर और खौफ नहीं है? फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले को लेकर गंभीर है और आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

# रामनवमी के अवसर पर दीप महायज्ञ का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर** । रामनवमी के अवसर पर दीप महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। प्रखंड अंतर्गत बल्लीपुर पंचायत के राम जानकी मंदिर परिसर बहादुरपुर के प्रांगण में शुक्रवार को शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। दीप महायज्ञ के कर्मकांडी टीम प्रमुख पूर्व ट्रस्टी सह दरभंगा उप जोन समन्वयक मीनाक्षी वर्मा, आचार्य नंदलाल ठाकुर, पूर्व समन्वयक अनीता दीदी, के टीम के द्वारा मुख्य यजमान भवन निर्माण विभाग पटना के सचिव ललित कुमार सिंह, पत्नी अनीता सिंह को मंत्रोच्चारण के साथ ही दीप महायज्ञ का पूजा अर्चना कराया गया। उप जोन समन्वयक मीनाक्षी वर्मा ने अपने उद्बोधन में युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का विचार रखते हुए संदेश दिया कि हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा होने जा रहा है। परिवर्तन की वेला में अभी इस परिवर्तन की बेला में एक ओर सृजन है और दूसरी ओर विध्वंस है। इस संधि की बेला में हमारे ऋषियों का विचार जब तक घर-घर गांव गांव तक नहीं पहुंचेगा और ऋषियों के विचार पर हम अपना चिंतन गुरु को श्रेष्ठ नहीं बनाएंगे तो आने वाले समय में पूरे राष्ट्र का भविष्य कू संस्कारों से भरा पड़ा दिखेगा। उन्होंने कहा आज के समय में हम सभी को ऋषियों के बनाए नियम पर चलना आवश्यक है हम ईश्वर को सर्वव्यापी न्यायकारी मानकर



उसके अनुशासन को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें क्योंकि संस्कार ही विश्व को विनाश से बचा सकता है और हमें भी श्रेष्ठ बनाएगा तब मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण होगा और मानव जाति का कल्याण होगा। आओ गढे.संस्कार वान पीढ़ी अभियान से जुड़कर हर घर में संस्कारों की परंपरा फिर से शुरू करना चाहिए। मौके पर दिलीप कुमार सिंह, नीलम देवी,संजू देवी, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, ए सी राम पुकार सिंहा,राम कृष्ण सिंह, देव नारायण सिंह, डा रामा कांत सिंह, डा हेमंत कुमार, प्रो कुन्देश्वर सिंह, अरविंद कुमार, जयंत चौधरी, रमेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया।

# ट्रैक्टर की ठोकर से महिला की गयी जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के बदल बिगहा गांव के समीप ट्रैक्टर ने बाइक में ठोकर मारने से बाइक पर पीछे बैठी महिला की मौत हो गयी। जबकि बाइक चला रहा युवक घायल हो गया।मृतक करायपशुराय थाना के मेढना गांव निवासी कृष्ण पासवान की 54 वर्षीय पत्नी गीता देवी है।जबकि बेटा रामजी कुमार घायल हो गया।घटना के सबन्ध में मृतक के परीजन ने बताया कि मृतक अपने पुत्र के साथ नगरनौसा से करायपशुराय के मेढना गांव से जा रहा था।बदल विगहा गांव के समीप अचानक आयी आंधी से बाइक के पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे बाइक के पीछे बैठी महिला गिरने से मौत हो गयी। वहीं बाइक सवार पुत्र घायल हो गया। मौत की सूचना मिलते ही नगरनौसा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम करवाई में जुटी है।

# शराबी पति को बेटे के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

## बालू के नीचे से शव बरामद, पत्नी सहित पांच गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** चरकापत्थर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक अधेड़ की हत्या उसके अपने ही घर में कर दी गई और शव को दफनाकर छिपा दिया गया।

शुक्रवार को लिपटवा घाट से शव बरामद होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान असरहुआ निवासी प्रकाश यादव (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में पत्नी, बेटे समेत पांच लोगों को आरोपित बनाया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति की हत्या कर शव को लिपटवा घाट में दफना दिया गया है।

इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बालू की खोदाई कर शव बरामद किया।

घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम ने भी जांच कर साक्ष्य जुटाए। इधर, पुलिस के प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रकाश शराब का आदी था और नशे में अक्सर घर में विवाद करता था। वह पत्नी व अन्य स्वजनों के साथ मारपीट करता था, जिससे परिवार के लोग परेशान थे।

करीब दस दिन पहले नशे में उसने पत्नी के साथ बुरी तरह मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गई थी। इसी से आक्रोशित होकर बेटे अविनाश यादव ने मां और अन्य स्वजनों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

हत्या के बाद आरोपितों ने साजिश के तहत शव को लिपटवा घाट में ले जाकर बालू के नीचे दफना दिया ताकि किसी को भनक न लगे। शव दफनाने के बाद पत्नी रेखा देवी झाझा थाना क्षेत्र के रजला स्थित अपने मायके चली गई।

वहीं, आरोपित बेटा अविनाश फरार हो गया। मामले में पुलिस ने पत्नी रेखा देवी, इंद्रदेव यादव, योगेंद्र यादव और अवधेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपित पुत्र अविनाश यादव फरार है।

## छात्रा की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ।** हरनौत में शुक्रवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना हुई। थाना से महज 300 मीटर दूर एक किराये के मकान में हत्या की वारदात हुई। 16 वर्षीय छात्रा काजल कुमारी को गोली मार दी गई। वघटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोग दहशत में हैं और पुलिस जांच में जुटी है। मामला हाई प्रोफाइल बनता जा रहा है।

काजल कुमारी आरपीएस हरनौत में 11वीं की छात्रा थी। वह मूल रूप से बख्तियारपुर के लक्ष्मणपुर की रहने वाली थी। पिता वशिष्ठ नारायण अहमदाबाद में रेलवे में कार्यरत हैं। काजल मां, बहन और भाई के साथ किराये के मकान में रहती थी। घटना के समय वह घर में अकेली थी। परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। मकान मालिक के अनुसार, काजल सुबह करीब छह बजे लौटी थी। उसने दरवाजा खुलवाया और कमरे में चली गई। काजल ने बताया कि रामनवमी पर सफाई के लिए आई है। करीब पौने दस बजे अचानक आवाज सुनाई दी। जब कमरे में देखा गया तो खून से सना दृश्य मिला। काजल का शव कुर्सी पर पड़ा था और पास में हथियार मिला। घटनास्थल से पुलिस ने एक देसी कट्टा बरामद किया है। काजल के सिर में गोली मारी गई थी। कमरे में चारों तरफ खून के छींटे थे। दरवाजा अंदर से बंद नहीं बल्कि भिड़ा हुआ था। इससे हत्या के बाद आरोपी के निकलने की आशंका है। वारदात बेहद सुनियोजित लग रही है।

# जर्जर पीपा पुल दे रहा हादसे को आमंत्रण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** प्रखंड अंतर्गत महुली घाट सिताब दियारा पीपा पुल की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन करने वाले लोगों के लिए खतरा बढ़ गया है।

महुली घाट से खवासपुर को जोड़ने वाले इस पीपा पुल में सैकड़ों स्थानों पर नट-बोल्ट खुले हुए हैं, जबकि कई जगहों पर लोहे की प्लेटें बिना मजबूती के रखी गई हैं, जो किसी बड़ी घटना को आमंत्रित कर रही हैं।

पूरे पुल पर बनी रेलिंग में दर्जनों जगह गैप है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीण रघुनंदन यादव ने बताया कि यदि लोग सतर्क नहीं रहें, तो गैप के कारण गंगा नदी में गिरने की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीण बद्रीनारायण यादव ने बताया कि पुल की स्थिति इतनी खराब है कि नियमानुसार चार पहिया वाहन पार कराने में भी हादसे का डर बना

## प्रशासन बेखबर, मरम्मति की मांग

रहता है।

ग्रामीण अनिल कुमार ने बताया कि पीपा पुल के दोनों ओर ईंट सोलिंग का कार्य होना था।

महुली घाट की ओर ईट सोलिंग दिख रहा है, लेकिन खवासपुर की ओर यह कार्य नहीं दिख रहा है। पूरे रास्ते में बालू भरा हुआ है, जिससे बाइक और साइकिल चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

दर्जनों ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब पीपा पुल की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी संभावित हादसे को रोका जा सके। इस संबंध में जानकारी के लिए पुल निर्माण निगम के पदाधिकारी खुर्शीद आलम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# तीन लड़कियां गंगा में डूबीं, एक की मौत, दो की तलाश जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के देसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी घाट पर रामनवमी के मौके पर गंगा नदी में नहाने के दौरान तीन लड़की डूब गई, जिसमें एक की मौत हो गई। जबकि दो लड़की की खोजबीन की जा रही है।

मौत की सूचना पर गांव में कोहराम मच गया। स्वजन का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक बरियारपुर निवासी रिठठू राय की पुत्री सीमा कुमारी बताई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार वाले घटनास्थल पहुंच गए।

घटना की जानकारी स्थानीय थाना की पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी एसडीआरएफ टीम को दी। मिली जानकारी के अनुसार रामनवमी पूजा के मौके पर



स्थानीय लोग गंगा नदी में स्नान करने के लिए गए थे।

गंगा नदी में स्नान करने के दौरान अचानक गहराई अधिक होने के कारण सभी लड़की संतुलन खो बैठी और डूबने लगी। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा तुरंत एक लड़की को बाहर निकल गया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस एवं स्थानीय गोताखोर। स्थानीय गोताखोर की मदद से डूबे लकड़ी की खोजबीन की जा रही है।

# घरेलू गैस की घोर किल्लत से जूझ रहे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** नबीनगर में घरेलू गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान है।घरेलू गैस सिलेंडर का हालात नबीनगर में सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। रात दस बजे से ही उपभोक्ता पर्ची कटाने के लिए तान्या गैस एजेंसी के कार्यालय के बाहर एवं सिलेंडर लेने के लिए गोदाम के बाहर अपना अपना सिलेंडर रखकर पूरी रात नंबर लगाकर गैस सिलेंडर लेने का इंतजार कर रहे हैं।

गैस लेने के लिए गैस गोदाम के बाहर खड़े उपभोक्ता अजय कुमार सिंह, कल्लू पाठक, संदेश कुमार, राजा कुमार, दीपक कुमार, मिक्की कुमार, कल्लू चंद्रवंशी, रविंद्र कुमार सिंह, गौतम कुमार सिंह समेत कई उपभोक्ता होने बताया कि हम लोग कल रात दस बजे से ही गैस गोदाम के बाहर नंबर लगा कर खड़े है लेकिन 12:00 बजने वाला है अभी तक हम लोगों का नंबर नहीं आया है।उपभोक्ताओं ने बताया कि नबीनगर में होटल संचालक एवं ठेला पर फास्ट फूड बेचने वाले लोग भारी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर का उठाव कर रहे हैं उन लोगों के द्वारा प्रतिदिन नंबर लगाकर सिलेंडर का उठाव किया जा रहा है। गैस गोदाम के कर्मचारियों के द्वारा उपभोक्ताओं की भारी भीड़ को देखते हुए गैस का वितरण नहीं किया जा रहा था।पुलिस प्रशासन के गैस गोदाम के बाहर पहुंचने के बाद गैस एजेंसी के कर्मचारियों के द्वारा गैस का वितरण किया जा रहा था।

गैस गोदाम पर पुलिस प्रशासन के द्वारा गैस लेने के लिए खड़े लोगों को लाइन लगवाया जा रहा था। गैस लेने के लिए गैस एजेंसी के बाहर लगभग 1 किलोमीटर तक लंबी लाइन लगी हुई थी। उसमें भी उपभोक्ता आपस में ही उलझ जा रहे थे। लोगों का कहना था कि लाइन में बीच में लोग घुसकर गैस लेने का प्रयास कर रहे हैं जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

CMYK

# 700 करोड़ की अतिरिक्त स्वीकृति से दरभंगा एम्स को मिली नई गति : संजय सरावगी

## दरभंगा एम्स की सभी बाधाएं समाप्त, अब तेजी से होगा निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्र सरकार के दरभंगा एम्स के लिए पूर्व में स्वीकृत 1264 करोड़ रुपये के अतिरिक्त 700 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति प्रदान करने पर बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रसन्नता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने बताया कि 25 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दरभंगा एम्स के लिए पूर्व में स्वीकृत 1264 करोड़ रुपये के अतिरिक्त 700 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक एवं



जनहितकारी निर्णय बताते हुए इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा को भी धन्यवाद देते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना को नई गति और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सरकार दरभंगा एम्स के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

भारतीय जनता पार्टी, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि यह निर्णय बिहार, विशेषकर मिथिला क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। लंबे समय से प्रतीक्षित दरभंगा एम्स के निर्माण में जो भी बाधाएं आ रही थीं, अब वे पूरी तरह समाप्त होंगी। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त वित्तीय स्वीकृति मिलने से निर्माण कार्य में तेजी आएगी और यह प्रतिष्ठित संस्थान शीघ्र ही बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि इस राशि से दरभंगा एम्स के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा और लोगों का एक बड़ा सपना साकार होगा। उन्होंने आगे कहा कि दरभंगा एम्स के निर्माण से न केवल बिहार बल्कि पड़ोसी राज्यों के लाखों लोगों को उच्च स्तरीय एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह संस्थान आधुनिक चिकित्सा, शोध एवं प्रशिक्षण का एक प्रमुख केंद्र बनेगा जिससे क्षेत्रीय स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बिहार में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए लगातार ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। दरभंगा एम्स के लिए अतिरिक्त राशि की स्वीकृति इसी संकल्प का प्रमाण है कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर चलते हुए देश के हर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय न केवल विकास की नई दिशा तय करेगा, बल्कि बिहार के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव भी रखेगा। उन्होंने दरभंगा एम्स को मिली अतिरिक्त राशि के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को भी धन्यवाद देते हुए आभार जताया।

# रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री एवं नितिन नवीन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रामनवमी के अवसर पर पटना के डाकबंगला चौराहा पर श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनन्दन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने शोभा यात्रा का स्वागत कर आरती की तथा उन्हें प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी उपस्थित जन-समुदाय का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया और श्री रामनवमी की राज्यवासियों को शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, विधायक श्याम रजक, विधायक चेतन आनंद, विधायक रूहैल रंजन, विधान पार्षद संजय मयूख सहित आयोजन समिति के सदस्यगण, सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत अंगवस्त्र भेंटकर किया। इस अवसर पर जदयू नेता निशांत कुमार भी मौजूद थे।

# तेल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी से आम जनता को बड़ी राहतः डॉ संतोष कुमार सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पेट्रोल और डीजल पर 10 की एक्साइज ड्यूटी में कमी का केंद्र सरकार का निर्णय आम जनता को बड़ी राहत देने वाला कदम है। इससे डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी नहीं होगी और महंगाई पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। इस संबंध में डॉ संतोष कुमार सुमन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सह लघु जल संसाधन मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने समय-समय पर आम जनता को राहत देने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। डॉ सुमन ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अंतरराष्ट्रीय संकटों के बावजूद यह सुनिश्चित किया गया है कि आम जनता पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। यह निर्णय न केवल आम आदमी की जेब को राहत देगा, बल्कि कृषि, परिवहन और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। उन्होंने आगे कहा कि जब नेतृत्व में दूरदर्शिता हो, निर्णय में जनहित हो और इरादों में राष्ट्रहित हो, तब वैश्विक संकट भी देश की प्रगति को रोक नहीं पाते। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।

# सम्राट अशोक की 2370 वीं जयंती में शामिल हुए हजारों लोग

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने महान सम्राट अशोक के शासन काल को बताया स्वर्ण युग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) के तत्वावधान में महान सम्राट अशोक की 2370वीं जयंती समारोह, सम्राट अशोक रत्न अवार्ड सह भव्य रथ यात्रा रविन्द्र भवन, वीरचंद पटेल पथ, पटना में आयोजन किया गया। रथ यात्रा का शुभारंभ बुद्ध परम्परा के अनुसार बौद्ध भिक्खु प्रज्ञादीप एवं उमेश सिंह कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष, जदयू सह विधायक महनार के द्वारा किया गया। जयंती समारोह का उद्घाटन सम्राट चौधरी उप-मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री, बिहार सरकार के द्वारा महान सम्राट अशोक के तैल चित्र पर



मल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा, विधायक सतना (मध्य प्रदेश), भगवान सिंह कुशवाहा पूर्व मंत्री सह विधायक, जयन्त राज कुशवाहा पूर्व मंत्री सह विधायक, रामेश्वर कुमार महतो, विधायक, गुरूदयाल सिंह सैनी, पूर्व सांसद कुरूक्षेत्र (हरियाणा), श्रीपाल सैनी, मदन कुशवाहा, मोती बाबा फुले, हरजीत सिंह लौंगिया, विनोद सैनी, तरुण सैनी समेत कई माननीय, गणमान्य अतिथि एवं संगठन के हजारों पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागमणि कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत), मंच संचालन राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. मुकेश कुमार एवं स्वागत प्रदेश अध्यक्ष, बिहार हरिओम कुशवाहा ने किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती मनाने का मूल उद्देश्य फिर से अखण्ड भारत का निर्माण एवं विश्व के आम नागरिकों के बीच आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना है। श्री कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक के रास्ते से भटकने के कारण ही भारत गुलाम एवं खण्ड-खण्ड हुआ। आज जागृति आ रही है।

# हीट वेब अलर्ट, 11 से 3:30 बजे तक कम चलेंगी बसें

## यात्रियों की सुरक्षा पहले, लू के दौरान सीमित होगा बस परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में बढ़ती भीषण गर्मी और लू की संभावना को देखते हुए परिवहन विभाग ने सार्वजनिक परिवहन को नियंत्रित करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। आने वाले दिनों में विभाग यात्रियों और चालकों दोनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लू के दौरान सार्वजनिक परिचालन को सुदृढ़ करेगा। सुबह 11 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक सार्वजनिक वाहनों के परिचालन को कम किया जाएगा। इसका उद्देश्य यात्रियों और चालकों को तेज धूप और गर्मी से बचाना है। इस दौरान केवल आवश्यक स्थिति में सीमित वाहन ही चलाने का आदेश दिया जाएगा। भीषण गर्मी में बदला परिवहन सिस्टम- विभाग सभी बसों में पेयजल, ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) और इमरजेंसी स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार किट की अनिवार्यता सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा विभाग ने सभी बस स्टैंड पर पेयजल एवं पंखे की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यात्रियों और चालकों को गर्मी से राहत मिल सके।

# नितिन नवीन ने श्री श्री राम नवमी शोभा यात्रा का किया पूजन एवं अभिनंदन

## प्रभुश्रीराम मर्यादा और आदर्शों के सर्वोच्च प्रतीक : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने श्री रामनवमी के पावन अवसर पर बिहार के पटना स्थित डाकबंगला चौराहे पर आयोजित श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति के भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ मंत्री तथा एनडीए के नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु उत्साह और श्रद्धा के साथ उपस्थित रहे जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय और उत्सवपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान कंकड़बाग और कदमकुआं जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आई आकर्षक झांकियों का भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विधिवत आरती उतारकर स्वागत किया गया। प्रभु श्रीराम की भक्ति के भाव में सराबोर होकर स्वयं नितिन नवीन ने स्वयं मंच का संचालन किया। मंच से 'जय श्री राम' के जयघोष के बीच कलाकारों ने भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान जी के स्वरूपों पर आधारित मनोहारी झांकियों की प्रस्तुति दी जिसने उपस्थित जनसमूह को गहरे आध्यात्मिक भाव से जोड़ दिया। साथ ही प्रसिद्ध कलाकारों ने अपने सुरों से भक्ति भाव की ऐसी छटा बनाई कि सब मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर नितिन नवीन ने कहा कि प्रभु श्रीराम केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा और आदर्शों के सर्वोच्च प्रतीक हैं। रामनवमी का यह पावन अवसर समाज को एकजुटता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का संदेश देता है। सभी को प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए और देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना चाहिए।

# बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने देश और प्रदेशवासियों को दी रामनवमी की शुभकामनाएं

## केंद्र सरकार का एक्साइज ड्यूटी को लेकर लिया गया फैसला स्वागतयोग्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व को लेकर प्रदेशवासियों और देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस रामनवमी पर्व के पावन मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर भी पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रामनवमी के मौके पर महावीर मंदिर में पवनसुत हनुमान जी के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रभु से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे और हमारा प्रदेश एवं देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहे, यही कामना है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम मर्यादा, धर्म और सत्य के प्रतीक हैं। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, त्याग, कर्तव्य और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस पावन अवसर पर प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि वे आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सफलता का संचार करें। भगवान श्रीराम का आदर्श चरित्र हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इस पावन पर्व के मौके पर केंद्र सरकार ने देशवासियों को बड़ा तोहफा भी दिया है। केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया में संकट के बीच पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपये से घटाकर 3 रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल पर 10 रुपये की ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

# रामनवमी पर डॉ. आनंद रंजन झा की प्रेरणादायक जीवन गाथा प्रस्तुत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जंदाहा / वैशाली।** रामनवमी के पावन अवसर पर जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी द्वारा एक विशेष प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें संस्थान के संचालक एवं प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा की संघर्षपूर्ण एवं प्रेरणादायक जीवन यात्रा को समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया कि भगवान श्रीराम के आदर्श–त्याग, मर्यादा, धैर्य और संघर्ष आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। इन्हीं आदर्शों को आत्मसात करते हुए डॉ. झा ने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया और निरंतर प्रयास के बल पर सफलता की ऊंचाइयों



को प्राप्त किया। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले डॉ. झा ने अपने जीवन की शुरुआत सीमित संसाधनों के बीच की। आर्थिक कठिनाइयों और सामाजिक बाधाओं के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा साधन बनाया। कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने न केवल स्वयं को स्थापित किया बल्कि समाज के युवाओं के लिए भी नई राह तैयार की। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के माध्यम से अब तक हजारों छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। यह संस्थान आज वैशाली जिले में युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। इस अवसर पर डॉ. झा ने कहा रामनवमी हमें यह सिखाती है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयां आएं, यदि हम धैर्य, अनुशासन और परिश्रम का मार्ग नहीं छोड़ते तो सफलता निश्चित है।

# रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल भक्तों के सेवार्थ लगाया गया स्टॉल

## ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने की भगवान श्रीराम की आरती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** शहर के डीटी रोड स्थित बाल हिन्दी पुस्तकालय के समीप शुक्रवार को नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल भक्तों के स्वागत में स्टॉल लगाया गया जहां राम भक्तों को पेठा, गुड़ व बुंदिया से निर्मित लड्डू, गुल्कोन -डी तथा शुद्ध जल का वितरण किया गया। इस मौके पर नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने रथ पर सवार प्रभु श्रीराम की आरती की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के मौके पर रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाती है। इस शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए,



यह हमारे शहर आरा के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि राम भक्त संयमित तरीके से अपनी-अपनी झांकी को लेकर निकले। आज नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा राम भक्तों के बीच पेठा, गुड़ व बुंदिया से निर्मित लड्डू तथा शुद्ध पानी का बोतल वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि नगर रामलीला समिति ट्रस्ट आगे भी कई तरह के धार्मिक व सामाजिक कार्य में अपनी सहभागिता निभाएगा। इस अवसर पर नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के सचिव विष्णु शंकर, कोषाध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह, ट्रस्टी राम कुमार सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, अखिलेश्वर प्रसाद, हरखेन कुमार सिंह, देवदत्त सिंह, संजीव सिन्हा, पप्पू सिंह, अविनाश प्रसाद, (रि.डीएसपी), सुजीत कुमार सिंह, राकेश कुमार 'धन्नू', अमित कुमार 'भोलू' समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पेटीएम ने बिहार इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के साथ साझेदारी की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत की अग्रणी मर्चेंट पेमेंट्स और वित्तीय सेवाओं की वितरण कंपनी पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड), जो एमएसएमइ और बड़े उद्यमों को सेवाएं प्रदान करती है तथा मोबाइल पेमेंट्स, क्यूआर कोड और साउंडबॉक्स की अग्रणी कंपनी ने समृद्ध बिहार कॉन्क्लेव 2026 के दौरान बिहार इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के साथ एक लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। यह लेटर ऑफ इंटेंट, बिहार इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से जनरल सेक्रेटरी अमरेश मिश्रा और पेटीएम की पब्लिक सेक्टर बिजनेस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अभय शर्मा द्वारा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री एवं बिहार इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक चिराग पासवान की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया।

# राजगीर से वाल्मीकि तक, नेचर लवर्स की नई फेवरेट जगह बिहार

## राजगीर, वाल्मीकि, ककोलत, कांवर झील जैसे स्थल बन रहे आकर्षण का केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार अब इको टूरिज्म के क्षेत्र में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर ये स्थल पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं और आने वाले समय में बिहार देश के प्रमुख इको टूरिज्म गंतव्यों में शामिल हो सकता है। राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित वन्यजीव अभ्यारण्य, झील, जलप्रपात, पहाड़ और बांध अब इको टूरिज्म के प्रमुख केंद्र बनते जा रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से इन इको टूरिज्म स्थलों पर आधारभूत संरचना, सड़क, आवास और अन्य सुविधाओं का लगातार विकास किया जा रहा है। पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व राज्य का प्रमुख इको टूरिज्म स्थल है। लगभग 901 वर्ग किलोमीटर में फैले इस वन क्षेत्र में बंगाल टाइगर, तेंदुआ, भालू, हिरण, नीलगाय सहित 250 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं। इसके अलावा अमवा मन झील और उदयपुर वन्यजीव अभ्यारण्य भी प्राकृतिक सुंदरता और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। भागलपुर का विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभ्यारण्य गंगा डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है जहां पर्यटक डॉल्फिन को प्राकृतिक आवास में देख सकते हैं। वहीं मुंगेर का भीमबांध वन्यजीव अभ्यारण्य अपने घने जंगल, पहाड़ियों और वन्यजीवों के लिए जाना जाता है। नालंदा जिले का राजगीर नेचर सफारी और जू सफारी तथा घोड़ा कटोरा झील पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। राजगीर में देश का पहला ग्लास स्काई वॉक भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। नवादा का ककोलत जलप्रपात, रोहतास के तुतला भवानी जलप्रपात, मांझर कुंड, धुआं कुंड और इंद्रपुरी बैराज भी प्राकृतिक पर्यटन के महत्वपूर्ण स्थल हैं। जमुई जिले के नागी-नकटी पक्षी अभ्यारण्य, गढ़ी बांध, बांका का ओढ़नी बांध, कैमूर का कैमूर वन्यजीव अभ्यारण्य, तेलहर कुंड और करकटगढ़ जलप्रपात इको टूरिज्म के रूप में तेजी से विकसित हो रहे हैं। बेगूसराय की कांवर झील और दरभंगा का कुशेश्वर स्थान पक्षी अभ्यारण्य प्रवासी पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है जहां सर्दियों में बड़ी संख्या में दूर देशों से हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर प्रवासी पक्षी आते हैं।

# पंचरूपी हनुमान मंदिर में रामनवमी पर देर रात से शाम तक लगी रही भक्तों की कतार

## जदयू नेता निशांत कुमार, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोगों ने किया दर्शन पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव पर आयोजित रामनवमी के मौके पर पंच रूपी हनुमान मंदिर राजवंशीनगर बेली रोड पटना में भव्य पूजा अर्चना की गयी। इस मौके प्रेस जदयू नेता निशांत कुमार, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, जदयू विधान पार्षद संजय गांधी, जदयू महासचिव अनिल कुमार, वासुदेव कुशवाहा, कांग्रेस नेता रौशन सिंह सहित कई गणमान्य लोगों दर्शन पूजा किया। इस संबंध में मंदिर न्यास के अध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि मंदिर का शुक्रवार को एक बजे रात्रि में खोला गया। लगभग एक घंटे के आंतरिक पूजा अर्चना के बाद



रात्रि के तीन बजे से मंदिर का पट आमभक्तों के खोल दिया गया जहां लगभग डेढ़ लाख से अधिक की संख्या में भक्तों ने कलियुग के देवता हनुमान जी का दर्शन पूजा किया। मंदिर में रामनवमी आयोजन समिति के संयोजक एवं मंदिर न्यास समिति के सचिव मोहित प्रकाश ने बताया कि मंदिर के सजावट व लाइटिंग के लिए कोलकाता से कारिगर आये थे जिन्होंने कोलकाता से आये फूलों से मंदिर के सजावट की। कोलकाता से ही मंदिर की साज-सज्जा के लिए लेजर लाइट की व्यवस्था की गयी थी। उन्होंने कहा कि मंदिर पर आयोजन समिति के सदस्यों व जिला प्रशासन के सहयोग से अतुलनीय व्यवस्था की गयी थी जिसका भक्तों ने सराहना की। उन्होंने कहा कि मंदिर के बाहर भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि लगभग 10 क्विंटल नैवेद्यम और लाभग 11 क्विंटल सामान्य लड्डू भगवान को चढ़ाए। उन्होंने बताया कि मंदिर में आने वाले पुरुष भक्तों की कतार सचिवालय के पास से व महिला भक्तों की कतार पटेल नगर काली मंदिर से आरंभ हो रही थी जहां भक्तों के लिए की व्यवस्था रास्ते में की गयी थी। सभी पुजारी मंदिर में शिफ्ट वाइज भक्तों की पूजा अर्चना करा रहे थे। मंदिर न्यास समिति के सदस्य सह मीडिया समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि शुक्रवार के दिन के बारह बजे भगवान राम के जन्म के बाद छप्पण भोग से भगवान को अर्पण किया गया।

# रामनवमी पर आरण्य देवी के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** चैत नवरात्र के नौंवे दिन शुक्रवार को मां दुर्गा का पूजन करने के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के मंदिर में श्रद्धालु-भक्तों ने पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। रामनवमी को लेकर अहले सुबह करीब दो बजे मां की मंगला आरती की गई। इसके बाद देवी दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए महिला-पुरुष श्रद्धालु-भक्तों का जनसैलाब उमड़ पडा। लोगों को देवी दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ा। बावजूद इसके श्रद्धालु भक्ति के साथ मां के दरबार में हाजिरी लगाए। रामनवमी को लेकर मां आरण्य देवी की मूर्ति को आकर्षक ढंग से फूलों से श्रृंगार किया गया था। सुबह में महिला-पुरुष भक्तों की लाइन आरण्य देवी से व्यापार मंडल तक पहुंच गई। यह सिलसिला दोपहर करीब 12 बजे तक चला। माता के मंदिर में सूबे के श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर, संदेश विधायक सह मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष राधाचरण साह, पूर्व विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मत्था टेका। पुनः चार बजे के बाद मंदिर में दर्शन करने वाले एवं दीप जलाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस-प्रशासन की टीम लोगों को कतारबद्ध कराकर मां के दर्शन करा रहे थे। भक्त आरण्य देवी मैया की जय...भैरो भैया की जय....सच्चे दरबार की जय... के जयकारे लगा रहे थे।

# संपादकीय

## हरित दिल्ली' का ब्लूप्रिंट

इस बार दिल्ली के बजट में विकास की संतुलित तस्वीर नजर आती है। इसमें भले ही राष्ट्रीय राजधानी के बाशिंदों को तात्कालिक लाभ वाली घोषणाओं की कमी महसूस हो, लेकिन भविष्य की उम्मीदों को लेकर प्रतिबद्धता साफ दिखती है, जिसमें प्रदूषण जैसे गंभीर मसले की चिंता भी शामिल है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कुल बजट का इक्कीस फीसद हिस्सा पर्यावरण संरक्षण पहल के लिए रखा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए कहा कि यह हरित बजट है।इसमें दोराय नहीं कि सरकार की नीतियों में जनसरोकार की भावना दिखनी चाहिए। इस दृष्टि से देखें, तो सरकार ने इसका विशेष ध्यान रखा है और शिक्षा क्षेत्र के साथ जनस्वास्थ्य सेवाओं को भी प्राथमिकता दी है। शिक्षा पर कुल बजट का अठारह फीसद खर्च करने का निर्णय निस्संदेह सराहनीय कदम है। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तेरह हजार करोड़ से अधिक राशि आबंटित किए जाने से उम्मीद की जा सकती है कि सरकारी अस्पतालों की दशा और दिशा बदलेगी।बजट में नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं देने का संतुलित प्रयास किया गया है। युवा पीढ़ी भविष्य में दिल्ली की जो नई तस्वीर देखना चाहती है, सरकार उसी दिशा में कदम बढ़ाती दिख रही है। आने वाले वर्षों में यहां सार्वजनिक परिवहन का नया रूप सामने होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि वर्ष 2029 तक पूरे परिवहन बेड़े को इलेक्ट्रिक बसों में बदला जाएगा। इसी के साथ दिल्ली की सड़कों की दशा सुधारने की इच्छाशक्ति भी सरकार ने दिखाई है।शहरी विकास के साथ धूलमुक्त सड़कें बनाने के लिए अलग से राशि का आबंटन किया गया है। नई सेमीकंडक्टर नीति की घोषणा से उम्मीद जगी है कि राजधानी में नवउद्यम समेत बुनियादी औद्योगिक ढांचे का सतत विकास होगा। इसके अलावा अटल कैंटीन से जुड़े विश्राम स्थल बनाने की घोषणा से अस्थायी कर्मचारियों को रोजमर्रा की कठिनाइयों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। कुल मिलाकर यह बजट विकासोन्मुख माना जा रहा है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब बजट घोषणाओं पर पूरी तरह अमल किया जाएगा।

*सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। दरअसल, आंध्र प्रदेश के एक धर्मांतरित ईसाई पादरी से जुड़े मामले में आए इस नवीनतम फैसले के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक मायने हैं। इससे हिन्दू समुदाय के दलितों और पिछड़ों को निशाना बनाकर धर्मांतरित करवाये जाने का पूरा खेल ही अब हतोत्साहित हो जाएगा। हालांकि, कांग्रेस व समाजवादी मूल की क्षेत्रीय पार्टियां यदि चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राजनीति भी शुरू कर सकती है कि जब हिन्दू, बौद्ध या सिख बनेंगे तो उनका एससी/ओबीसी स्टेटस बरकरार रहेगा, लेकिन जैन, ईसाई, मुसलमान, पारसी आदि बनने पर नहीं, यह कौन सा खिचड़ी न्यायिक दर्शन हैं, जो हर गतिरोध के बाद एक नया गतिरोध पैदा कर देता है। कहने का तातपर्य यह कि ज्यूडिशियल एंटीबायोटिक पॉवर बढ़ाये बिना सम्बन्धित व्यक्ति या समूह का कल्याण नहीं होने वाला है।*

# धर्म और जाति को लेकर आए 'सुप्रीम आदेश' के राजनीतिक-सामाजिक मायने

(कमलेश पांडे)



कांग्रेस व समाजवादी मूल की क्षेत्रीय पार्टियां यदि चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राजनीति भी शुरू कर सकती है कि जब हिन्दू, बौद्ध या सिख बनेंगे तो उनका एससी/ओबीसी स्टेटस बरकरार रहेगा, लेकिन जैन, ईसाई, मुसलमान, पारसी आदि बनने पर नहीं, यह कौन सा खिचड़ी न्यायिक दर्शन हैं, जो हर गतिरोध के बाद एक नया गतिरोध पैदा कर देता है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। दरअसल, आंध्र प्रदेश के एक धर्मांतरित ईसाई पादरी से जुड़े मामले में आए इस नवीनतम फैसले के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक मायने हैं। इससे हिन्दू समुदाय के दलितों और पिछड़ों को निशाना बनाकर धर्मांतरित करवाये जाने का पूरा खेल ही अब हतोत्साहित हो जाएगा।

हालांकि, कांग्रेस व समाजवादी मूल की क्षेत्रीय पार्टियां यदि चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राजनीति भी शुरू कर सकती है कि जब हिन्दू, बौद्ध या सिख बनेंगे तो उनका एससी/ओबीसी स्टेटस बरकरार रहेगा, लेकिन जैन, ईसाई, मुसलमान, पारसी आदि बनने पर नहीं, यह कौन सा खिचड़ी न्यायिक दर्शन हैं, जो हर गतिरोध के बाद एक नया गतिरोध पैदा कर देता है। कहने का तातपर्य यह कि ज्यूडिशियल एंटीबायोटिक पॉवर बढ़ाये बिना सम्बन्धित व्यक्ति या समूह का कल्याण नहीं होने वाला है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने गत 23-24 मार्च 2026 को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म (जैसे ईसाई, इस्लाम आदि) में परिवर्तन करने पर अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। इस आदेश से एससी/एसटी आरक्षण लाभ और अत्याचार निवारण अधिनियम का संरक्षण खत्म हो जाता है। दरअसल, यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के आदेश पर आधारित है, जहां एक ईसाई पादरी को एससी/एसटी एक्ट के तहत संरक्षण से वंचित किया गया। क्योंकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसूचित जाति आदेश 1950 के अनुसार केवल निर्दिष्ट धर्मों के अनुयायी ही एससी लाभ ले सकते हैं। ईसाई या इस्लाम अपनाने पर जातिगत पहचान और लाभ दोनों समाप्त हो जाते हैं।

इस फैसले के अहम राजनीतिक मायने हैं। यह फैसला धर्मांतरण पर आधारित आरक्षण दावों को रोक सकता है, जो दक्षिणपंथी दलों के लिए समर्थन बढ़ाएगा। वहीं, अल्पसंख्यक आरक्षण बहस (जैसे दलित ईसाई/मुस्लिम) को प्रभावित कर चुनावी राजनीति में हिंदू एकता पर जोर देगा। राज्य सरकारें ओबीसी/एससी सूचियों की समीक्षा के दबाव में आ सकती हैं। वहीं, इस फैसले के बाद धर्म परिवर्तन और आरक्षण से जुड़ी बहस जोर पकड़ सकती है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के आलोक में फैसला दिया है, लेकिन कुछ मसले ऐसे होते है जहां कानून और जमीनी हकीकत आमने-सामने आ जाते हैं। भारत में जाति एक सच्चाई है, जिसे नहीं बदला जा सकता, लेकिन इससे जुड़ी बुराइयों को खत्म करने की तमाम कोशिश होनी चाहिए। जो राजनीतिक और न्यायिक अदूरदर्शिता वश नहीं हो पा रही है और तरह तरह के संवैधानिक विवाद जन्म ले रहे हैं, जिससे राष्ट्रीय हितों को लगातार धक्का लग रहा है।

जहां तक इस फैसले के सामाजिक प्रभाव की बात है तो धर्म परिवर्तन के बाद एससी/ओबीसी का लाभ न मिलने से सामाजिक न्याय की नीति मजबूत होगी, लेकिन धार्मिक रूपांतरण रोकने या जातिगत अस्मिता पर बहस तेज हो सकती है। चूंकि दलित समुदायों में हिंदू/सिख/बौद्ध रहने का दबाव बढ़ेगा, जबकि ईसाई/मुस्लिम समुदायों में असंतोष उत्पन्न हो सकता है। फिर भी कुल मिलाकर देखा जाए तो यह आरक्षण को ऐतिहासिक अन्याय सुधार तक सीमित रखने की दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम है। इस पर मौजूदा मोदी सरकार के वैचारिक असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह सरकार दलित/ओबीसी हिंदुओं की एकजुटता व समग्र उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

हालांकि देश में जाति से जुड़ा सवाल बहुत टेढ़ा और जटिल है। क्योंकि सामाजिक स्तर पर हमेशा से यह बहस का विषय रहा है कि क्या धर्म बदलने भर से जातिगत भेदभाव खत्म हो जाता है? गाहे बगाहे ऐसे मामले सामने आते रहे है, जिनमें दलित या ओबीसी समुदाय के लोगों को दूसरा धर्म अपनाने के बाद भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है। पिछले साल मार्च में ही तमिलनाडु के कुछ ईसाई परिवारों, जो पहले दलित थे, ने आरोप लगाया था कि उनके साथ समान व्यवहार नहीं होता। यहां तक कि कब्रिस्तान में उनके लोगों के शवों को दफनाने के लिए भी अलग जगह है।

उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत के फैसले का आधार संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 है। जिसका क्लॉज 3 कहता है कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म को मानने वाले ही एससी श्रेणी में आ सकते है। धर्म परिवर्तन और जाति से जुड़ी यह बहस बहुत पुरानी है। इसके दो पहलू है। एक, जिन धर्मों में जाति व्यवस्था नही है, उन्हें अपनाकर फिर जाति से जुड़े लाभ कैसे लिए जा सकते है। पिछले साल दिसंबर में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि जिन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया है, उन्होंने अनुसूचित जाति से जुड़े लाभ छोड़ दिए हों।

तब हाईकोर्ट ने कहा था कि धर्म परिवर्तन के बाद भी अनुसूचित जाति समुदाय को मिलने वाले फायदे लेते रहना संविधान के साथ धोखा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पास इस तरह की कई शिकायतें है और उसने पिछले साल देशभर में जांच भी शुरू की थी। कुल मिलाकर उद्देश्य यह है कि संविधान के तहत मिले अधिकार का दुरुपयोग न होने पाए। क्योंकि जाति और धर्म का दुरुपयोग होने की चिंता शुरू से ही न्यायिक विमर्श का मुद्दा बनी हुई है। लिहाजा ब्रेक के बाद न्यायदेश मिलते रहते हैं।

### इंद्रा साहनी केस (1992) से इस फैसले का सम्बन्ध

इंद्रा साहनी केस (1992) मुख्य रूप से ओबीसी आरक्षण पर केंद्रित था, लेकिन हालिया सुप्रीम कोर्ट फैसले (धर्म परिवर्तन पर स्ष्ट दर्जा समाप्ति) से इसका अप्रत्यक्ष संबंध है। दोनों आरक्षण को जाति-आधारित ऐतिहासिक अन्याय सुधार तक सीमित रखने के सिद्धांत साझा करते हैं। इंद्रा साहनी का सार-इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मान्य किया, लेकिन 50 प्रतिशत कुल सीमा तय की और स्पष्ट किया कि आरक्षण का आधार धर्म या जाति अकेला नहीं हो सकता। क्रीमी लेयर बहिष्कार और पिछड़ापन के सामाजिक-शैक्षिक मापदंड निर्धारित किए गए।

हालिया फैसले से संबंध- 2026 के एससी/एसटी फैसले में संविधान के अनुसूचित जाति आदेश 1950 का हवाला दिया गया, जो इंद्रा साहनी के सिद्धांतों से मेल खाता है कि आरक्षण धर्म पर आधारित नहीं। ओबीसी मामलों में (जैसे मुस्लिम आरक्षण रद्द), कोर्ट ने इंद्रा साहनी का जिक्र कर धर्म को आधार बनाने से रोका, जो एससी केस की भावना से जुड़ता है। हालांकि, सीधा उल्लेख नहीं मिला, लेकिन सामान्य आरक्षण दर्शन समान है, जिसका सर्वकालिक महत्व जगजाहिर है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# महेंद्र सिंह धोनी महान पर, सीएसके को उनके बिना आगे बढ़ना होगा

(संजय सेवरन)

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 बार आईपीएल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, लेकिन धोनी अब 44 साल के हो चुके हैं। पिछले 16 साल से वो इस टीम का हिस्सा हैं, लेकिन अब वो बल्ले से टीम को ज्यादा सहयोग नहीं दे पाते। विकेटकीपर के लिए भी टीम में विकल्प मौजूद है और अब उनकी उपयोगिता टीम में ज्यादा दिखती नहीं है। हां, टीम उनके अनुभव का फायदा उठा सकती है और उन्हें अन्य जिम्मेदारियां दी जा सकती है।

महेंद्र सिंह धोनी एक महान कप्तान और खिलाड़ी हैं इसमें कोई दो राय नहीं है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट व इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए जो कुछ भी किया है वो किसी से छुपा नहीं है। धोनी ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स को वो दर्जा दिलाया जिसे हासिल करना आसान नहीं होता और ये सब उन्होंने इस खेल के प्रति अपने समझ के दम पर हासिल किया।

**धोनी ने 5 बार टीम को बनाया चैंपियन-** धोनी की कप्तानी में सीएसके आईपीएल में 5 बार चैंपियन बनी और इस वक्त ये टीम इस लीग की सबसे सफल टीमों में से एक है। उन्होंने सीएसके को पहली बार साल 2010 में चैंपियन बनाया और इसके बाद ये सिलसिला जारी रहा और इस टीम ने 2011, 2018, 2021 और 2023 में फिर से चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। यही नहीं ये टीम 2008, 2012, 2013,2015 और 2019 में उप-विजेता भी रही थी। ये टीम कुल 10 बार फाइनल में पहुंच चुकी है और ये कमाल धोनी का था।

**2008 से धोनी हैं सीएसके के साथ-** धोनी इस टीम के साथ 2008 में जुड़े थे और तब से लेकर अब तक वो इसका अहम हिस्सा हैं। बीच में दो साल के लिए जब सीएसके को बैन किया गया था तब वो दूसरी टीम की तरफ से खेले थे। पिछले 16 साल में धोनी ने इस टीम के साथ हर उतार-चढ़ाव को झेला, सफलता की पीक तक गए तो वहीं जब टीम पहली बार आईपीएल 2025 में दसवें नंबर पर रही तब भी टीम का हिस्सा थे। यानी उन्होंने टीम के हर पहलू को बेहद करीब से देखा है और बतौर कप्तान व खिलाड़ी उसे महसूस भी किया है।

**44 साल की उम्र में खेलना एक चुनौती-** एमएस धोनी एक ऐसा नाम जिसके टीम में रहने से ही सीएसके की प्रतिष्ठा बढ़ जाती है और इसे सभी जानते हैं, लेकिन अब वो 44 साल के हो चुके हैं। धोनी उम्र के उस पड़ाव पर हैं जहां क्रिकेट खेलना आसान नहीं होता, लेकिन हां इसमें कोई शक नहीं है कि उनका क्रिकेट ज्ञान कमाल का है। धोनी अब सीएसके के लिए काफी कम बैटिंग करते हैं। पिछले कुछ सीजन से वो 8वें या फिर 9वें नंबर पर आते हैं और सिर्फ 10-12 गेंद ही खेल पाते हैं। किसी-किसी मैच में तो उन्हें इतना भी खेलने का मौका नहीं मिला।

**धोनी नहीं रहे पहले जैसे मैच विनर-** धोनी जिस तरह से पहले सीएसके के लिए बेस्ट फिनिशर थे, मैच विनर थे उनमें अब वो बात नहीं दिखती।

*महेंद्र सिंह धोनी एक महान कप्तान और खिलाड़ी हैं इसमें कोई दो राय नहीं है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट व इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए जो कुछ भी किया है वो किसी से छुपा नहीं है।*

धोनी रेगुलर क्रिकेट खेलते भी नहीं हैं सिर्फ आईपीएल ही खेलते हैं जिसका असर उनके खेल पर भी साफ तौर पर दिखता है तो एक बैटर के रूप में तो वो टीम के लिए उपयोगी नजर नहीं आते। बात रही विकेटकीपिंग की तो उसमें वो कमाल के हैं। पिछले सीजन में भी उनकी विकेटकीपिंग शानदार रही थी, लेकिन उनके घुटने की इंजरी उन्हें परेशान करती है और ये साफ तौर पर दिखता भी है।

**धोनी का विकल्प टीम में मौजूद-** सीएसके में अब संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी हैं जो शानदार विकेटकीपिंग कर सकते हैं यानी धोनी का विकल्प भी टीम के पास है। 44 साल के धोनी टीम में सिर्फ अपनी पूर्व उपलब्धि के दम पर टिके हुए हैं, लेकिन कब तक। एक वक्त ऐसा आता है जब आपको कहना पड़ता है कि बस और अब वो वक्त शायद आ गया है। सीएसके के पास विकल्प की कमी नहीं है और चुकी धोनी ने टीम के लिए इतना कुछ किया है तो वो मैदान के बाहर से भी टीम को सहयोग कर सकते हैं। सीएसके उन्हें अन्य जिम्मेदारी दे सकता है जिससे कि वो टीम के साथ भी बने रह सकते हैं और उनके अनुभव का फायदा टीम को मिलता भी रह सकता है।

# दाऊद इब्राहिम की बॉलीवुड इमेज को आदित्य धर ने किया ध्वस्त, 'धुरंधर 2' में दिखा बेबस

*वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई-इस फिल्म में इमरान हाशमी ने 'शोएब खान' का किरदार निभाया, जिसे दाऊद से प्रेरित माना गया। यहां वह एक स्टाइलिश डॉन के रूप में नजर आए। फिल्म में इस गैंगस्टर को चालाक और निर्दयी दिखाया गया, जो मुंबई पर राज करता है। इमरान हाशमी ने इस भूमिका में दाऊद की शुरुआती आपराधिक कारनामों को दर्शाया है। ऋषि कपूर ने 'इकबाल सेठ' का किरदार निभाया, जो साफ तौर पर दाऊद इब्राहिम से प्रेरित था। फिल्म में उनका किरदार बेहद शातिर, क्रूर और कराची में छिपकर रहने वाले एक कुख्यात अपराधी के रूप में दिखाया गया है, जो भारत के खिलाफ साजिशें रचता है। ऋषि कपूर के अभिनय की इस निगेटिव भूमिका के लिए काफी प्रशंसा की गई थी।*

(गुंजन शर्मा)

बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की छवि लंबे समय तक एक स्टाइलिश, ताकतवर और खौफनाक माफिया के तौर पर पेश की जाती रही है। महंगे सूट, रौबदार अंदाज और सत्ता पर पकड़, यह सब फिल्मों में दाऊद जैसे किरदारों की पहचान बन रहा है। अब आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर- द रिवेंज' में भी दाऊद इब्राहिम के किरदार को दिखाया गया है, लेकिन इस बार उनकी छवि पूरी तरह अलग दिखाई गई है।


जिन लोगों ने फिल्म देख ली है उन्होंने इस बात पर गौर किया होगा। चश्मा लगाकर जो गैंगस्टर हमेशा रौब में नजर आता था वो इस बार अस्पताल के पलंग पर पड़ा हुआ है, जो चाहता तो बहुत कुछ है लेकिन कर कुछ नहीं सकता। उसे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है जो हालात से घिरा हुआ, कमजोर और बेबस नजर आता है। यही बदलाव फिल्म को चर्चा में ले आया है।

**बॉलीवुड में हमेशा स्टाइलिश और खतरनाक रही दाऊद की इमेज-** अब तक कई फिल्मों में दाऊद इब्राहिम या उनसे प्रेरित किरदारों को बड़े ही ग्लैमरस और ताकतवर अंदाज में दिखाया गया है।

**वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई-** इस फिल्म में इमरान हाशमी ने 'शोएब खान' का किरदार निभाया, जिसे दाऊद से प्रेरित माना गया। यहां वह एक स्टाइलिश डॉन के रूप में नजर आए। फिल्म में इस गैंगस्टर को चालाक और निर्दयी दिखाया गया, जो मुंबई पर राज करता है। इमरान हाशमी ने इस भूमिका में दाऊद की शुरुआती आपराधिक कारनामों को दर्शाया है।

**डी-डे-** ऋषि कपूर ने 'इकबाल सेठ' का किरदार निभाया, जो साफ तौर पर दाऊद इब्राहिम से प्रेरित था। फिल्म में उनका किरदार बेहद शातिर, क्रूर और कराची में छिपकर रहने वाले एक कुख्यात अपराधी के रूप में दिखाया गया है, जो भारत के खिलाफ साजिशें रचता है। ऋषि कपूर के अभिनय की इस निगेटिव भूमिका के लिए काफी प्रशंसा की गई थी।

**शूटआउट एट वडाला-** इस फिल्म में सोनू सूद ने 'दिलावर इमरान' का रोल किया, जिसे दाऊद की शुरुआती जिंदगी से जोड़ा जाता है। यहां भी उनका अंदाज दबदबे वाला दिखाया गया। यह किरदार एक चतुर और उदयमान अंडरवर्ल्ड डॉन के रूप में दिखाया गया है जो मन्या सुर्वे (जॉन अब्राहम) के साथ सीधे टकराव के बजाय पर्दे के पीछे से अपनी ताकत बढ़ाता है।




**कंपनी-** 2002 में आई इस फिल्म में अजय देवगन ने 'मलिक' का किरदार निभाया, जो दाऊद से प्रेरित था। किरदर अंडरवर्ल्ड डॉन के शातिर दिमाग, कूटनीति और मुंबई में डी-कंपनी चलाता है। यह किरदार शांत, रणनीतिक और बेहद ताकतवर डॉन के रूप में निखरकर सामने आया।

**ब्लैक फ्राइडे-** अनुराग कश्यप की फिल्म 'ब्लैक फ्राइडे' में दाऊद इब्राहिम का किरदार अभिनेता विजय मौर्य ने निभाया था। इस फिल्म में दाऊद के किरदार को बहुत ही रियल और रहस्यमयी तरीके से दिखाया गया है, जो मुख्य रूप से 1993 के मुंबई बम धमाकों के मास्टरमाइंड टाइगर मेमन के साथ उसके संबंधों और साजिश के इर्द-गिर्द घूमता है।

**मगर 'धुरंधर 2' में बदली तस्वीर-** इन सभी फिल्मों में जहां दाऊद जैसे किरदारों को एक पावरफुल पेश किया गया, वहीं 'धुरंधर 2' इस छवि को उलट दिया। फिल्म में डॉन का किरदार परिस्थितियों से जूझता हुआ, कमजोर और कई बार लाचार नजर आता है। यह बदलाव सिर्फ सिनेमाई प्रयोग नहीं है, बल्कि उस नैरेटिव को चुनौती देने की कोशिश भी है, जिसमें अपराधियों को ग्लैमराइज किया जाता रहा है। हालांकि, इसी बदलाव को लेकर फिल्म पर प्रोपेगेंडा होने के आरोप भी लग रहे हैं।

**पावरफुल डॉन रहा है दाऊद इब्राहिम-** दाऊद इब्राहिम अंडरवर्ल्ड सरगना है, जिसका नाम भारत के सबसे बड़े आपराधिक मामलों और आतंकी घटनाओं से जोड़ा जाता रहा है। खासकर 1993 मुंबई बम धमाके में, जिसने देश को झकझोर कर रख दिया था।

**1993 मुंबई बम धमाके-** 12 मार्च 1993 को मुंबई में हुए 12 सीरियल बम धमाकों का मुख्य साजिशकर्ता अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसका साथी टाइगर मेमन था। इन धमाकों को बाबरी मस्जिद विध्वंस के बदले के रूप में अंजाम दिया गया था, जिसमें 257 लोग मारे गए और 700 से ज्यादा घायल हुए थे। ये धमाका भारत के इतिहास के सबसे भयावह आतंकी हमलों में गिने जाता है। जांच में सामने आया कि इस साजिश में दाऊद इब्राहिम और उसके नेटवर्क की बड़ी भूमिका थी, जबकि टाइगर मेमन को इसका मुख्य साजिशकर्ता माना गया।

**बॉलीवुड पर अंडरवर्ल्ड का दबदबा-** 1990 के दशक में दाऊद इब्राहिम का बॉलीवुड पर भी काफी प्रभाव माना जाता था। फिल्म प्रोड्यूसर्स और एक्टर्स को उसकी तरफ से धमकी भरे फोन कॉल आते थे। वो कई लोगों से जबरन पैसों की वसूली किया करता था। बताया जाता है कि फिल्मों में फाइनेंसिंग के जरिए अंडरवर्ल्ड का पैसा भी लगाया जाता था, इतना ही नहीं कथित तौर पर कुछ मामलों में कलाकारों को कास्टिंग के लिए दबाव भी डाला जाता था।

**तस्करी और डी-कंपनी का नेटवर्क-** दाऊद इब्राहिम का आपराधिक नेटवर्क, जिसे डी-कंपनी कहा जाता है। वो कई गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल रहा है। जैसे-

1- सोने और इलेक्ट्रॉनिक्स की तस्करी।

दाऊद 1980-90 के दशक में भारत में सोने की तस्करी का बड़ा नेटवर्क चलाया करता था। जिसमें दुबई और अन्य देशों से सामान भारत लाया जाता था।

2- ड्रग्स और हथियारों की सप्लाई

दाऊद किसी भी तरह के अपराध में पीछे नहीं रहा। उस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स तस्करी के आरोप भी हैं। इसके साथ ही उसका नाम अवैध हथियारों की आपूर्ति में भी जुड़ा है।

3- हवाला और मनी लॉन्ड्रिंग

वो अवैध पैसों को सफेद करने के लिए हवाला नेटवर्क का इस्तेमाल किया करता था। उसका ये नेटवर्क कथित तौर पर कई देशों में फैला था।

4- सुपारी किलिंग और गैंगवार

उसने कई लोगों की हत्या भी करवाई है। उस पर कई कारोबारियों की हत्या के लिए सुपारी देने के आरोप भी हैं। उस पर ये भी आरोप है कि उसने मुंबई में गैंगवार के दौर को बढ़ावा दिया। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### कटिहार से दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन आज

**कटिहार (नबिटासं)।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कटिहार स्टेशन से दिल्ली के लिए शनिवार को एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए कटिहार रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सह पीआरओ अनूप कुमार सिंह ने बताया कि यह स्पेशल ट्रेन नंबर 04073 जो कि कटिहार से शनिवार को रात्रि 21.30 में खुलकर सोमवार को सुबह 4.50 में दिल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन में स्लीपर और 3 एसी की बोगी है। यह ट्रेन केवल एक ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। जो कि दिल्ली से 27 को कटिहार के लिए खुलकर 28 को कटिहार पहुंचेगी और पुनः कटिहार को 28 की रात दिल्ली के लिए रवाना होगी।।उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके कारण नियमित ट्रेनों में सीटों की कमी देखी जा रही थी।वही स्पेशल ट्रेन के परिचालन से खासकर दिल्ली जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और उन्हें कंफर्म टिकट मिलने की संभावना भी बढ़ेगी। रेल प्रशासन द्वारा यह कदम यात्रियों की सुविधा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।वही पीआरओ श्री सिंह ने यात्रियों से अपील की है कि वे इस स्पेशल ट्रेन का लाभ उठाएं और समय पर अपनी यात्रा की योजना बनाएं। साथ ही, टिकट बुकिंग के लिए अधिकृत माध्यमों का ही उपयोग करें। रेल प्रशासन द्वारा समय समय पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर अलग अलग रूट में स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाता है।

### पहली बार नाइट टी-10 क्रिकेट का रोमांच

**कटिहार (नबिटासं)।** कटिहार रेल मंडल में पहली बार आयोजित ह्रस्व. दिग्विजयनाथ पांडेय मेमोरियलह्व अंतर विभागीय टी-10 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 इन दिनों रेलवे ग्राउंड में पूरे रंग में नजर आ




रहा है। रात में फ्लडलाइट्स के बीच खेले जा रहे मुकाबलों ने रेलकर्मियों और खेल प्रेमियों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। इस संबंध में एनएफ रेलवे मजदूर यूनियन कटिहार शाखा-1 के सचिव सह आयोजक सुमन मिश्रा ने बताया कि इस मैच में सभी खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। जिस दौरान शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में स्टोर बनाम मैकेनिकल और ऑपरेटिंग बनाम कमर्शियल विभाग के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। इस दौरान सीनियर डीसीएम सहित कई रेल अधिकारी भी मैदान में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। मौके पर स्व. दिग्विजयनाथ पांडेय के पुत्र और भतीजी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजन से न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि आपसी एकता और भाईचारा भी मजबूत होता है। रात में चल रहे इस क्रिकेट ट्राउनामनेट में पूरा मैदान दर्शकों से भरा रहता है।

### रामनवमी पर हनुमान मंदिरों में पूजा और ध्वज दान

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** रामलला के जन्मोत्सव पर भक्तों ने अपने घरों में भगवान राम की पूजा अर्चना कर सुख,शांति के लिए प्रार्थना की तथा हनुमानजी की कृपा पाने के लिए ध्वजदान किया। प्रखंड के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना तथा भजन-कीर्तन को लेकर श्रद्धालुओं की आवाजाही रही।तो वहीं प्रखंड के एक मात्र



बासंती दुर्गा मंदिर डुमरिया में भगवती त्रिशूलिनी देवी एवं दुर्गा परिवार पूजन अनुष्ठान सुबह से अपराह्न तीन बजे तक चलता रहा।तो हवन,कुमारी पूजन के साथ चैत्र नवरात्र के नवमें दिन का कृत्य समाप्त हो गया।वहीं शाम में श्रृंगार पूजा, आरती पुष्पांजलि देकर नवरात्र की समाप्ति हुई।नवमी पूजन में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने भी अपने सहयोगियों के साथ साथ शामिल होकर माथा टेका और लोगों से मिलकर उन्हे रामनवमी और बासंती नवरात्रि की बधाई दी। सबसे आकर्षक राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ एवं बजरंग दल के बैनर तले डंडखोरा काली मंदिर से निकाली गई शोभा यात्रा रहा।जिसमें हजारों की संख्या में महिला,पुरुष,बूढे,बच्चे और जवान शामिल होकर संगत टोला,मुस्लिम टोला, प्रेमनगर, उरांव टोला,थाना चौक राजा दिग्घी,भट्ठा बाड़ी आदि मुहल्ले का भ्रमण किया।इस दौरान आगे-आगे गाड़ियों पर राम दरबार सजा था तो पीछे पीछे लोग केसरिया झंडा थामे जय श्री राम का नारा लगा रहे थे।शोभा यात्रा के दौरान विवि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर थानाध्यक्ष विजय कुमार,अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह, एसआई रामजी,एएसआई सुधीर कुमार सिंह,राहुल कुमार आदि के नेतृत्व में पुलिस जुलुस के रुट चार्ट का पालन एवं हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाये रही।शोभा यात्रा को सफल बनाने में मनंजय कुमार झा, पैक्स अध्यक्ष हीरालाल साह, सूरज विश्वास, प्रीतम विश्वास, प्रकाश कुमार झा, मिथिवेश गुप्ता, विद्यानंद साह, विक्रम राठौर, सौभाष ठाकुर आदि सक्रिय रहे।

### रामनवमी पर बरारी में घर-घर फहराए गए हनुमान ध्वज

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** रामनवमी के पावन अवसर पर बरारी प्रखंड क्षेत्र में रामभक्तों ने सनातन परंपरा का पालन करते हुए अपने-अपने घरों और मंदिरों में भगवा, लाल और पीले रंग के राम ध्वज फहगया।इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।इस दौरान मुख्य पार्षद बबिता कुमारी ने बताया कि यह परंपरा समाज में एकता, भाईचारा और धार्मिक आस्था को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने से समाज में सद्भाव और मयार्दा का संदेश फैलता है।इस क्रम में गौरीडीह में शिव मंदिर फाउंडेशन के संस्थापक सह संयोजक विकास तिवारी ने अपने आवास पर विधि-विधान के साथ ध्वज स्थापना की।



कार्यक्रम में फाउंडेशन के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विकास तिवारी ने बताया कि धर्म ध्वज त्याग, वीरता, शक्ति और आस्था का प्रतीक होता है, जो रामभक्तों में नई ऊर्जा का संचार करता है।वहीं गंगा समग्र के जिला संयोजक नवीन चौधरी बाबा,समाजसेवी राकेश रौशन,बजरंग दल के प्रवीण रिंकू ने अपने घर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वज स्थापित किया। उन्होंने कहा कि भगवा ध्वज धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प दशार्ता है, जबकि लाल रंग साहस और शक्ति का प्रतीक माना जाता है।एमएलसी प्रतिनिधि राजीव भारती और समाजसेवी गौतम भगत ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर हनुमान जी की पताका लगाना विशेष रूप से शुभ माना जाता है, क्योंकि वे भगवान राम के परम भक्त हैं और भक्तों के सभी कष्ट दूर करते हैं।

# नहाने के दौरान युवक की डूबने से मौत

**स्थानीय लोगों व प्रशासन की मदद से करीब चार घंटे बाद मिला शव**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड के सेमापुर थाना क्षेत्र के सकरैली पंचायत अंतर्गत पुरानी सेमापुर स्थित भुवना घाट पर नहाने के दौरान एक युवक की डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान मधुबनी निवासी मनोज चौधरी उर्फ मनोज परिहार(35) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कलश शोभायात्रा के लिए भगवान चौक स्थित बजरंगबली मंदिर से बच्चों को लेकर वह घाट पहुंचा था। इसी दौरान वह स्नान करने लगा और नहाते-नहाते गहरे पानी में चला गया। जिससे वह डूब गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। मृतक के भांजे पीएम चौधरी ने बताया कि मंदिर कमेटी की ओर से बच्चों को घाट तक ले जाने के लिए मनोज को बुलाया गया था। प्रशासन की मौजूदगी में ही यह



हादसा हुआ। स्थानीय लोगों व प्रशासन की मदद से करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाल के सहारे शव को बाहर निकाला गया। घटना स्थल पर बीपीआरओ राजकुमार कुमार, एसआई अमरेश कुमार, मुखिया जनार्दन साह, सरपंच अजय झा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने बताया कि युवक की डूबने से मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार भेज दिया गया है। मामले में आगे की

# दिव्यांग मुन्ना हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**■ 4 गिरफ्तार, लालच में दोस्तों ने ही की थी हत्या : एसडीपीओ**

**कोढ़ा (कटिहार)।** कोढ़ा थाना पुलिस ने मुन्ना कुमार हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए घटना में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार यह पूरी वारदात महज



15 हजार रुपये की लूट और मोबाइल के लालच में अंजाम दी गई थी। सदर एसडीपीओ टु रंजन कुमार सिंह ने बताया कि जुराबगंज निवासी इंदल यादव का पुत्र मुन्ना कुमार (30) जो दोनों पैरों से दिव्यांग था। विगत 28 फरवरी 2026 को अचानक लापता हो गया था।

परिजनों की काफी खोजबीन के बाद 5 मार्च 2026 को उसका शव गेड़ाबाड़ी बस्ती के पास एक मकई के खेत से बरामद हुआ। पुलिस ने जब मृतक के मोबाइल का सीडीआर कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाला तो अंतिम कॉल मो. शमशेर नाम के युवक की पाई गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर शमशेर ने अपना गुनाह कबूल कर लिया और अपने अन्य साथियों के नाम भी उजागर किए। पूछताछ में यह बात सामने आयी कि शमशेर और उसके साथियों ने पैसे के लालच में मुन्ना को बहला-फुसाकर गेड़ाबाड़ी नहर के पास बुलाया। वहां उसकी हत्या कर दी गई और जेब से मिले ₹15,000 आपस में बांट लिए। शव को छिपाने के उद्देश्य से उसे मकई के खेत में फेंक दिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को सलाखें के पीछे भेज दिया है। जिनमे मो. शमशेर पिता-मो. सलाम गेड़ाबाड़ी बस्ती ,विक्रम कुमार रविदास पिता भिखारी रविदास पोखर टोला, सोनू सहनी पिता बीटर सहनी, गेड़ाबाड़ी बाजार , मो. मुसराईलम मंसूरी पिता इलियास मंसूरी बालू टोला इसने मृतक का मोबाइल खरीदा था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का एंड्रॉयड मोबाइल और घटना में इस्तेमाल की गई टोटो गाड़ी बरामद कर ली है। कोढ़ा थाना में कांड संख्या 93/26 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं (103(1), 238, 61(2), 317(4), 317(5)) में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्राणपुर थाना क्षेत्र के एनएच 31 सड़क के खुशहालपुर बंगाली टोला के समीप वार्ड संख्या 01 निवासी भगलू सिंह (56) बंगाली टोला निवासी अज्ञात वाहन की ठोकर से बुरी तरह घायल हो गया। उक्त घटना को घटते देख स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों व परिजनों ने इलाज हेतु आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज कटिहार लेकर गया। जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।



घटना की जानकारी मिलते ही प्राणपुर पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल करते शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेजा। घटना से मृतक का पत्नी तिलों देवी, पुत्र लक्ष्मण सिंह सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजनों सहित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से अज्ञात वाहन चालक को चिन्हित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है।थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने बताया कि अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से घायल अंधेड़ का इलाज के दौरान मृत्यु हो गई ।शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 285 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर (कटिहार)।** बलरामपुर पुलिस को संध्या गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई की एक कार से दो पुरूष एवं एक महिला बजरगाव चेक पोस्ट की ओर स्मैक लेकर आ रहा है।उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु बलरामपुर थानाध्यक्ष द्वारा अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर बजरगाव चेक पोस्ट के पास वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में एक कार में सवार दो पुरूष एवं एक महिला पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। उक्त मामले को लेकर कटिहार पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया।

# रेलवे टिकट कैंसिलेशन नियमों में बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और टिकटों की कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से टिकट कैंसिलेशन और रिफंड नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ये नए नियम 1 से 15 अप्रैल 2026 के बीच चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाएंगे। ने प्रावधानों के अनुसार अब कन्फर्म टिकट कैंसिल करने पर रिफंड पूरी तरह समय पर निर्भर करेगा। ट्रेन प्रस्थान से 72 घंटे पहले तक टिकट कैंसिल करने पर केवल न्यूनतम चार्ज कटेगा। जबकि 72 से 24 घंटे के बीच 25 फीसदी राशि काटी जाएगी।

वहीं अब नए प्रावधान के अनुसार यात्री ट्रेन छूटने से 8 घंटे के अंदर टिकट कैंसिल कर अपना रिफंड ले पाएंगे।कटिहार रेलमंडल के पीआरओ सह सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इस फैसले का उद्देश्य टिकटों की ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाना और अधिक से अधिक यात्रियों को कन्फर्म सीट उपलब्ध कराना है। इसके अलावा रेलवे ने कुछ और सुविधाएं भी दी हैं। अब पीआरएस टिकट किसी भी स्टेशन से कैंसिल किए जा सकेंगे और ई-टिकट के लिए टीडीआर की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। साथ ही, यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग पॉइंट बदल सकेंगे।

# डीसीएम के नेतृत्व में चला विशेष टिकट जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल अंतर्गत कटिहार स्टेशन एवं मनिहारी टर्मिनल पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान रेल प्रशासन की ओर से बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा एवं राजस्व हानि को रोकने के उद्देश्य से संचालित किया गया। इस अभियान में मंडल की मंडल वाणिज्य प्रबंधक संगीता मीना के नेतृत्व में टिकट जांच दल, वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम ने भाग लिया।



अभियान के दौरान विभिन्न ट्रेनों एवं स्टेशनों पर सघन जांच की गई। इसमें मुख्य वाणिज्य निरीक्षक श्रीमति निधि कुमारी और पुष्पेंद्र कुमार मुख्य चल टिकट निरीक्षक, प्रभारी विनोद कुमार साह, मुख्य टिकट निरीक्षक रवि कुमार,चल टिकट निरीक्षक अमरेश कुमार,मुख्य वाणिज्य नियंत्रक मोहम्मद ऊमर फारुक के अलावा 20 टीटीई और रेलवे सुरक्षा बल की सब-इंस्पेक्टर सुश्री मुक्ति सील के साथ 6 जवान मौजूद रहे । जांच के दौरान कुल 297 मामलों बिना टिकट एवं अनियमित यात्री का निपटारा किया गया। जिससे ₹1,51,530/ का राजस्व अर्जित हुआ। यह कार्रवाई प्लैटफार्म और कई ट्रेनों में की । जिनमें प्रमुख रूप से एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनें शामिल थीं। साथ ही एक दर्जन से ट्रेनों में यात्रियों की टिकट भी जांचे गए और आवश्यक कार्रवाई की गई। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट के साथ यात्रा करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा एवं दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।इस प्रकार के विशेष टिकट जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे रेल सेवाओं में पारदर्शिता एवं अनुशासन बना रहे।

# श्री कृष्ण सेना कटिहार की ओर से सेवा शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** रामनवमी के पावन अवसर पर नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा के दौरान जहां एक ओर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा ।वहीं दूसरी ओर श्री कृष्ण सेना कटिहार ने सेवा भाव का उत्कृष्ट परिचय देते हुए रामभक्तों के बीच अपनी विशेष पहचान बनाई।शोभा यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए श्री कृष्ण सेना द्वारा ठंडे एवं शुद्ध जल, कोल्ड्रिंक्स एवं शरबत का स्टॉल लगाया गया। भीषण गर्मी के बीच यह सेवा रामभक्तों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनी और लोगों ने इसकी जमकर सराहना की।




इस सेवा कार्य के माध्यम से संगठन ने यह संदेश दिया कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज सेवा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण सेना के इस प्रयास को सेवा ही सच्ची भक्ति है का जीवंत उदाहरण बताया।इस अवसर पर संगठन के प्रमुख सदस्यों में राजन यादव, डॉ. सुशील कुमार सुमन, शिवप्रकाश गारोदिया, राजकुमार गुप्ता, रवि यादव, रामप्रकाश यादव, रौशन यादव, मनमोहन यादव, शिवम यादव, राजू पांडे, विक्रम शर्मा, मनीष यादव, सौरव यादव, कमलेश यादव, आकाश यादव, चंदन यादव, रोहित यादव, आशीष मालाकार, अमित कुमार महतो, राहुल यादव, विशाल पोद्दार, विक्की भगत, डब्लू यादव, रंजीत विश्वास सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्री कृष्ण सेना के सदस्यों ने भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा एवं धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।

# जिले में पर्याप्त है एलपीजी गैस का भंडारण आपूर्ति भी सामान्य : जिला प्रशासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में एलपीजी गैस की कोई किल्लत नही है और आपूर्त भी सामान्य ढंग से हो रही है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी के विरुद्ध सभी प्रखडों में गठित विशेष धावा दल हर गतिविधि की निगरानी कर रही है।



अनियमितता बरतने के आरोप में पांच प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उक्त बाते जिला प्रशासन की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुणाल कुमार ने दी है।उन्होंने बताया कि सभी जिले के सभी 54 गैस वितरकों के पास 27.03.2026 को घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 15825 एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध है। वहीं 28 मार्च के बुकिंग के विरुद्ध 7058 सिलेंडर आपूर्ति की जा चुकी है।उन्होंने बताया है कि जिले में 720 व्यवसायिक सिलेंडरभी उपलब्ध है।उन्होंने कहा कि जिले मे गैस की कोई कमी नहीं है।गैस एजेंसियों के साथ बैठक कर आपूर्ति की समीक्षा की जा रही है।उन्होंने गैस की किल्लत की खबर को भ्रामक बताते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं से अपील की है कि घबराने की जरुरत नहीं है। गैस वितरण की स्थित बिलकुल सामान्य ढंग से हो रही है।

# रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा, झांकी आकर्षण का केंद्र

**पांच किलोमीटर लंबे जूलूस में एक लाख से अधिक संख्या में शामिल हुए राम भक्त, जुलूस में महिलाओं की संख्या रही अधिक**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया है। नगर के एलडब्लूसी मैदान से शुरू होकर यह शोभायात्रा पूरे शहर का भ्रमण करते हुए डीएस कालेज मैदान में सम्पन्न हुआ। शोभा यात्रा में प्रभु श्री राम के साथ-साथ कई वीर पुरुषों के मूर्ति के अलावा बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद द्वारा लगातार किए जाने वाले सामाजिक कार्य रक्तदान को लेकर भी लोगों को जागरूक करने के लिए आकर्षक मॉडल बनाकर शोभा यात्रा में शामिल किया गया। शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान सदर विधायक सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, महापौर उषा देवी अग्रवाल, विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय, चन्द्रभूषण ठाकुर, नगर पंचायत मनिहारी के मुख्य





पार्षद लाखो यादव, पवन पोद्दार, अनीश सिंह, छाया तिवारी, भाष्कर सिंह, सौरव मालाकार, निगम पार्षद बिट्टू घोष, प्रमोद महतो, आलोक वर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। यह जुलुस एफसीआई चौक,अरगडा चौक, शिवमंदिर चौक,बडी बाजार, दौलतराम चौक,पानी टंकी चौक, बनिया टोला, फकीर तकिया, गोलछा कटरा चौक, एमजी रोड, शहीद चौक होते हुए मंगल बाजार, बाटा चौक, न्यू मार्केट, दुर्गा स्थान, रामपाडा, महमूद चौक, रामनगर से होते हुए डीएस कालेज तक पहुंचा। जूलूस में महिला, बच्चे, युवक, युवती भारतीय परिधान में जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, श्री राम सेना, महाकाल सेना, हिन्दू जागरण मंच सहित अन्य संगठन की ओर से जुलूस में भव्य झांकी का आयोजन किया गया। पांच किलोमीटर की इस शोभायात्रा में एक लाख से अधिक की संख्या में राम भक्तों ने भाग लिया।

जिला प्रशासन की ओर से विधि व्यवस्था बनाये के लिए व्यापक सुरक्षा का जिम्मे पुलिस पदाधिकारी पर रहा। डीएम, एसपी के निर्देश पर एसडीएम प्रदुम्न सिंह यादव, नगर आयुक्त संतोष कुमार, एएसपी अभिजीत कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक इकबाल खान, शिवशंकर प्रसाद, हरेन्द्र कुमार, नगर थाना अध्यक्ष कुन्दन कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी काफी सक्रिय रहे। जगह जगह पर आमजन,नगर निगम, स्वयंसेवी संस्था, जनप्रतिनिधि, श्री कृष्ण सेना, ईम्पालयज युनियन के सदस्यों ने पानी, शर्बत, जलजीरा, चाकलेट का वितरण किया। गर्मी के वाबजूद जुलुस में शामिल लोगों के उत्साह कोई कमी नही देखा गया। शान्तिपूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न होने पर जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली। देर शाम तक जुलूस समापन के बाद राम भक्त अपने परिजनों के साथ घर लौटा।

● 1 साल में 82 प्रतिशत का रिटर्न

# कंपनी पहली बार दे रही है बोनस शेयर, रिकॉर्ड डेट अगले हफ्ते




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोनस शेयर की चाहत रखने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। बी टू बी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने पहली बार बोनस शेयर देने का फैसला किया है। कंपनी ने इस बोनस इश्यू के लिए रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान कर दिया है। बता दें, कंपनी के शेयरों का भाव 50 रुपये से कम का है।

कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले दो शेयर पर 1 शेयर बोनस देने का फैसला किया है। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 26 मार्च 2026 को रिकॉर्ड डेट का ऐलान भी कर दिया है। एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि 2 अप्रैल 2026 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। यानी जिन निवेशकों के पास इस दिन कंपनी के 2 शेयर रहेंगे उन्हें एक शेयर का फायदा होगा।

**डिविडेंड दे चुकी है कंपनीत्न** कंपनी के शेयर पिछले महीने यानी फरवरी में एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। तब कंपनी ने एक शेयर पर 1 रुपये का डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया था। यह पहली बार था जब कंपनी की तरफ से डिविडेंड बांटा गया था।

### शेयरों का प्रदर्शन कैसा

इस साल अबतक के शेयरों की कीमतों में 50.18 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 82 प्रतिशत चढ़ चुका है। हालांकि, आज इस स्टॉक की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। बीएसई में कंपनी के शेयर 44 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में यह स्टॉक 3 प्रतिशत से अधिक गिरावट के बाद 42.50 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया। BwB Software Technologies Ltd का बीएसई में 52 वीक हाई 57 रुपये और 52 वीक लो लेवल 22.50 रुपये है कंपनी का मार्केट कैप 50.22 करोड़ रुपये का है। बता दें, 10 साल में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 290 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 192.78 प्रतिशत की तेजी आई है।

# एलपीजी संकट में पीएनजी पर भरोसा क्यों कर रही है सरकार आपको किसमें होगा फायदा

## आखिर कहां से आती है पीएनजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में रसोई गैस की बात करें तो एलपीजीलंबे समय से हर घर की जरूरत रही है। लेकिन अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध की स्थिति के चलते इसकी सप्लाई और आयात प्रभावित हुआ है। एलपीजी की कीमतों में उतार-चढ़ाव और सप्लाई से जुड़ी ऐसी परेशानियों ने सरकार को नए विकल्प तलाशने पर मजबूर किया है। इसी वजह से अब खासकर शहरी इलाकों में तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है।

सरकार ने साफ कहा है कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन मौजूद है, उन्हें इसके जरिए ही कनेक्शन लेना होगा और एलपीजी पर निर्भरता खत्म करनी होगी। ऐसे में सवाल यह उठता है कि सरकार को एलपीजी पर भरोसा क्यों है। साथ ही एक उपभोक्ता के तौर पर आपके लिए बेहतर है या यह भी एक बड़ा सवाल है। आइए विस्तार से समझते हैं कि क्या है, अलग कैसे है और आपके लिए किसपर निर्भर रहना फायदे का सौदा होगा। बात अगर कीमत की करें तो में मीटर के जरिए खर्च और जरूरत के हिसाब से पेमेंट करना होगा है। साथ ही यह के मुकाबले सस्ती मिल रही है और इसके साथ 10 से 12 प्रतिशत तक बचत संभव है। हालांकि, कीमत अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग हो सकती है जबकि एलजीपी सिलेंडर का बेस प्राइस सरकार तय करती है। सवाल यह भी है कि पीएनजी आती कहां से है, क्या भारत इसे खुद बनाता है या बाहर से मंगाता है असल में पीएनजी कोई अलग से बनने वाला प्रोडक्ट नहीं है, बल्कि यह प्राकृतिक गैस ही है, जो दो स्त्रोतों से आती है। देश के अंदर ओएनजीसी और आइल इंडिया लिमिटेडजैसी कंपनियां गैस का उत्पादन करती हैं। हालांकि, भारत अपनी जरूरत की पूरी गैस खुद नहीं निकाल पाता इसलिए बड़ी मात्रा में विदेशों (जैसे- कतर, ऑस्ट्रेलिया और ) से आयात की जाती है। इसे लिक्विड के तौर पर लाकर भारत में लाकर दोबारा गैस में बदला जाता है और फिर पाइपलाइन के जरिए नेटवर्क में सप्लाई किया जाता है।



### आखिर क्या है पीएनजी

पाइप्ड नेचुरल गैल या दरअसल एक प्राकृतिक गैस है, जो जमीन के नीचे मौजूद गैस भंडार से निकाली जाती है और पाइपलाइन के जरिए सीधे घरों तक पहुंचती है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें सिलेंडर की जरूरत नहीं होती और गैस की सप्लाई लगातार मिलती रहती है, यानी 'गैस खत्म' होने की चिंता नहीं रहती। वहीं लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस या एक प्रोसेस्ड गैस है, जिसे सिलेंडर में भरकर घरों तक पहुंचाया जाता है और इसके लिए समय-समय पर बुकिंग और डिलीवरी का इंतजार करना पड़ता है। अगर दोनों के बीच अंतर की बात करें तो सुविधा के मामले में आगे नजर आती है। इसमें मीटर के हिसाब से बिलिंग होती है और सिलेंडर बदलने का झंझट नहीं होता। सुरक्षा के लिहाज से भी को बेहतर माना जाता है, क्योंकि यह हवा से हल्की होती है और लीकेज होने पर जल्दी ऊपर उड़ जाती है। इसके उलट हवा से भारी होती है, जो नीचे जमा होकर खतरा बढ़ा सकती है। हालांकि सबसे बड़ी सीमा इसकी उपलब्धता है। इसकी पाइपलाइन अभी मुख्य रूप से बड़े शहरों तक ही सीमित है, जबकि पूरे देश में सिलेंडर की मदद से उपलब्ध है।

# रुपया डॉलर के मुकाबले पहली बार 94 के पार, किस पर क्या पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रुपया शुक्रवार, 27 मार्च को ऐतिहासिक गिरावट के साथ पहली बार 94 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया। रुपया 94.15 के करीब पहुंच गया, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। मध्य पूर्व में जारी युद्ध और ऊर्जा संकट की आशंकाओं ने आयात पर निर्भर भारत जैसे देशों की मुद्रा पर दबाव बढ़ा दिया है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें .100 प्रति बैरल के ऊपर बनी हुई हैं। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है, ऐसे में तेल महंगा होने से डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपया कमजोर होता है। इसके साथ ही वैश्विक बाजारों में गिरावट और बॉन्ड यील्ड में तेजी ने भी निवेशकों को सुरक्षित विकल्पों की ओर धकेला है, जिससे उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के विरोधाभासी बयानों ने भी बाजार में अनिश्चितता बढ़ा दी है। एक ओर उन्होंने ईरान पर हमले टालने की बात कही, वहीं दूसरी ओर सख्त चेतावनी भी दी, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ।

फॉरेक्स एक्सपर्ट अमित पबारी के अनुसार, बाजार इस समय 'उम्मीद और अनिश्चितता' के बीच फंसा हुआ है। अगर तनाव कम होता है तो रुपया 1 से 1.5 तक रिकवर कर सकता है, लेकिन जब तक स्थिति साफ नहीं होती, तब तक उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। टेक्निकल तौर पर 94.00-94.20 का स्तर मजबूत रेजिस्टेंस माना जा रहा है, जहां केंद्रीय बैंक की दखल की संभावना है। वहीं 92.80-93.00 का स्तर सपोर्ट के रूप में उभर रहा है।

## विकास योजनाओं पर असर



जब डॉलर महंगा होता है, तो सरकार का खर्च बढ़ जाता है। ऐसे में सरकार को विकास योजनाओं (जैसे सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा) पर खर्च कम करना पड़ सकता है। इसका असर आम लोगों को मिलने वाली सुविधाओं पर पड़ता है।

सरकारी खजाने पर दबाव बढ़ेगा

देश में आने और जाने वाली विदेशी मुद्रा के अंतर को चालू खाता घाटा कहते हैं। जब आयात ज्यादा होता है, तो देश से ज्यादा डॉलर बाहर जाता है और ष्ट्रष्ठ बढ़ जाता है। भारत में सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा तेल और सोने के आयात पर खर्च होती है।

### कमजोर रुपये के साइड इफेक्ट्स

डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि आम लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा देती है। जब रुपया कमजोर होता है, तो इसका सीधा असर महंगाई और आपके महीने के बजट पर पड़ता है। आइए समझते हैं कि रुपये में गिरावट क्यों होती है और इसका असर आप पर कैसे पड़ता है। भारत अपनी जरूरत का 75% से 80% कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। जब रुपया कमजोर होता है, तो तेल आयात महंगा हो जाता है। अनुमान के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में 1 रुपये की गिरावट से तेल कंपनियों पर करीब 8,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ता है। भारत में कई जरूरी दवाएं विदेशों से आती हैं। रुपये के कमजोर होने से इन दवाओं के रेट बढ़ जाते हैं। दूसरी ओर विदेश में पढ़ाई महंगी हो जाती है। विदेश यात्रा का खर्च बढ़ जाता है। होटल और खाने-पीने पर ज्यादा खर्च करना पड़ता है।

### पेट्रोल-डीजल पर सरकार का बड़ा फैसला, फिर भी तेल कंपनियों के शेयर गिरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल को लेकर बड़ा फैसला किया है। यह फैसला पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी से जुड़ा है। केंद्र ने पेट्रोल पर लगने वाली स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी को घटाकर 3 रुपये प्रति लीटर कर दिया है, जबकि डीजल से यह ड्यूटी पूरी तरह खत्म कर दी है। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। हालांकि, सरकार की तरफ से यह बड़ी राहत दिए जाने के बाद भी तेल कंपनियों के शेयर लुढ़क गए हैं। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के शेयर शुक्रवार को 2 पर्सेंट तक टूट गए हैं। इस राहत भरे फैसले के बाद भी शेयर बाजार के हाहाकार के बीच इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के शेयर 2 पर्सेंट से ज्यादा लुढ़ककर 137.70 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले एक महीने में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के शेयर 26 पर्सेंट से अधिक लुढ़क गए हैं। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर भी शुक्रवार को गिरावट के साथ 340.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक महीने में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के शेयरों में 22 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर भी शुक्रवार को लुढ़कते हुए 281.45 रुपये पर पहुंच गए हैं। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के शेयर पिछले एक महीने में करीब 27 पर्सेंट टूट गए हैं।



# किस वजह से पेट्रोल-डीजल पर हुई टैक्स कटौती सरकार के पास बचे थे बस दो विकल्प

## आया मंत्री का बयान, क्या कुछ है हरदीप सिंह पुरी ने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने आज पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले एक्साइज टैक्स में कटौती की है। सरकार ने पेट्रोल पर स्पेशल एक्साइज ड्यूटी 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है जबकि डीजल पर यह शुल्क पहले के 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। युद्ध की वजह से जारी तनाव के बीच सरकार ने यह फैसला क्यों लिया है केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस फैसले को विस्तार से समझाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार के पास सिर्फ दो ही विकल्प मौजूदा परिस्थितियों में बचे थे।

मंत्री ने कहा कि या तेल की कीमतों में इजाफा किया जाए या फिर वित्तीय बोझ को सरकार अपने कंधों पर ले जिससे नागरिकों को बढ़ते कच्चे तेल की कीमतों से बचाया जा सके। इसी वजह से सरकार ने टैक्स में कटौती की है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'इंटरनेशनल क्रूड ऑयल का रेट पिछले एक महीने में सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 122 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है। जिसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया गया है। दक्षिण एशिया के देशों में पेट्रोल औ डीजल की कीमतों में 30 से 50 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। नॉर्थ अमेरिका के देशों में तेल की कीमतों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यूरोन ने 20 प्रतिशत और अफ्रीका के देशों ने 50 प्रतिशत तक दाम बढ़ाया है। मोदी सरकार के पास भी दो ही विकल्प बचे थे। जैसा अन्य देशों ने किया वैसे घरेलू स्तर पर कीमतों में इजाफआ किया जाता। या फिर वित्तीय बोझ को अपने कंधों पर लिया जाए। जिससे नागरिकों को इस इंटरनेशनल दबाव से बचाया जा सके।'



हरदीप सिंह पुरी लिखते हैं कि प्रधानमंत्री ने जी एक बार फिर से नागरिकों के हितों की सुरक्षा के लिए वित्तीय बोझ को उठाने का फैसला किया है। पुरी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी की वजह से तेल कंपनियों को घाटा हो रहा था। बता दें, क्रूड ऑयल का दाम बढ़ने की वजह से पेट्रोल पर लगभग 24 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 30 प्रति लीटर का घाटा तेल कंपनियों को हो रहा था। सरकार ने इसके अलावा एक्सपोर्ट टैक्स लगाया है। कोई भी भारतीय रिफाइनरी विदेशों में तेल एक्सपोर्ट करती है।

### एचडीएफसी बैंकमें सबकुछ अच्छा नहीं 'सत्ता संघर्ष' की वजह से हुआ चक्रवर्ती का इस्तीफा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों एचडीएफसी बैंक में हुए कार्यवाहक एमडी अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे की वजह से बैंक को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार सत्ता के शीर्ष स्तर पर मचे खींचतान की वजह से यह इस्तीफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार अतनु चक्रवर्ती और बैंक के सीईओ शशिधर जगदीशन के बीच सबकुछ अच्छा नहीं चल था। रिपोर्ट के अनुसार बीते कुछ महीनों से बैंक के दोनों शीर्ष अधिकारियों के बीच खींचतान जारी थी। इस विवाद की जड़ में रणनीतिक मतभेद, गवर्नेंस से जुड़े मुद्दे और सीईओ की दोबारा नियुक्ति का विवाद था। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह विवाद सिर्फ नियमों के पालन तक ही सीमित नहीं रह गया था। टॉप लीडरशिप में विवाद काम काज के तरीके, रणनीति और नियंत्रण को लेकर शुरू हुआ था। यह चरम पर शशिधर जगदीशन के कार्यकाल को बढ़ाने को लेकर पहुंच गया था। बता दें, अभी उनके कार्यकाल को आगे बढ़ाने के लिए रेगुलेटरी की मंजूरी लेना बाकि है। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार चक्रवर्ती के इस्तीफे की वजह से उपजी स्थिति पर बैंक कानूनी सलाह भी ले रहा है। चक्रवर्ती नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन के पद पर 2021 से काम कर रहे थे। लेकिन पिछले हफ्ते ने उन्होंने अचानक इस्तीफा दे दिया था। चक्रवर्ती ने अपने इस्तीफे की वजह नैतिक मतभेद को बताया था। उनके अचानक हुए इस्तीफे ने बैंक की कार्य शैली को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए थे। एचडीएफसी बैंक के शेयर आज शुक्रवार को 779.95 रुपये के स्तर पर खुला था। बैंक के शेयरों का भाव 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद 763 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया। बीते एक महीने में बैंक के शेयरों की कीमतों में 12 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## सोशल मीडिया बच्चों के लिए कितना खतरनाक

# बच्चों का मेंटल हेल्थ खराब कर रहे थे मेटा और यूट्यूब, मालिकों को अरबों डॉलर का लगा झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में पहली बार जूरी ने बड़ी टेक कंपनियों को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार ठहराया है। लॉस एंजेलिस में एक जूरी ने मेटा और यूट्यूब को उनके प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल से बच्चों को हुए नुकसान के लिए दोषी पाया। इस खबर के बाद मार्क जुकरबर्ग की कंपनी मेटा के शेयर भी गुरुवार को 7.92 प्रतिशत लुढ़ककर 547.75 डॉलर पर बंद हुए। इसका असर उनके नेटवर्थ पर पड़ा और एक ही दिन में उनकी संपत्ति 16 अरब डॉलर कम होकर 195 अरब डॉलर पर आ गई। यानी जुकरबर्ग 200 अरब डॉलर क्लब से बाहर हो गए।

गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के शेयर भी औंधेमुंह गिरे। इससे लैरी पेज की संपत्ति में गुरुवार को 7.11 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई। अब उनकी संपत्ति 243 अरब डॉलर रह गई है। सर्गी ब्रिन भी 6.54 अरब डॉलर की चोट खा बैठे। उनकी संपत्ति अब 226 अरब डॉलर रह गई है। ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक न्यू मैक्सिको में भी जूरी ने माना कि मेटा को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव की जानकारी थी, लेकिन उसने इसे छिपाया। यह फैसला उन वर्षों की चिंताओं के बाद आया है, जिनमें माता-पिता, डॉक्टर और विशेषज्ञ सोशल मीडिया को बच्चों के लिए खतरनाक बताते रहे हैं, जिससे लत, डिप्रेशन, ईटिंग डिसऑर्डर और यहां तक कि आत्महत्या के खतरे बढ़ते हैं। इस फैसले के बाद टेक कंपनियों पर दबाव बढ़ने की संभावना है। इन फैसलों से असहमति जताई है और अपील करने की बात कही है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह टेक इंडस्ट्री के लिए एक टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। इन मामलों में खास बात यह रही कि कंपनियों के कंटेंट नहीं, बल्कि उनके प्लेटफॉर्म के डिजाइन-जैसे एडिक्टिव फीचर्स को जिम्मेदार ठहराया गया।

इससे 230 जैसी कानूनी सुरक्षा को भी आंशिक रूप से दरकिनार किया गया। अब आने वाले समय में ऐसे और मुकदमे और सख्त नियम देखने को मिल सकते हैं, जिससे सोशल मीडिया कंपनियों को अपने प्लेटफॉर्म को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने के लिए बड़े बदलाव करने पड़ सकते हैं।

अमेरिकी शेयर मार्केट में आई गिरावट का असर दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की संपत्ति पर पड़ा। एलन मस्क को करीब 10 अरब डॉलर की चोट पहुंची और उनका नेटवर्थ 644 अरब डॉलर रह गया। गिरावट के इस तूफान में दुनिया के टॉप-17 अमीरों को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में तीसरे नंबर पर काबिज जेफ बेजोस की संपत्ति में 3.31 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। उनकी संपत्ति अब 232 अरब डॉलर रह गई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में छठे नंबर पर काबिज लैरी एलिसन की दौलत में 3.46 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। एलिसन के पास अब कुल संपत्ति 192 अरब डॉलर है।



# सोना-चांदी के भाव में आज तेजी, 1,43,829 पर गोल्ड और सिल्वर 2,23,978 पर पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है। नरम डॉलर के बीच शुक्रवार, 27 मार्च की सुबह एमसीएक्स पर सोने की दर में बढ़ोतरी हुई। एमसीएक्स पर सोना लगभग 1% उछलकर 1,43,829 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि एमसीएक्स चांदी लगभग 2% बढ़कर 2,23,978 प्रति किलोग्राम हो गया। इंटरनेशनल मार्केट में भी हल्की रिकवरी देखने को मिली है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 0.33% बढ़कर करीब 4,423 प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 0.29% की बढ़त के साथ 68.13 प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। इससे पहले पिछले सत्र में दोनों धातुओं में तेज गिरावट आई थी, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले की समयसीमा 10 दिन और बढ़ाने के फैसले से बाजार को राहत मिली है। इससे निवेशकों का भरोसा थोड़ा लौटा और कीमती धातुओं में खरीदारी दिखी। हालांकि, पिछले एक महीने में जारी युद्ध के चलते सोना करीब 17% तक गिर चुका है, जो आमतौर पर इसके 'सेफ हेवन' इमेज के विपरीत है। दरअसल, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से महंगाई का खतरा बढ़ा है, जिससे केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरें ऊंची रखने या बढ़ाने की संभावना बनी हुई है। इसका सीधा असर सोने-चांदी पर पड़ता है, क्योंकि ये बिना ब्याज देने वाली संपत्ति हैं।

डॉलर इंडेक्स 100 के आसपास मजबूत बना हुआ है, जिससे अन्य देशों के निवेशकों के लिए सोना महंगा हो जाता है। इसके अलावा तुर्की के सेंट्रल बैंक द्वारा बड़ी मात्रा में सोना बेचने की खबर ने भी कीमतों पर दबाव डाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संघर्ष के शुरुआती दो हफ्तों में करीब 60 टन सोना बेचा गया। विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा, लेकिन धीरे-धीरे रिकवरी के संकेत भी मिल रहे हैं। कमजोर डॉलर और वैश्विक अनिश्चितता के चलते सोने में दोबारा मांग बढ़ सकती है, जबकि चांदी को इंडस्ट्रियल डिमांड से सपोर्ट मिल रहा है। हालांकि, मजबूत डॉलर और ऊंची ब्याज दरें बड़ी तेजी पर रोक लगा सकती हैं।



# 250 साल पुराने मनोकामना मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**रांची** । अपर बाजार स्थित महावीर मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि शहर की सांस्कृतिक पहचान का भी अहम हिस्सा है। करीब 250 साल पुराने इस मंदिर का इतिहास आस्था और परंपरा से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि इसी मंदिर से रामनवमी की शोभायात्रा की शुरूआत हुई थी। इसी कारण इस इलाके का नाम महावीर चौक पड़ा। यह मंदिर मनोकामना मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर इच्छा पूरी होती है। इसी वजह से पूरे साल यहां श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। रामनवमी के समय यहां का दृश्य और भी खास हो जाता है। झारखंड ही नहीं, दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

रामनवमी के मौके पर मंदिर में खास आयोजन किए जाते हैं। अष्टमी के दिन भव्य झांकियां निकाली जाती हैं और शहर के अलग-अलग अखाड़ों की शोभायात्राएं इसी मंदिर परिसर में आकर एकत्रित होती हैं। यहां झांकियों का निरीक्षण किया जाता है और समिति द्वारा सर्वश्रेष्ठ झांकी को पुरस्कृत किया जाता है। पहले स्थान पर आने वाली झांकी को 51 हजार रुपये का इनाम दिया जाता है।

रामनवमी के दिन शोभायात्रा दोपहर करीब 2 बजे शुरू होती है और देर रात लगभग 2 बजे तक चलती है। इस दौरान श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में और अस्त्र-शस्त्र के साथ भक्ति और उत्साह के साथ इसमें शामिल होते हैं। यह शोभायात्रा रांची की धार्मिक आस्था, परंपरा और एकता का जीवंत उदाहरण पेश करती है।

# कुएं में डूबकर दंपत्ति की मौत

## पत्नी को बचाने कुआं में कूदा था पति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गांडेय।** गांडेय थाना क्षेत्र के गोविंदपुरा गांव स्थित एक पुराने कूप में बाल्टी से पानी निकालने के दौरान पैर फिसलने से 28 वर्षीय पार्वती देवी गिर गई। उसे बचाने के लिए उसका पति 35 वर्षीय राजेंद्र मुर्मू ने भी कुएं में छलांग लगा दी। बचाव के लिए कुआं में लोहे का पकड़ व रस्सी नहीं लगा होने के कारण दंपती की डूबने से मौत हो गई।

ग्रामीणों को जानकारी होने पर दोनों का शव कुआं से बाहर निकाला गया। सूचना पर गांडेय थाना की पुलिस पहुंची और शवों को जब्त कर लिया। पुलिस ने शवों को शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर दपंती का शव गांव पहुंचा।

दंपती की मौत से गोविंदपुरा समेत आसपास का माहौल गमगीन हो गया। शाम तक दोनों का अंतिम संस्कार नम आंखों से कर दिया गया। मृतक के स्वजन ने बताया कि राजेंद्र मुर्मू ने अपने पुराने घर से कुछ ही दूर में एक नया घर बनाया था। नए घर में ही पति - पत्नी रहते थे। जबकि उसके माता - पिता पुराने घर में रहते थे। नए घर से कुछ दूरी पर एक पुराना कूप है। उससे रस्सी के सहारे बाल्टी से पानी निकालकर नहाने धोने समेत घरेलू उपयोग करता था। पत्नी पार्वती देवी बाल्टी लेकर पानी लाने कुंआं के पास गई थी। पैर फिसलने के कारण वह कुआं में गिर गई।

पत्नी को बचाने के लिए राजेंद्र ने भी कुआं में छलांग लगा दी। दोनों को तैरना नहीं आता था। इससे डूबने के कारण दोनों की मौत हो गई। मृतक के पिता माखन लाल मुर्मू ने कहा कि दंपती के कुआं में डूबने की जानकारी होने पर हो हल्ला हुआ। पूरे गांव के ग्रामीण जुटे।

सूचना मिलने पर पुराने घर से वह नए घर के पास स्थित कुआं पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से दोनों को कुआं से बाहर निकाला गया। कुआं से बाहर निकालने तक दोनों की सांसें रुक चुकी थीं।

बता दें कि राजेंद्र व पार्वती की शादी लगभग सात वर्ष पूर्व हुई थी। पार्वती देवी का मायका भी गोविंदपुरा गांव में ही है। उसे छह वर्ष की लड़की और चार वर्ष का लड़का है।

राजेंद्र मुर्मू आसपास के क्षेत्रों में मजदूरी करके जीविकोपार्जन करता था। घटना से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट गया। इस घटना से हर कोई गमगीन है। इधर घटना के बाद मुखिया पति सुलेमान अंसारी, वार्ड सदस्य मो इम्तियाज, चरकु कोल आदि ने पीड़ित परिवार से मिलकर उनका ढांढस बंधाया।

# विचाराधीन महिला कैदी ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के मंडलाकार में एक विचाराधीन महिला ने बाथरूम में आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया।मृतक महिला कैदी की पहचान नगर थाना अंतर्गत कोलाजोड़ा निवासी संझली हेंब्रम के रूप में हुई है। वहीं, इस मामले की जानकारी मिलते ही पाकुड़ के एसपी मनीष कुमार और एसपी निधि द्विवेदी मंडल कारा पहुंची और जेल अधीक्षक और अन्य पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। घटना के बारे में पुलिस कर्मियों के अनुसार प्रथम दृष्टया आत्महत्या का बताया है। बताया कि मृतक महिला पर अपने पति झंडू हांसदा की हत्या का आरोप था। इस संबंध में नगर थाना में 17 फरवरी 2026 को कांड संख्या 25/26 दर्ज किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर विचाराधीन कैदी के रूप में मंडल कारा में रखा था।

मंडल कारा स्थित बाथरूम में संझली हेंब्रम के आत्महत्या करने की सूचना मिली। जेल प्रशासन ने उसे इलाज के लिए सोनाजोड़ी सदर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना के बाद डीसी मनीष कुमार और एसपी निधि द्विवेदी अधिकारियों की टीम के साथ मंडल कारा पहुंचे।

उन्होंने मामले की गहन जांच की और कारा में मौजूद कर्मियों से पूछताछ की। अधिकारियों ने तकनीकी पहलुओं पर भी आवश्यक जानकारी ली।

पूछताछ के बाद डीसी मनीष कुमार ने बताया कि एक महिला कैदी ने मंडल कारा में आत्महत्या की है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि महिला ने बाथरूम में आत्महत्या की थी और उसे सदर अस्पताल भेजा गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी निधि द्विवेदी ने भी बताया कि महिला कैदी ने आत्महत्या की है और फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# 191 परिवारों पर मंडराया विस्थापन का खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** पुटकी अंचल के तेतुलमुडी मौजा के 191 परिवार पर विस्थापन का खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा यहां के 248 रैयतों पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। जिला भू अर्जन कार्यालय ने उपायुक्त मौजा में 54.82 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करेगी। ऐसे में रैयतों को विशेष सुविधाएं देने की भी बात कही गई है।

जिला भू अर्जन कार्यालय ने साफ किया है कि यहां के रैयतों का सामाजिक मूल्यांकन का भी काम पूरा कर लिया गया है। ऐसे स्थिति में अब अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

तेतुलमुडी में बीसीसीएल की ओर से कोयला उत्खनन के लिए जमीन ली जा रही है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जिला भू अर्जन कार्यालय के तरफ से पूरी की जाएगी।

भू-अर्जन कार्यालय के अनुसार तेतुलमुडी में थान संख्या 271 में यह अधिग्रहण किया जाना है।

इसके लिए परियोजना में सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन का कार्य नियमानुसार पूर्ण कर लिया गया है। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन के अनुसार परियोजना से एक मौजा के कुल 248 रैयत प्रभावित हो रहे हैं।

# प्रखंडों में भक्ति और उत्साह की लहर, अखाड़ों ने निकाले जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** चतरा सभी प्रखंडों में रामनवमी महापर्व को लेकर चारों ओर भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। विभिन्न पंचायतों में श्रद्धालु पूरे जोश के साथ जुलूस निकालने की तैयारी में जुटे हैं। इसी क्रम में प्रखंड के एक पंचायत अंतर्गत गांव-गांव में रामनवमी जुलूस निकालने की भव्य तैयारी ।शाम होते ही श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जय श्रीराम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

जुलूस से पूर्व पूजा समिति के अध्यक्ष, सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों द्वारा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी श्री चौधरी ने भी पूजा समिति के सदस्यों एवं वॉलंटियरों को आई-कार्ड वितरित कर उन्हें उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने सभी से अनुशासन, शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की।

रामनवमी के इस पावन अवसर पर पूरा प्रतापपुर राममय हो उठा है, जहां हर ओर भक्ति, उल्लास और एकता की मिसाल देखने को मिल रही है।

## दो पुलिस पदाधिकारी होंगे पुरस्कृत

**चतरा।** कुख्यात प्रतिबंधित टीएसपीसी संगठन के रिजनल कमेटी सदस्य रविंद्र गंझु उर्फ आक्रमण गंझु उर्फ आक्रमण की गिरफ्तार करने वाली टीम के नेतृत्वकर्ता दो पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा. इनमें तत्कालीन अभियान एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव (वर्तमान धनबाद सिटी एसपी) व चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन शामिल हैं। दोनों अधिकारियों को एक-एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी, जिसे जल्द ही उनके खातों में भेजा जाएगा। मालूम हो कि आक्रमण गंझु को 2 मार्च 2025 को हंटरगंज थाना क्षेत्र के पतसुगिया पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आक्रमण, उसकी पत्नी नीलम देवी समेत चार लोगों को हथियारों के जखीरे और भारी मात्रा में कारतूस के साथ पकड़ा गया था। आक्रमण गंझु पर राज्य सरकार ने 15 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था, जबकि एनआईए की ओर से भी तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था। सरकार द्वारा घोषित पुरस्कार के तहत गिरफ्तारी टीम के नेतृत्वकताओं को यह सम्मान दिया जा रहा है।

# चतरा में दिनदहाड़े बाइक की डिकी से उड़ाये 5.60 लाख

## घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, वीडियो वायरल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** एक सप्ताह पूर्व बीते शुक्रवार को दिनदहाड़े शहर के अति व्यस्ततम इलाके केशरी चौक से 200 मीटर दूरी पर शहर के मेन रोड स्थित जायसवाल होटल के पास उच्चकों ने दुस्साहस दिखाते हुए बाइक के डिक्की से 5 लाख 60 हजार सहित चेकबुक, पत्नी का आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज भी लेकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में चतरा सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उच्चकों की इस दुस्साहस का सीसीटीवी फुटेज कैद वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित लावालौंग थाना क्षेत्र के मदनडीह गांव निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि 20 मार्च को अपनी पत्नी रीता देवी के साथ चतरा आये थे, जहां महाराष्ट्रा बैंक की शाखा से 82 हजार व एचडीएफसी बैंक से चार लाख 30 हजार निकाल कर थैला में कर डिक्की में रखा था. घर से 48 हजार रुपये लाया था।

एचडीएफसी से राशि निकासी के बाद जायसवाल होटल के बाहर बाइक खड़ी कर होटल में नाश्ता करने लगे। कुछ देर में होटल से नाश्ता कर बाहर निकले, तो बाइक की डिक्की खुली हुई पायी। डिक्की से रुपये गायब थे। जिसके बाद इसकी शिकायत सदर थाना में लिखित शिकायत दी। हालांकि यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।जिसमें देखा गया कि एक अपाची बाइक पर दो अपराधी आये और एक बाइक से उतर कर उक्त बाइक के पास पहुंचा और इधर-उधर देखने के बाद चंद सेकेंड में डिक्की खोल कर रुपये का थैला निकाला और बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। हालांकि पुलिस जांच कर रही है।

# मधुश्री की आवाज में डॉ.अंजु भट्ट रचित योगाष्टक मास्क म्यूज़िक की ओर से मुंबई में रिलीज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जगत में एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति के रूप में योगाष्टकम, जिसे आनंदप्रज्ञा (अंजु भट्ट) ने लिखा और संगीतबद्ध किया है, इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर जारी किया गया। इस रचना को प्रसिद्ध गायिका मधुश्री ने स्वर दिया है, जिससे यह कृति भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम बनकर उभरी है।

योगाष्टकम भगवान श्रीकृष्ण, योगिराज योगेश्वर के चरणों में अर्पित एक काव्यात्मक भक्ति प्रस्तुति है, जो योग, ज्ञान और भक्ति की गहन परंपरा को आधुनिक श्रोताओं तक पहुँचाने का प्रयास करती है। इसकी भावपूर्ण रचना और आध्यात्मिक गहराई इसे विशेष बनाती है।

आनंदप्रज्ञा (अंजु भट्ट) एक प्रतिष्ठित विद्वत परंपरा से संबंध रखती हैं। उनका वृहद कुटुंब तैलंग वेलनाडु ब्राह्मणों की कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से जुड़ा है। इस परंपरा में परम पंडित शिवानंद भट्ट जैसे महान विद्वान हुए, जिनके पितामह परम प्रकांड पं. श्रीनिवास भट्ट को सर्वप्रथम गोस्वामी की उपाधि प्रदान की गई।

इस गौरवशाली वंश परंपरा में राजकवि श्रीकृष्ण भट्ट, मृदंगाचार्य पंडित श्रीनाथ भट्ट और ज्योतिषाचार्य पंडित श्रीगोकुलनाथ भट्ट दीक्षित जैसे अनेक विद्वान और कालजयी रचनाकार शामिल रहे हैं।

इसी परंपरा का संबंध 15वीं शताब्दी के महान वैष्णव आचार्य वल्लभाचार्य से भी जुड़ता है, जिन्होंने शुद्धाद्वैत दर्शन का प्रतिपादन किया और मधुराष्टकम जैसी अमर रचना दी।

योगाष्टकम न केवल भक्ति संगीत प्रेमियों बल्कि वैश्विक श्रोताओं के बीच भी गहरी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। डा.अंजु भट्ट आनंदप्रज्ञा विगत कई दशकों से आध्यात्मिक, सांस्कृतिक सामाजिक तथा साहित्यिक विषयों पर रचनाएँ लिखती आ रहीं हैं।

## मालगाड़ी हुई बेपटरी

**नोवामुंडी** । चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाजामदा रेलवे फाटक के समीप रेल हादसा होते-होते बचा। बड़बिल से लौह अयस्क लादकर जा रही एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए।

घटना शाम करीब सात बजे की है, जिसने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मालगाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी। बेपटरी होने के दौरान झटका इतना जोरदार था कि रेलवे लाइन के किनारे स्थित 33 हजार वोल्ट का बिजली का खंभा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

रेलवे के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, पटरी के उचित रखरखाव (मेंबटेनेंस) न होना इस हादसे का मुख्य कारण हो सकता है।

हादसे के वक्त रेलवे फाटक के पास टंकी साई की महिलाएं पानी भरने के लिए आ-जा रही थीं। अचानक तेज आवाज और चिंगारियां देखकर वहां भगदड़ मच गई।

हालांकि, मौके पर तैनात रेलवे फाटक के चौकीदार ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत गेट बंद कर दिए और सिग्नल को लेकर सावधानी बरती, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई।

# रांची-लोहरदगा-टोरी रेलखंड पर ट्रायल सफल, लोगों में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद रांची-लोहरदगा-टोरी रेलखंड की सेवा बहाल कर दी गई है। चार जनवरी से बंद पड़ी रेल सेवा को पुनः शुरू करने की दिशा में शुक्रवार को बड़ा कदम उठाया गया।

लोहरदगा जिले के भक्सो कोयल नदी पर स्थित रेलवे ब्रिज संख्या 115 पर टावर कार और मल्टी इंजन का सफल ट्रायल किया गया। ट्रायल सफल होने के बाद रात में मालगाड़ी का परिचालन शुरू कर दिया गया। साथ ही शनिवार से रांची-लोहरदगा मेमू पैसेंजर ट्रेन सहित एक्सप्रेस ट्रेनों का भी परिचालन किया जाएगा।

रांची-नई दिल्ली राजधानी ट्रेन भी अब इसी रेलखंड से होकर गुजरेगी, जिससे यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।



ट्रायल के दौरान रांची रेल मंडल के सीनियर डीईएन सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। ब्रिज की मरम्मत का कार्य अब पूर्ण हो चुका है।

जनवरी में ब्रिज संख्या 115 के पिलरों में दरार आने के बाद इरगांव और लोहरदगा के बीच रेल परिचालन बंद कर दिया गया था। इसके बाद रेलवे के महाप्रबंधक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने कई बार स्थल का निरीक्षण किया था। मरम्मत के तहत जर्जर हिस्से को हटाकर पिलर चार और छह के बीच में 26.8 मीटर लंबा आरएच गर्डर स्थापित किया गया। इस कार्य के पूरा होने के बाद ट्रायल सफल रहा।

वहीं, शनिवार को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत परिचालित बसों की सेवा को भी बहाल रखा जाएगा, ताकि यात्रियों को कोई परेशानी न हो।

रेलखंड बंद रहने के दौरान 12454 नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस को टोरी-लोहरदगा-रांची के स्थान पर टोरी-बरकाकाना-मेसरा-टाटीसिलवे-रांची मार्ग से चलाया जा रहा था।

वहीं 12453 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 18631/18632 रांची-चोपन एक्सप्रेस, 18635/18636 रांची-सासाराम एक्सप्रेस तथा 08611 सांतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस को भी परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जा रहा था।

# पिता के पद चिह्नों पर चलेंगे निशांत कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** निशांत कुमार ने जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सक्रिय सदस्यता हासिल की। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें सक्रिय सदस्य बनाया। इस मौके पर निशांत ने कहा कि वह नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करेंगे। पार्टी कार्यालय में उन्होंने तिरहुत प्रमंडल के जिला व प्रखंड अध्यक्षों के साथ संगठन की मजबूती पर बैठक की।

उन्होंने कहा कि जल्द ही वह जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू करेंगे। संजय झा के अतिरिक्त जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, संजय कुमार सिंह व ललन सर्राफ भी इस मौके पर मौजूद थे।

निशांत कुमार ने जिलाध्यक्षों एवं प्रखंड अध्यक्षों से आह्वान किया कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पिछले 20 वर्षों के विकास कार्यों, सुशासन और जनकल्याणकारी उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राज्य की जनता ने वर्षों तक उनके पिताजी नीतीश कुमार को प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद दिया है, वहीं स्नेह और विश्वास आगे भी बना रहे।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने हमेशा पार्टी में सभी को साथ लेकर चलने की परंपरा स्थापित की है और वे भी उन्हीं के पदचिह्नों पर चलते हुए पार्टी के समर्पित, वरिष्ठ एवं जमीनी कार्यकताओं को साथ लेकर संगठन को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में वे जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे, जिसके माध्यम से राज्य की जनता अपनी शिकायतों और समस्याओं को लेकर सीधे उनसे संपर्क कर सकेगी। साथ ही उन्होंने जिलाध्यक्षों एवं प्रखंड अध्यक्षों से भी अपने-अपने जिलों और प्रखंडों में जनसुनवाई कार्यक्रम प्रारंभ करने का आग्रह किया।

## गड्ढे में फंसा बीयर लोड ट्रक, बोतलें हुई गायब

**गिरिडीह।** गिरिडीह-पचंबा फोरलेन निर्माण में बरती जा रही लापरवाही गुरुवार की सुबह एक अजीबोगरीब हादसे की वजह बन गई। भंडारीडीह के पास पुल निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में बीयर से लदा ट्रक जा फंसा और देखते ही देखते पलट गया।

राहत की बात यह रही कि चालक इस हादसे में बाल-बाल बच गया, लेकिन बीयर की कई बोतलें टूट गईं-और जो बचीं उसे लूटने की होड़ मच गई। लोग बीयर की बोतलें लेकर भागने लगे।

बताया जाता है कि बोकारो से बीयर लेकर ट्रक पचंबा के परसाटांड़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान निमार्णाधीन पुल के पास बिना किसी संकेतक के छोड़े गए गड्ढे में ट्रक का पिछला पहिया उतर गया। अचानक संतुलन बिगड़ा और ट्रक सड़क किनारे पलट गया।

हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि, पुलिस के पहुंचने में हुई देरी के दौरान कुछ लोगों ने टूटी-फूटी बोतलों के बीच से सही सलामत बीयर भी समेट ली। बाद में बची हुई बोतलों को सुरक्षित हटा लिया गया।

# लूट व चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** पुलिस ने गैस गोदाम और एजेंसियों में लूट व चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह का पदार्फाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पानापुर करियात थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देसी कट्टा, नौ जिंदा कारतूस, कटर, आरी ब्लेड, दो चाकू और दो बाइक बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार ये सभी आरोपी गैस एजेंसियों और गोदामों को निशाना बनाकर लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

मामले की जानकारी देते हुए सुचित्रा कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की संलिप्तता पूर्व की कई घटनाओं में भी सामने आई है। यह गिरोह विभिन्न इलाकों में चोरी और लूट के अलावा मोबाइल टावर से तार चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहा है।

बताया गया कि 26 मार्च को पानापुर करियात थाना क्षेत्र में स्थित एक गैस एजेंसी के गोदाम में लूट की घटना हुई थी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी थी। कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें जिला आसूचना इकाई और स्थानीय थाना पुलिस को शामिल किया गया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान पानापुर करियात के रामप्रवेश सहनी, शत्रुघ्न सहनी और मोतीपुर के बलेंद्र राम के रूप में हुई है। पुलिस अब इन्हें रिमांड पर लेकर अन्य मामलों में भी पूछताछ करने की तैयारी कर रही है।

पुलिस का मानना है कि इस गिरोह के खुलासे से क्षेत्र में गैस एजेंसियों और अन्य संस्थानों में हो रही चोरी व लूट की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

# पेड़ पर फंदे से लटकी मिली प्रेमी युगल की लाश


## दोनों थे अलग-अलग जाति के

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** बुढ़ई थाना क्षेत्र के सरपत्ता कारीपहाड़ी गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां 18 वर्षीय युवती और 20 वर्षीय युवक प्रेम प्रसंग के चलते पलाश पेड़ पर एक साथ फंदे पर झूल कर अपनी जान दे दी है। युवती का गांव के ही एक युवक से प्रेम संबंध था। प्रेमी युगल अलग-अलग जाति के थे।

ग्रामीणों के अनुसार राजेश टुडू की बेटी बबीता कुमारी और जयराम महतो का बेटा प्रदीप महतो पिछले रविवार को शाम को घर से निकले थे। प्यार मोहब्बत का चक्कर था। दोनों के घर वालों ने बहुत खोजबीन कर रहे थे । लेकिन कहीं नहीं मिले। शुक्रवार को गांव के पूर्वी छोर सरपत्ता जंगल में पलाश के पेड़ पर दोनों का फंदे से लटका हुआ शव मिला।

घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ई थाना प्रभारी रूपेश कुमार महतो और एएसआई अजय कुमार तिवारी सदल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए देवघर भेज दिया है।



मामला आत्महत्या का है या हत्या का पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि किन परिस्थितियों में दोनों ने यह कदम उठाया।

इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हर कोई स्तब्ध है और समझ नहीं पा रहा कि यह सब कैसे हो गया। लोगों का कहना है कि युवक- युवती बहुत ही मिलनसार और होनहार थे।

इधर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शिवलाल किस्कू और पत्थलजोर पंचायत की पंचायत समिति सदस्य मरियम टुडू घटनास्थल पर पहुंची और मामले की गहन जांच कर कार्रवाई की मांग की है।



## भारतीय फुटबॉल पर दाग! पैसों के झगड़े में कोच और खिलाड़ी स्टेडियम के बाहर अटके

**कोच्चि।** भारतीय पुरुष सीनियर फुटबॉल टीम को गुरुवार को कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक अप्रत्याशित स्थिति का सामना करना पड़ा, जब खिलाड़ियों और मुख्य कोच को प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए प्रवेश से रोक दिया गया। यह विवाद स्टेडियम के सिक्योरिटी डिपॉजिट के भुगतान को लेकर सामने आया। भारतीय टीम, जिसमें केरल के तीन खिलाड़ी भी शामिल थे, और मुख्य कोच खालिद जमील आगामी एएफसी एशियन कप क्वालिफायर मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए स्टेडियम पहुंचे थे। 31 मार्च को हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ होने वाले इस मुकाबले से पहले यह मीडिया बातचीत तय थी, लेकिन भुगतान विवाद के चलते इसे रद्द करना पड़ा। यह मामला स्टेडियम के मालिक ग्रेटर कोचिन डेवलपमेंट अथॉरिटी और केरल फुटबॉल एसोसिएशन के बीच बकाया राशि को लेकर है। जानकारी के मुताबिक, केरल फुटबॉल एसोसिएशन को मैच के लिए स्टेडियम चार दिनों तक बुक करने के बदले एक निश्चित सिक्योरिटी डिपॉजिट जमा करना था, जो समय पर नहीं किया गया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशनके एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'मुद्दा यह है कि केरल फुटबॉल एसोसिएशन को स्टेडियम को चार दिन के लिए बुक करने के लिए एक निश्चित राशि जमा करनी थी। इसी कारण स्टेडियम प्रशासन ने एंट्री रोक दी।'

## दिग्गज बैडमिंटन प्लेयर ने लिया संन्यास, रियो ओलंपिक में रचा था इतिहास



**मियामी, एजेंसी।** बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने घुटने की चोट से लंबे समय तक परेशान रहने के बाद बृहस्पतिवार को अपने पेशेवर करियर से संन्यास लेने की घोषणा की। उनके करियर में ओलंपिक स्वर्ण पदक और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब शामिल हैं। मारिन ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश साझा कर कहा, 'मेरा सफर यहीं समाप्त होता है।' उन्होंने बताया कि चोट के कारण उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए प्रतियोगिता से दूर रहने का कठिन निर्णय लिया। उन्होंने कहा, 'मैं चाहती थी कि हम आखिरी बार ट्रैक पर मिलें, लेकिन मैं अपने शरीर को जोखिम में नहीं डालना चाहती।' इस 32 साल की खिलाड़ी ने भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधू के साथ कई यादगार मुकाबले खेले। उन्होंने रियो 2016 ओलंपिक और 2018 विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में सिंधू को हराया था। उनके करियर में 2014, 2015 और 2018 में विश्व चैंपियनशिप, सात यूरोपीय खिताब और 2016 ओलंपिक स्वर्ण पदक शामिल हैं। मारिन का अंतिम प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन पेरिस 2024 ओलंपिक में हुआ, जो दो गंभीर एसीएल चोटों के बाद उनकी शानदार वापसी थी। वह हुएल्वा में आयोजित होने वाले आगामी यूरोपीय चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगी, लेकिन अपने शहर के सम्मान में वहां उपस्थित रहेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं हुएल्वा में रैकेट हाथ में नहीं लूंगी, लेकिन अपनी ऊर्जा शहर को लौटाते हुए संन्यास लूंगी।'



# कोहली ने बनवाया नया टैटू

### जीवन-अनुभव और बदलाव की कहानी को दर्शाता है

**बंगलूरू, एजेंसी।** बंगलूरू दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले अपने टैटू कलेक्शन में एक नया और खास डिजाइन शामिल किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज का नया टैटू उनके जीवन, अनुभव और व्यक्तिगत बदलावों की कहानी को दर्शाता है।

### पुराने डिजाइनों को एक नई कहानी में पिरोना

विराट कोहली ने जिस स्टूडियो में टैटू बनाया वहां से जारी प्रेस रिलीज के मुताबिक, 'यह टैटू उनकी बाईं बांह पर बनाया गया है, जहां पहले से मौजूद टैटू को हटाने के बजाय उन्हें और बेहतर और गहराई देने का काम किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य पुराने डिजाइनों को एक नई कहानी में पिरोना है, जो मौजूदा समय के कोहली की सोच और व्यक्तित्व से मेल खाती हो।'

### टैटू की शुरुआत ऐसे हुई, पैटर्न में बदलता

इस टैटू की शुरुआत शिव से प्रेरित एक आर्मबैंड को फिर से डिजाइन करने से हुई। इसके बाद यह डिजाइन एक बारीक मंडला पैटर्न में बदलता है, जिसे डॉटवर्क तकनीक से तैयार किया गया है। यह पैटर्न पूरी बांह पर एक फ्लो बनाता है और टैटू स्लीव का आधार तैयार करता है।टैटू में कमल और पियोनी जैसे फूलों को भी शामिल किया गया है, जो मजबूती, विकास और आंतरिक संतुलन के प्रतीक माने जाते हैं। हालांकि, इन डिजाइनों के पीछे छिपे व्यक्तिगत अर्थ को पूरी तरह सार्वजनिक नहीं किया गया है, जिससे इसमें एक रहस्य भी बना रहता है।

### टैटू स्लीव को जानबूझकर अधूरा छोड़ा

स्टूडियो ने यह भी बताया कि इस टैटू स्लीव को जानबूझकर अधूरा छोड़ा गया है। इसका कारण यह है कि कोहली के जीवन में आने वाले नए अनुभव, बदलाव और उपलब्धियां भविष्य में इस टैटू में जुड़ती रहेंगी। यानी यह टैटू किसी एक पल का प्रतीक नहीं, बल्कि उनकी पूरी यात्रा का साक्षी और जीवंत दस्तावेज बनेगा।विराट कोहली आईपीएल के पहले सीजन (2008) से ही आरसीबी से जुड़े हुए हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता रही है। वह लीग के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। टीम का यह पहला खिताब था और इसमें विराट कोहली की यादगार भूमिका रही थी। कोहली ने 15 मैचों में 8 अर्धशतक लगाते हुए 657 रन बनाए थे। आरसीबी आईपीएल 2026 में अपना खिताब डिफेंड करने उतरेगी और इसके लिए विराट कोहली का असाधारण प्रदर्शन एक बार फिर जरूरी होगा।

## अक्षर के बाद अब शुभमन गिल ने भी इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अब विरोध बढ़ता जा रहा है। पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इसके खिलाफ बयान दिया और अब गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने इस पर सवाल खड़े किए हैं। इम्पैक्ट प्लेयर नियम से टीमों के मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बाहर भेजकर दूसरे किसी खिलाड़ी को शामिल करने की मंजूरी मिलती है। इस नियम पर पहले भी भारतीय खिलाड़ियों ने आपत्ति जताई है, जिनमें रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल शामिल हैं। मुंबई में बुधवार को हुई आईपीएल कप्तानों की बैठक में गिल सहित अधिकांश कप्तानों ने बीसीसीआई से इस नियम की समीक्षा करने की मांग की। यह नियम 2023 में लागू किया गया था और इसे कम से कम 2027 तक बढ़ाया गया है। गिल ने कहा, निजी तौर पर मेरे ख्याल से इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होना चाहिए। इस मैच एकतरफा होता है। क्रिकेट सामान्यतः 11 खिलाड़ियों का खेल है। इसमें एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज जोड़ने से खेल की वास्तविक चुनौती और खिलाड़ी की कौशल का महत्व कम हो जाता है। खेल में एक निश्चित कौशल होता है। अगर आपकी कुछ मुख्य बल्लेबाज जल्दी आउट हो जाएं, तो टीम को अच्छी स्कोर तक पहुंचाने के लिए रणनीति और कौशल की जरूरत होती है। लेकिन इस एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल का झुकाव एकतरफा हो गया है। इससे चुनौती भी कम हो गई है। मेरे लिए आसान पिच पर 220 रन का पीछा करने से ज्यादा रोमांच चुनौतीपूर्ण पिच पर 180 या 160 रन का पीछा करने में है।

### गिल बोले- किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं

शुभमन गिल ने कहा कि 2026 टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद उन्हें आगामी आईपीएल में किसी को कुछ साबित करने की आवश्यकता नहीं है। गिल टी20 विश्व कप से पहले भारत के उपकप्तान थे, लेकिन संजू सैमसन को शीर्ष क्रम में जगह देने के लिए उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। भारत ने इस बार रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीता। गिल भारत की टेस्ट और वनडे टीमों के कप्तान होने के साथ-साथ आईपीएल में गुजरात टाइटंस का नेतृत्व भी कर रहे हैं। गिल से पूछा गया कि क्या विश्व कप में नजरअंदाज किए जाने के बाद उन्हें कुछ साबित करना है, तो गिल ने कहा, पिछले तीन-चार सत्रों को देखें तो मुझे लगता है कि आईपीएल में मेरे सबसे ज्यादा रन हैं। इस सत्र में मुझे किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। पिछले चार साल में हमने टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है और मैंने एक बल्लेबाज के रूप में भी अच्छा किया है।

### आईपीएल में जमकर चलता है गिल का बल्ला

गिल लगातार आईपीएल में रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हैं। उन्होंने पिछले सत्र में 650 रन, उससे पहले 426 रन और 2023 में 890 रन बनाए थे। उन्होंने कहा, मुझे वही करना है जो मैं पिछले चार साल से कर रहा हूं। टीम को लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर हम ऐसा करते रहे, तो निश्चित रूप से हम एक बार फिर ट्रॉफी जीतेंगे।

## लोग मेरी बैटिंग को भूल जाते हैं: क्रुणाल पांड्या



**बेंगलुरु।** भारतीय और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने इस बारे में बात की कि कैसे उनकी बैटिंग को एक स्किल के तौर पर नजरअंदाज किया जाता है और कैसे उनका लक्ष्य अभी भी देश का प्रतिनिधित्व करना है जबकि उन्होंने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच लगभग 5 साल पहले खेला था। क्रुणाल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुके पॉडकास्ट के टीजर में बोल रहे थे और उनके शब्दों में दर्द साफ छलक रहा था। यह अनुभवी ऑलराउंडर फाइनल में पंजाब किंग्स के खिलाफ 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहा था, जिसमें उसकी 2/17 की कसी हुई गेंदबाजी ने ख़िताब जीतने में मदद की थी। इस प्रतियोगिता के पिछले सीजन में क्रुणाल दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे जो तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (22 विकेट) के बाद थे।

## मियामी ओपन: रायबाकिना को हराकर सबालेंका फाइनल में

**मियामी, एजेंसी।** मियामी बेलारूस की टेनिस प्लेयर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन के फाइनल का टिकट कटा लिया है। सबालेंका ने सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ वह लगातार दूसरे साल मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।

सबालेंका की यह डब्ल्यूटीए टूर में 17वीं प्रतियोगिता और कुल 10वीं जीत है। सबालेंका 2023 और 2024 में रायबाकिना के बाद लगातार मियामी ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी रहते हुए वह 2013 से 2015 तक सेरेना विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।

मैच की शुरुआत काफी रोमांचक रही। पहले सेट में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर खेल रही थीं। 4-5 से पिछड़ने के बाद सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और क्रॉस-कोर्ट बैकहैंड और ओवरहेड शॉट का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इस ब्रेक के दम पर वह पहला सेट 6-4 से जीतने में सफल रहीं।

दूसरे सेट में सबालेंका ने शुरुआत से दबाव बनाए रखा और 4-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद भी उन्होंने अपने विरोधी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सेट के अंत में उन्होंने लव पर सर्व किया और टी-सर्व के साथ खेल खत्म किया। मैच जीतने के बाद सबालेंका ने कैमरे के लेंस पर अपना निकनेम 'टाइगर' लिखा। सबालेंका इस सदी की चौथी खिलाड़ी हैं जो अपने सीजन के पहले चार डब्ल्यूटीए इवेंट्स के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मार्टिना हिंगिस (2001), सेरेना विलियम्स (2003) और विक्टोरिया अजारेंका (2012) के नाम रहा है। इस तरह का प्रदर्शन उन्हें टेनिस की दुनिया में एक विशेष मुकाम दिलाता है।

अब सबालेंका का सामना फाइनल में अमेरिकन खिलाड़ी कोको गॉफ से होगा। गॉफ ने शानदार वापसी करते हुए चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा को 6-1, 6-1 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में जगह बनाई है। यह फाइनल दोनों खिलाड़ियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।



### एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने किया शानदार प्रदर्शन, बनाई सेमीफाइनल में जगह

वहीं, पुरुष एकल में जर्मनी के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ 27 साल के जर्मन खिलाड़ी ने एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बना लिया है, जो उनके करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साल 2022 में सेमीफाइनल और 2023 तथा 2025 में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाले फ्रांसिस्को सेरुंडोलो का अनुभव जेवरेव के आगे फीका नजर आया। टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में सेरुंडोलो ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर 10 खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव को हराया था।

# पृथ्वी शॉ-आकृति अग्रवाल की लव स्टोरी, सगाई के बाद खुला राज!



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ इन दिनों अपने खेल से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। आईपीएल 2026 से ठीक पहले उनकी सगाई की खबर ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त हलचल मचा दी है। मुंबई की चर्चित कंटेंट क्रिएटर आकृति अग्रवाल के साथ उनका रिश्ता अब आधिकारिक रूप ले चुका है, लेकिन इस लव स्टोरी के पीछे की कहानी अब सामने आ रही है, जिसने फैंस की दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

### महीनों की अटकलों के बाद हुआ खुलासा

पिछले कुछ महीनों से पृथ्वी शॉ और आकृति अग्रवाल के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेज थीं। दोनों कई बार एक दूसरे के साथ दिखे, कभी किसी कार्यक्रम में तो कभी घूमते, और साथ में कई फोटोज भी डालीं। पहले तो लोगों को लगा कि कोई दोस्त है, लेकिन दोनों ने इस सॉफ्ट लॉन्च के जरिए अपने रिश्ते के संकेत दिए। हालांकि, दोनों ने कभी खुलकर कुछ नहीं कहा। आखिरकार आठ मार्च 2026 को शॉ ने सगाई का एलान कर इन अटकलों पर विराम लगा दिया।

### महिला दिवस पर खास एलान

पृथ्वी शॉ ने आकृति को अपना 'लकी चार्म' बताया था। दिलचस्प बात यह है कि इस कपल ने अपनी सगाई के लिए आठ मार्च 2026 यानी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का दिन चुना। इस खास तारीख ने इस खबर को और भी खास बना दिया और सोशल मीडिया पर यह ट्रेंड करने लगी। शॉ ने सगाई को अपनी सबसे शानदार पारी कहा था।जब फैंस मैदान पर पृथ्वी शॉ के अगले कदम का इंतजार कर रहे थे, तभी भारतीय ओपनर ने मैदान के बाहर ही दिल जीत लिया। शॉ आकृति अग्रवाल के साथ इंस्टाग्राम रील शेयर करते रहते हैं और इसे सोशल मीडिया पर खूब पसंद भी किया जाता है। आईपीएल 2026 के करीब आते ही 26 वर्षीय शॉ काफी सुकून महसूस कर रहे हैं। वह खुश भी नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर, ऐसा लग रहा है कि पृथ्वी शॉ ने मुश्किल भरे कुछ सीजनों के बाद अब अपनी जिंदगी में सुकून पा लिया है।

### 2025 में सामने आई थी लव स्टोरी

दोनों के रिश्ते की चर्चा तब शुरू हुई जब फैंस ने इंस्टाग्राम पर उनकी हल्की-फुल्की बातचीत नोटिस की। आकृति ने शॉ की पोस्ट पर 'माय परफेक्ट व्यू' (मेरा बेहतरीन नजारा) कमेंट किया, जिस पर शॉ ने जवाब दिया 'आय यू' (अरे तुम!)। यहीं से अफवाहों ने जोर पकड़ लिया।इसके बाद दोनों को मुंबई में कई बार साथ देखा गया। पैपराजी और फैंस ने उन्हें रेस्टोरेंट्स से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया, जहां वे अक्सर मैचिंग या एक जैसे रंग के आउटफिट में नजर आते थे। साल 2025 में दोनों ने गणेश चतुर्थी समारोह और कई निजी और सोशल गेदरिंग्स में साथ शिरकत की, जिससे उनके रिश्ते की खबरें और तेज हो गईं।

### आकृति के साथ शेयर की थी खास रील

शॉ ने आकृति के साथ एक खास रील शेयर की थी। इस वीडियो में स्क्रीन पर एक सिंपल सवाल लिखा होता है- तुम दोनों कैसे मिले? इसके बैकग्राउंड में शॉ और आकृति का एक खूबसूरत वेकेशन मोमेंट दिखाया जाता है। जैसे ही दर्शक इसे एक सामान्य कपल रील समझते हैं, वीडियो अचानक एक अलग मोड़ ले लेता है। इसमें एआई से बनाया गया एक विजुअल दिखता है, जिसमें अंदर भगवान को दिखाया जाता है। इस रील के जरिए शॉ ने इशारों-इशारों में बताया कि उनकी मुलाकात भगवान की योजना थी। फैंस को यह अंदाज बेहद पसंद आया और उन्होंने इस पर खूब प्यार लुटाया।आकृति ने अपने करियर की शुरुआत शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म टिकटॉक से की, जहां उनके वीडियो तेजी से वायरल हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### 2 साल में 57% की बढ़ोतरी, सलवान पब्लिक स्कूल में फीस वृद्धि के विरोध में पैरेंट्स का हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज-3 स्थित सलवान पब्लिक स्कूल में फीस




बढ़ोतरी को लेकर अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। बढ़ी हुई फीस न चुकाने पर छात्रों के नाम काटने के नोटिस दिए जाने और कुछ छात्रों के परिणाम जारी न करने के आरोपों के विरोध में शुक्रवार को बड़ी संख्या में अभिभावकों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रशासन ने हाल ही में फीस में बढ़ोतरी की है। कई अभिभावकों ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए बढ़ी हुई फीस देने में असमर्थता जताई, जिसके बाद उन्हें बच्चों के नाम काटने के नोटिस भेजे गए। अभिभावकों का यह भी आरोप है कि जिन छात्रों की बढ़ी हुई फीस जमा नहीं हुई, उनके रिजल्ट भी रोके जा रहे हैं। अभिभावकों ने प्रदर्शन के दौरान स्कूल प्रशासन से फीस बढ़ोतरी वापस लेने और सभी छात्रों के परिणाम जारी करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी भी की और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे। वहीं, मामले को लेकर स्कूल प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अभिभावकों का कहना है कि वे इस मुद्दे को लेकर संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत करेंगे, ताकि छात्रों के हितों की रक्षा की जा सके।

### कई माह से बंद है मधुबन अंडरपास, लोगों की आवाजाही के लिए बढ़ी मुश्किलें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पटपड़गंज मार्ग पर मधुबन अंडरपास का एक लेन कई माह से बंद है। बचे एक लेन पर ही दोनों दिशाओं से वाहनों की



आवाजाही हो रही है। इसके कारण आए दिन सड़क पर जाम और दुर्घटनाएं हो रही है। राहगीरों का आरोप है कि इलाके की मुख्य सड़क पर लापरवाही का अंजाम यहां के लोग भुगत रहे हैं। इस सड़क पर चल रहे लोगों की जान हमेशा खतरे में रहती है। आरओबी के नीचे खोदे गए गड्ढे की सही से बैरिकेडिंग नहीं होने कारण कभी हादसे की संभावना बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग चार माह पहले आरओबी के नीचे निर्माण कार्य के लिए सड़क को तोड़ कर बंद किया गया था। कुछ दिन बाद प्रदुषण कंट्रोल के लिए शहर में ग्रैब नियम लगाए जाने के बाद से निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था। तब से आज तक सड़क बंद है। यह विकास मार्ग को साउथ गणेश से जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क है। एक ही लेन पर वाहनों की आवाजाही होने के कारण शाम के समय सड़क पर जाम और दुर्घटना की समस्या की उत्पन्न हो रही है। वहीं आरओबी के पास सड़क पर खोदे गए गड्ढे पानी से भर गए हैं। पास में स्कूल और कालेज होने के कारण बच्चे रोजाना इधर से गुजरते हैं। सही से बैरिकेडिंग न होने के कारण हादसा होने की संभावना बनी रहती है। लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण आसपास के लोगों को मच्छर जनित बीमारी फैलने का डर सता रहा है। इस मामले पर साउथ जोन के नगर निगम चेयर मैन राम किशोर शर्मा का कहना है कि यह काम रेल्वे द्वारा कराया जा रहा। कई दिनों से निर्माण कार्य बंद है जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। मुख्य मार्ग पर यातायात में अवरोध वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गई है। शाम होते ही अंडरपास के नीचे अंधेरा छा जाता है। एक ही साइड से दोनों तरफ की गाड़ियां आती-जाती है। जिसके कारण आए दिन जाम और दुर्घटना से लोग जूझ रहे हैं।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा में 1100 छात्राओं को बांटी साइकिलें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चैत्र मास की अष्टमी को पीतमपुरा में अलग-अलग नौ सरकारी स्कूलों में इस वर्ष 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली 1100 छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस दौरान साइकिल पाने पर कई छात्राएं भावुक हो उठीं और उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उन्होंने छात्राओं से उनकी समस्याएं जानीं तो पता चला कि स्कूल आने-जाने में कठिनाई के कारण कई बार पढ़ाई प्रभावित होती है, यहां तक कि कुछ बच्चियों को स्कूल छोड़ना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए सरकार ने बजट में नौवीं कक्षा की 1.3 लाख छात्राओं को साइकिल वितरित करने की योजना पेश की है। हालांकि यहां मुख्यमंत्री के व्यक्तिगत प्रयासों से मिलीं साइकिलों को वितरित किया गया है। पीतमपुरा के सर्वोदय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पहले कन्या पूजन किया। इसके बाद छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस मौके पर उन्होंने साइकिल वितरित करने की योजना को लेकर कुछ राजनीतिक टिप्पणियों को आपत्तिजनक करार दिया। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां देवी हैं, उनके भविष्य के लिए बनाई गई योजना पर ऐसी बातें करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे सोच पर उन्हें शर्म आती है। छात्राओं को प्रेरित करते हुए अपने पिता की सीख साझा की और कहा कि परिस्थितियों के अनुसार डटकर जवाब देना सीखें, डरें नहीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार उनकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी लेती है और हर बेटी को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेटियों को इतना बड़ा बनना है कि माता-पिता, समाज और देश उन पर गर्व करे।

**कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने छात्राओं से**




**संवाद भी किया:** हाल ही में प्रस्तुत बजट में उन्होंने बेटियों, बहनों और महिलाओं के लिए अधिकतम योजनाएं शामिल करने का प्रयास किया है। ताकि समाज का यह वर्ग सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने छात्राओं से संवाद भी किया। एक छात्रा ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें इस प्रकार मुख्यमंत्री से मिलने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर साइकिल पाने वाली छात्रा कनक ने कहा कि वह रोजाना जहांगीरपुरी से पीतमपुरा गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल आती हैं। इसके लिए वैन चालक को 1500 रुपये प्रतिमाह देती रही हैं। अब वैन से नहीं, साइकिल से स्कूल आउंगी। छात्रा कनक ने बताया कि मैं हैदरपुर में रहती हूं। पीतमपुरा स्थित सर्वोदय विद्यालय में रोजाना ई-रिक्शे से आती थी। अब साइकिल मिलने पर बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का धन्यवाद करती हूं।

## अमृत भारत योजना: दिल्ली के 13 रेलवे स्टेशनों का होगा मेगा रीडेवलपमेंट, यात्रियों को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमृत भारत योजना के तहत राजधानी दिल्ली के प्रमुख 13 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण का काम तेजी से किया जा रहा है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का अजमेरी गेट की तरफ ठहराव का काम पूरा हो गया है। वहीं पहाड़गंज की तरफ भी एक भाग को गिराकर कार्यालय और अन्य यात्री सुविधाओं की शिफ्टिंग का काम चल रहा है। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के प्रश्न पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में यह लिखित जानकारी दी है। बिधूड़ी ने दिल्ली के प्रमुख स्टेशनों के बारे में सरकार से इस योजना के अंतर्गत किए जा रहे आधुनिकीकरण के कार्य की वर्तमान प्रगति का ब्यौरा मांगा था। उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या इस योजना के अंतर्गत और स्टेशनों को भी शामिल किया जा रहा है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस सवाल के जवाब में बताया कि जिन 13 स्टेशनों पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, उनमें नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, आनंद विहार, सराय रोहिल्ला, दिल्ली कैंट, हजरत निजामुद्दीन, सब्जी मंडी, सफदरजंग, तिलक ब्रिज,



आदर्श नगर, बिजवासन, नरेला और तिलक ब्रिज शामिल हैं। इनमें से नई दिल्ली स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ की ठहराव क्षेत्र की व्यवस्था का काम पूरा हो चुका है। पहाड़गंज की तरफ दो बेसमेंट के निर्माण कार्य और एलिवेटेड रोड के फाउंडेशन का काम भी शुरू हो गया है। ये सुविधाएं मिलेंगी रेलमंत्री ने सदन को यह भी बताया कि इन स्टेशनों पर जो सुविधाएं दी जा रही हैं उनमें स्टेशन तक आसानी से पहुंच, शहर के दोनों तरफ स्टेशन का एकीकरण, वेटिंग हाल, टायलेट, बैठने की समुचित व्यवस्था, पीने का पानी, चौड़े फुटओवर ब्रिज, एयर कानकोर्स, प्लेटफार्म में सुधार, ''एक स्टेशन एक उत्पाद'' के लिए कियोस्क का प्रावधान, हर प्लेटफार्म पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, बेहतर सूचना प्रणाली और पार्किंग की सुविधा करना शामिल है।

## 8 माह में 65 नाइजीरियन पकड़े, नकली स्टैंप लगाकर बना लेते हैं फर्जी वीजा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम व फरीदाबाद सीमा से लगे दक्षिणी दिल्ली के क्षेत्रों में नाइजीरियन गिरोह के खिलाफ पिछले आठ माह से दक्षिणी जिला पुलिस की कार्रवाई चल रही है। नाइजीरियाई मूल के 15 तस्करों पर एफआईआर दर्ज की गई। वहीं, 65 ऐसे नाइजीरियन को पकड़ा गया, जिनके पास वैध वीजा ही नहीं था। कुछ तो 10 वर्ष से बिना वीजा या फर्जी वीजा के साथ रहते मिले हैं। एफआरआरओ के समक्ष पेश कर इन्हें लामपुर डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया, जहां डिपोर्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक नशा तस्करी में गिरफ्तार नाइजीरियन को कोर्ट में केस चलने तक यहीं रहना होगा। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन्हें भी डिपोर्ट किया जाएगा। डेढ़ दशक पहले तक नाइजीरियन मूल के तस्कर दक्षिणी दिल्ली में सक्रिय थे। एनसीआर से लेकर नेपाल तक यहीं से नशे का सामना जाता था। उस समय दिल्ली पुलिस ने नशे के खिलाफ सघन अभियान चलाया। पुलिस की दहशत तस्करों पर ऐसी छाई कि नाइजीरियन मूल के ज्यादातर लोग द्वारका और एनसीआर में शिफ्ट हो गए। पिछले दो-तीन वर्षों में अब फिर से दक्षिणी दिल्ली में नशे के कारोबार ने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। खानपुर, देवली, संगम विहार, महरौली व हौजरानी में नाइजीरियन मूल के लोगों की अच्छी आबादी है। मकान मालिक मोटे किराए के फेर में पुलिस वेरिफिकेशन से बचते हैं। फर्जी तरीके से रहने वाले नाइजीरियाई मूल के लोगों के खिलाफ महरौली थाना क्षेत्र में एसएचओ महरौली ऋतेश शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक ज्यादातर नाइजीरियन वीजा अवधि पूरी होने के बाद भी दिल्ली के घने इलाकों में छिपकर रहते हैं। वीजा की फोटो कापी में डेट के साथ छेड़छाड़ कर नकली स्टैंप भी लगा लेते हैं।

## अतीक-मुख्तार सहित अंडरवर्ल्ड को विदेशी हथियार मुहैया कराता था खुर्जा का अंसारी गैंग, कैसे होती थी सप्लाई

नईदिल्ली, एजेंसी। विदेशी हथियारों की खरीद-फरोख्त के आरोप में क्राइम ब्रांच ने जिन दस आरोपितों को गिरफ्तार किया है वे खुर्जा के रहने वाले देश के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय विदेशी हथियार तस्कर शाहबाज अंसारी गिरोह से कई सालों से जुड़कर काम कर रहे थे। बुलंदशहर का खुर्जा, चीनी मिट्टी के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है, लेकिन पिछले कुछ दशक से शाहबाज और कुर्बान अंसारी भाइयों के कारण यह शहर विदेशी हथियारों की तस्करी के एक बड़े केंद्र के रूप में जाना जाता है। दोनों भाईयों का खुर्जा में ''अंसारी क्राकरी'' नाम से बड़ा कारोबार है। इसकी आड़ में पिछले चार दशक से भी अधिक समय से इनका विदेशी हथियारों की खरीद-फरोख्त का पुश्तैनी धंधा चल रहा है। ये लोग यूरोप व अमेरिका समेत कई देशों से विदेशी हथियार मंगवाकर उन्हें मुंबई अंडरवर्ल्ड समेत कई राज्यों के गैंगस्टरों, शराब माफिया व बाहुबली नेताओं को मुहैया कराते रहे हैं। अंसारी के चेन इतने लंबे हैं कि राज्यों की पुलिस व केंद्रीय एजेंसियों को इन्हें ध्वस्त कर पाना बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। पुलिस व केंद्रीय एजेंसियां अगर इस गिरोह के सदस्यों को कभी पकड़ने की कोशिश करती है तो लंबे समय तक जांच के बाद इसके कुछ कैरियर पकड़े जाते हैं और उनसे विदेशी हथियार बरामद हो जाते हैं लेकिन इसके चेन को कोई ध्वस्त नहीं कर पाता है। कुछ साल पहले कुर्बान की अधिक उम्र व बीमारी के कारण मौत हो गई जबकि शाहबाज, पकड़े जाने से बचने के लिए बांग्लादेश को अपना ठिकाना बना रखा है।

**हवाला के जरिये बांग्लादेश व दुबई में मंगवाता है पैसे** - वहीं से वह आईएसआई के सहयोग से पाकिस्तान से विदेशी हथियार मंगवाकर भारत के विभिन्न राज्यों में सप्लाई कर रहा है। दिल्ली-6, अंसारी का सबसे बड़ा गढ़ रहा है। यहां के हवाला कारोबारियों के जरिये वह बांग्लादेश व दुबई में पैसे मंगवाता है। उसके बाद संबंधित देशों को पेमेंट पहुंचाने के बाद वह विदेशी हथियारों की खेप पाकिस्तान से भाया दुबई, बैंकाक, नेपाल, बांग्लादेश होते हुए फिर भारत में मंगलता है। पुलिस का कहना है कि दुबई में इस वक्त रेहान, अंसारी के लिए काम कर रहा है। मुंबई के एक लक्की नाम के हवाला कारोबारी की भी पहचान हुई है। अंसारी बंधुओं के परिवार के कई सदस्य पाकिस्तान में रहते थे जिससे इन लोगों का पहले अक्सर पाकिस्तान आना जाना होता था। उसी आड़ में ये लोग पहले बर्तनों की आड़ में समझौता एक्सप्रेस ट्रेन से विदेशी हथियार सीधे दिल्ली ले आते थे।

## ईरान युद्ध के बीच बदलते समीकरणों के चलते चीन ने बदला अपना रुख

### महीने चीन जाने का प्लान बना रहे हैं, खाड़ी में लड़ाई बढ़ती जा रही है

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** झअमेरिकी सरकार के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन ईरान विवाद पर अपने नजरिए को बदल रहा है। पूर्व अधिकारी ने कहा कि चीन अमेरिका के साथ उच्च स्तरीय बातचीत की तैयारी के लिए तनाव कम करने के लिए समर्थन का संकेत दे रहा है। यह बात ऐसे समय में आई है जब प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप अगले महीने चीन जाने का प्लान बना रहे हैं, जबकि खाड़ी में लड़ाई बढ़ती जा रही है। पूर्व अधिकारी ने कहा, 'यह बहुत अच्छी बात है कि राष्ट्रपति इस बड़े युद्ध के बीच में चीन जाने के लिए तैयार थे।' उन्होंने इस समय को बहुत अजीब बताया। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अप्रैल में चीन के दौरे पर जाने वाले थे। हालांकि, हालिया हमलों और तनाव की वजह से अब चर्चा हो रही है कि वह मई में चीन दौरे पर जाएंगे। ट्रंप के चीन दौरे को लेकर अधिकारी ने कहा कि एशिया भर के देश प्रस्तावित समिट पर करीब से नजर रख रहे हैं, क्योंकि इससे इलाके की स्थिरता और आर्थिक हालात पर असर पड़ सकता है। अधिकारी ने कहा, 'एशिया का हर देश देख रहा है और उम्मीद कर रहा है कि जब राष्ट्रपति ट्रंप चीन आएंगे तो क्या उम्मीद की जा



सकती है।'

अमेरिकी सरकार के एक दूसरे पुराने अधिकारी ने कहा कि हाल की आर्थिक बातचीत के बाद इस लड़ाई ने दोनों पक्षों को फिर से सोचने का मौका दिया है। पेरिस में हुई बातचीत का जिक्र करते हुए अधिकारी ने कहा, 'खाड़ी में ऑपरेशन दोनों पक्षों के लिए ज्यादा समय पाने का एक पॉलिटिकल कवर बन गया।' अधिकारी ने कहा कि चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति की मेजबानी के लिए तैयार होने का संकेत देना जारी रखा है। हालांकि, अभी इस दौरे से संबंधित डिटेल्स को लेकर कुछ भी तय नहीं हुआ है। अधिकारी ने कहा, 'चीनियों ने आज सुबह कमोबेश संकेत दिया कि वे अभी भी उनकी (ट्रंप की) मेजबानी के लिए तैयार होंगे, लेकिन तारीखें कन्फर्म नहीं कीं।' इसके साथ ही, हाल की डिप्लोमैटिक बातचीत के बाद लड़ाई पर चीन के मैसेज में बदलाव के संकेत दिखे हैं। एक तीसरे पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने कहा, 'शांति को बढ़ावा देने, ईरानियों को बातचीत की टेबल पर लाने पर ज्यादा ध्यान दिया गया है।' ध्यान देने लायक बताया। अधिकारी ने आगे कहा कि अमेरिका के लिए एक शांति प्रस्ताव था, जिससे पता चलता है कि बीजिंग उच्च स्तरीय बातचीत से पहले हालात को स्थिर करना चाहता है। बदलते हालात ईरान विवाद और बड़ी अमेरिकी-चीन बातचीत के बीच के संबंध को भी दिखाते हैं। दूसरे अधिकारी ने एजेंडा के संभावित विस्तार की ओर इशारा करते हुए कहा, 'अमेरिका के बातचीत करने वाले अब किस हद तक, ईरानी तेल की चीनी खरीद जैसी बातें उठाना शुरू करेंगे।अधिकारी ने ईरान को चीन के संभावित समर्थन के बारे में भी चिंता जताई। अधिकारी ने कहा, 'झगड़े से पहले, चीनियों ने ईरानियों को एंटी शिप मिसाइल बेचने की बात की थी।'

## एयर कनाडा सीईओ पर विवाद फ्रेंच न बोल पाने पर मांगी माफी

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा की बड़ी एयरलाइन एयर कनाडा के सीईओ माइकल रूसो को एक गंभीर विमान हादसे के बाद फ्रेंच भाषा में बात न कर पाने को लेकर भारी आलोचना का सामना करना पड़ा। न्यूयॉर्क में हुए इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई थी, जिनमें से एक क्यूबेक का फ्रेंच भाषी था। इसके बाद सीईओ ने एक शोक संदेश जारी किया, लेकिन वह पूरी तरह अंग्रेज़ी में था, जिसमें केवल 'शुभ प्रभात' और 'धन्यवाद' जैसे दो फ्रेंच शब्द ही शामिल थे।

इस पर क्यूबेक के नेताओं और आम लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी इसे संवेदनशीलता की कमी बताया और कहा कि देश की दोनों आधिकारिक भाषाओं का सम्मान जरूरी है। क्यूबेक के प्रीमियर ने तो सीईओ से इस्तीफा तक मांग लिया। अब माइकल रूसो ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए कहा कि उन्हें दुख है कि उनकी भाषा की कमी की वजह से हादसे से ध्यान हट गया। उन्होंने स्वीकार किया कि कई वर्षों से कोशिश करने के बावजूद वे अभी भी फ्रेंच में सही तरीके से बात नहीं कर पाते हैं, लेकिन वे सीखने की कोशिश जारी रखेंगे। यह मामला इसलिए भी बड़ा बन गया क्योंकि एयर कनाडा का मुख्यालय क्यूबेक में है, जहां लगभग 80% लोग फ्रेंच बोलते हैं। इससे पहले भी माइकल रूसो को इसी मुद्दे पर आलोचना झेलनी पड़ी थी।

## अमेरिका में प्रवासियों को बिना जमानत हिरासत में रखने पर बड़ा फैसला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को बड़ी राहत देते हुए फैसला सुनाया है कि सरकार प्रवासियों को बिना जमानत के हिरासत में रख सकती है। यह फैसला 8वीं सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने दिया, जिसने पहले के निचली अदालत के आदेश को पलट दिया। पहले कहा गया था कि बिना दस्तावेजों के पकड़े गए लोगों को जमानत सुनवाई का अधिकार मिलना चाहिए। यह मामला मेक्सिको के नागरिक जोकिन हेरेरा एविला से जुड़ा था, जिन्हें 2025 में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने जमानत की मांग की थी, लेकिन अब अदालत ने कहा कि कानून के तहत सरकार उन्हें हिरासत में रख सकती है। यह दूसरा बड़ा फैसला है जो ट्रंप प्रशासन के सख्त इमिग्रेशन रुख के पक्ष में गया है। अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने इसे बड़ी जीत बताया है। हालांकि, मानवाधिकार संगठनों ने इस फैसले पर चिंता जताई है और कहा है कि इससे हजारों लोगों की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है।

## अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को और गहरा करने पर दिया जोर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के वरिष्ठ विधायकों और अधिकारियों ने पाकिस्तान के साथ अधिक गहरे और परिणाम-उन्मुख संबंधों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया है और इस रिश्ते को 'जटिल' बताया है। कैपिटल हिल पर बुधवार को टाम सुओजी और जैक बर्गमैन द्वारा आयोजित एक द्विदलीय संगोष्ठी में 200 से अधिक नीति-निर्माताओं, राजनयिकों और विशेषज्ञों ने अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों की दिशा का आकलन किया। सुओज़ी ने कहा, 'ऐसे समय में जब हमारा देश और दुनिया बढ़ती विभाजन की भावना महसूस कर रहे हैं, पाकिस्तान जैसे महत्वपूर्ण साझेदारों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना पहले से कहीं अधिक जरूरी है।' संयुक्त राज्य अमेरिका और पाकिस्तान के बीच



संबंध जटिल रहे हैं। बर्गमैन ने विभाजनों के पार संवाद और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'ऐसी एकता संयोग से नहीं होती। यह बातचीत से शुरू होती है। यह इस साझा विश्वास से शुरू होती है कि जब लोग साथ आते हैं, खुले तौर पर विचारों का आदान-प्रदान करते हैं और सम्मानपूर्वक जुड़ते हैं, तो प्रगति संभव है।' उन्होंने जोड़ा कि स्थायी प्रगति के लिए असहमतियों को 'सम्मान के साथ' संभालना आवश्यक है।

अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने इस रिश्ते को दीर्घकालिक और महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान का यह संबंध निश्चित रूप से सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावशाली संबंधों में से एक है, जो लगभग आठ दशकों में कई सफल साझेदारियों के रूप में सामने आया है। हर बार जब हम साथ आए हैं, इसका प्रभाव द्विपक्षीय दायरे से परे रहा है और पूरी दुनिया को लाभ हुआ है।'

अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव एस पॉल कपूर ने कहा कि वाशिंगटन ठोस परिणाम चाहता है। 'हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अमेरिका-पाकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों में सद्भावना और उच्च-स्तरीय ध्यान अमेरिकी और पाकिस्तानी लोगों के लिए ठोस लाभ में बदलें।'

इस संगोष्ठी में सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर पैनल चर्चाएं हुईं। विशेषज्ञों ने क्षेत्रीय स्थिरता, जिसमें भारत व चीन के साथ पाकिस्तान के संबंध भी शामिल हैं और व्यापार व निवेश बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार किया। (अटलांटिक काउंसिल) ने कहा कि यह साझेदारी 'अच्छी स्थिति में है,' लेकिन इसे समय के साथ अधिक टिकाऊ बनाने की जरूरत है। पूर्व राजदूत तौकीर हुसैन ने चेतावनी दी कि अमेरिकी नीति केवल दिखावे से आगे बढ़नी चाहिए। 'अगर अमेरिका अच्छे साझेदार चाहता है, तो उसे अच्छी नीतियां बनानी चाहिए। सुरक्षा चिंताएं भी प्रमुख मुद्दा रहीं। लीसा कर्टिस ने चेतावनी दी कि तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) अब भी 'एक खतरनाक और घातक संगठन' है और पाकिस्तान की स्थिरता सुनिश्चित करने में अमेरिका की रुचि पर जोर दिया। हसन अब्बास ने आतंकवाद, संगठित अपराध और सीमा-पार खतरों से निपटने के लिए नागरिक कानून-प्रवर्तन को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। आर्थिक मोर्चे पर सोफयां युसूफी ने पाकिस्तान में डिजिटलीकरण और व्यापक आर्थिक सुधारों की ओर बढ़ते प्रयासों का उल्लेख किया लेकिन निर्यात और विदेशी मुद्रा बढ़ाने के लिए स्पष्ट औद्योगिक नीति की जरूरत बताई।

# रामनवमी बोकारो जिले में शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई










## जिले के दर्जनों अखाड़ों से रामभक्तों ने निकाले जुलूस व झांकियां, युवाओं के हैरतअंगेज करतब देखने को उमड़ी भीड़

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स।** बोकारो जिले में रामनवमी का उत्सव इस वर्ष बड़े ही धूमधाम और गहरे भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। पूरा जिला महावीरी पताकों से सुसज्जित नजर आया, जिससे हर ओर धार्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है। "जय श्रीराम" और "जय बजरंगबली" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जिले के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद परंपरा के अनुसार अखाड़ों द्वारा भव्य जुलूस निकाले गए। ये जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर चौक, थाना मोड़, सेक्टर 9 और चास चेक पोस्ट तक पहुंचे। जुलूस के दौरान युवाओं ने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में रेलवे फाटक मोड़ के पास से भी एक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की आकर्षक सजावट और झांकियों के साथ कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों ने अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा वातावरण ढोल-नगाड़ों और राम धुन से गूंजता रहा, जिसमें भक्त झूमते नजर आए। जुलूस के समापन के दौरान सभी अखाड़े राम मंदिर पहुंचे, जहां युवाओं ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। इस दौरान धार्मिक उत्साह अपने चरम पर रहा। कुछ अखाड़ों के द्वारा आकर्षक झांकियां भी निकाली गई। झांकियों को देखने को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी इस आयोजन में बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज हर व्यक्ति राम की भक्ति में सराबोर है और हमें भगवान राम के आदर्शों पर चलकर देश को एकता के सूत्र में बांधकर रखना चाहिए।

## रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया, सीसीटीवी से हो रही थी निगरानी

### डीसी - एसपी ने कंपोजिट कंट्रोल रूम से जिले की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था की गई थी। इसी क्रम में कंपोजिट कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग स्क्रीन के माध्यम से जिले के विभिन्न स्थानों पर लगातार नजर रखी जा रही थी।

**डीसी - एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा**

शुक्रवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने कंपोजिट कंट्रोल रूम (सीसीआर) पहुंचकर सीसीटीवी मॉनिटरिंग के जरिए जिले के विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**हर गतिविधि पर पैनी नजर, त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त (डीसी) ने निर्देश दिया कि सभी जुलूस मार्गों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही थी तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देश दिया गया था। वहीं, पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पेट्रोलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ तथा त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र (रिस्पांस सिस्टम) को पूरी तरह सक्रिय रखें।

**247 सक्रिय कंट्रोल रूम, हर स्थिति से निपटने की तैयारी**

प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम को 247 सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है और सादे लिबास में भी पुलिस पदाधिकारी तैनात हैं, ताकि हर गतिविधि पर नजर बनी रहे।

**आमजनों से सहयोग एवं सतर्कता की अपील**

उपायुक्त (डीसी) एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने आमजनों से अपील की कि वे पर्व के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखें, अफवाहों से बचें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और हर स्तर पर निगरानी एवं सतर्कता बरती जा रही है।

## विधायक राज सिन्हा ने हर अखाड़े में पहुंचकर राम भक्तिकों किया उत्साहित



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।।** रामनवमी के अवसर पर धनबाद पूरी तरह राममय हो उठा, और इस भव्य आयोजन के केंद्र में रहे झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा, जिन्होंने शहर के कई अखाड़ा समितियों में पहुंचकर उत्सव की ऊर्जा को नई ऊंचाई दी।सरायढेला बाईपास से लेकर बाबूडीह जिला स्कूल मैदान, कबाड़ी पट्टी अखाड़ा दल, पुलिस लाइन मयरापाड़ा अखाड़ा दल, हीरापुर हटिया और धनबाद स्टेशन तक—हर स्थान पर विधायक श्री सिन्हा की उपस्थिति ने माहौल को और अधिक जोशपूर्ण बना दिया। विश्व हिंदू परिषद की ओर से धनबाद स्टेशन और बजरंग दल द्वारा केंदुआ में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर विधायक श्री सिन्हा ने न केवल मंच साझा किया, बल्कि स्वयं तलवार और दंड भांजकर युवाओं के उत्साह को दोगुना कर दिया।

पाण्डरपाला पांडव दल अखाड़ा में समिति सदस्यों ने विधायक श्री सिन्हा को पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया, प्रताप दल (पुराना बाजार), शिवपुरी भूली, गोपालीचक, पुटकी बाजार, बैंक मोड़ और बरमसिया जैसे क्षेत्रों में विधायक श्री सिन्हा का भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह उन्हें पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया, जो जनता के अपार स्नेह और समर्थन का प्रतीक है।

विधायक श्री सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रामनवमी केवल पर्व नहीं, यह हमारी आस्था, शक्ति और एकता का प्रदर्शन है। जो समाज अपने धर्म और संस्कृति के प्रति सजग रहता है, वही मजबूत और आत्मनिर्भर बनता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। धनबाद की सड़कों पर गूंजते जय श्रीराम के उद्घोष के बीच यह रामनवमी ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रही। इस अवसर पे नवल साव, प्रकाश मिश्रा, धर्मेंद्र सोनकर, मनोज सिंह भीमलाल प्रजापति, डा गंगा प्रसाद, पंकज सिन्हा, शंकर पंडित, मनोज पंडित, हुल्लास दास, दिलीप पंडित, मनोहर महतो, विवेक कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी के अवसर पर अयोध्या चौक पर हुई पूजा अर्चना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 5 स्थित अयोध्या चौक पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें दर्जनों राम भक्तों ने भाग लेकर प्रभु श्रीराम का स्मरण किया और उनकी कृपा प्राप्त करने की कामना की। पूजा के पश्चात अयोध्या चौक पर स्थापित महावीरी ध्वज को विधिवत बदला गया, जो इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भजन-कीर्तन भी किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान "जय श्रीराम" और "जय बजरंगबली" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस आयोजन ने लोगों में धार्मिक आस्था और एकता का संदेश प्रसारित किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर राकेश मिश्रा, दीनदयाल शर्मा, नीरज कुमार, संजय कुमार, सुनील कुमार, नीलेश गिरी, संजय, गोलू कुमार, अशोक, अनिल कुमार,सूरज सोनी साथ ही पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह के प्रतिनिधि के रूप अशोक कुमार वर्मा उपस्थित रहे।



## सिटी पार्क स्थित शंकर मोचन पहलवान अखाड़ा में मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सिटी पार्क स्थित संकट मोचन पहलवान अखाड़ा में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम मनाया जा रहा हैं। सुबह से ही भजन कीर्तन चल रहा है। पूरे पार्क का वातावरण भक्तिमय हो गया है। बताया जाता है कि यह जिले का सबसे पुराना अखाड़ा है। वर्षों से यहां बच्चे और बड़ों को कुश्ति के दांवपेज सिखाए जा रहें है। प्रशिक्षक जानकी राय ने बताया, इस अखाड़े के सैकड़ों पहलवान अर्ध सैनिक बल, झारखंड और बिहार पुलिस में अपनी सेवा दे रहे हैं। चिंटू पहलवान ने बताया, रामनवमी के अवसर पर आज सबसे पहले महावीरी ध्वज बदला गया। इसके बाद अखाड़ा की ओर से कुश्ती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है।



## लीन मैन्युफैक्चरिंग एवं 5एस/क्यूसी' पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल संख्या-4 में 'लीन मैन्युफैक्चरिंग एवं नई टीमों के गठन हेतु प्रेरणा तथा 5एस/क्यूसी एवं संबद्ध अवधारणाओं पर जागरूकता' विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में संकार्य, नगर सेवाएँ, ज्ञानार्जन एवं विकास तथा बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) के लगभग 30 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) मनीष जलोटा एवं महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) अनुपमा तिवारी द्वारा किया गया। अपने संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) मनीष जलोटा ने '5एस' (5र) को लीन मैन्युफैक्चरिंग की आधारशिला बताते हुए प्रकाश डाला कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल परिचालन लागत में कमी आती है, बल्कि यह 'लीड टाइम' को कम करने में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने आगे कहा कि दैनिक जीवन में गुणवत्ता नियंत्रण (क्यूसी) के सिद्धांतों को अपनाने से कार्यक्षमता और समस्या-समाधान की क्षमता में सुधार होता है, जिससे प्रक्रियाओं की समग्र गुणवत्ता में निखार आता है। महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) अनुपमा तिवारी ने भी प्रतिभागियों को नवाचार और टीम-गठन की दिशा में प्रोत्साहित किया। इस संपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का संचालन वरीय प्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) सुश्री सागरिका साहू द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा इस वर्ष आयोजित यह इस श्रृंखला का चौथा प्रशिक्षण सत्र है। इससे पूर्व आयोजित सत्रों में क्वालिटी सर्कल की अवधारणा, सांख्यिकीय पद्धतियों, व्यवस्थित प्रक्रिया विश्लेषण और कार्यक्षेत्र में समस्याओं की पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई थी। इस वर्ष अब तक 150 से अधिक प्रतिभागी इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लाभान्वित हो चुके हैं। बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की यह पहल बोकारो इस्पात संयंत्र में परिचालन उत्कृष्टता और निरंतर सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न केवल कार्मिकों की कार्यकुशलता विकसित होती है, बल्कि यह संयंत्र की उत्पादकता बढ़ाने, परिचालन लागत को कम करने और गुणवत्ता मानकों को सुदृढ़ करने के व्यापक लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

## डीसी - एसपी ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर ससमय जुलूस को रवाना कराया



**विधि व्यवस्था का किया मॉनिटरिंग, सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरे से भी जगह-जगह हो रही थी निगरानी**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहे। सुबह से ही स्वयं उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं। द्वय पदाधिकारियों ने सुबह से ही कंपोजिट कंट्रोल रूम का जायजा लेकर, जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी और उसका लाइव प्रसारण को देखा। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से हर गतिविधि की निगरानी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त (डीसी) एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने नया मोड़, माराफारी के रितुडीह, सिवनडीह स्थित मिनी कंट्रोल भी पहुंचे। वहां कुछ समय बैठ प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से कितने जुलूस निकले और कितने राम मंदिर की ओर प्रस्थान किए इसकी जानकारी ली। फिर द्वय पदाधिकारी ने नया मोड़ होते हुए हरला थाना के बसंती मोड़, सेक्टर-4, पत्थरकट्टा चौक, राम मंदिर, चास धर्मशाला मोड़, चीरा - चास आदि क्षेत्रों का दौरा किया। द्वय पदाधिकारियों ने सीसीटीवी (तीसरी आंख) के माध्यम से चास, जरीडीह, नावाडीह, चंद्रपुरा, बेरमो, पेटरवार, कसमार, गोमिया, चंदनकियारी क्षेत्रों का जायजा लिया। जिला प्रशासन ने सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा इंस्टाल कराया है। जिसकी निगरानी कंपोजिट कंट्रोल रूम से नियमित की जा रही है। साथ ही कई स्थानों पर ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, पुलिस उपाधीक्षक नगर, पुलिस उपाधीक्षक चास समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



## आम आदमी पार्टी झारखंड प्रदेश का संगठन विस्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम आदमी पार्टी झारखंड प्रदेश में संगठन को और मजबूत बनाने के क्रम में कोल्हान प्रभारी विनोद सिंह ने झारखंड प्रदेश प्रभारी शिवचरण गोयल और सह प्रभारी सुशील सिंह की सहमति से कोल्हान क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। इन नियुक्तियों के तहत शंभू सिंह गांधी को कोल्हान क्षेत्र का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। अश्विनी माथन को सचिव और संतोष राव को संगठन मंत्री बनाया गया है। यह जानकारी आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने बोकारो में एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। कोल्हान प्रभारी विनोद सिंह ने इन नई नियुक्तियों पर विश्वास जताते हुए कहा कि शंभू सिंह गांधी, अश्विनी माथन एवं संतोषराव के कुशल नेतृत्व और समर्पण से कोल्हान क्षेत्र में आम आदमी पार्टी का संगठन और अधिक मजबूत बनेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये नए पदाधिकारी आने वाले समय में झारखंड में पार्टी को जनता के बीच मजबूती प्रदान करेंगे, भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी राजनीति को आगे बढ़ाएंगे तथा जन समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करेंगे। झारखंड प्रदेश प्रभारी सुशील सिंह ने भी इन नियुक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए ये कदम आवश्यक हैं। उन्होंने नए पदाधिकारियों से अपील की कि वे पार्टी के मूल सिद्धांतों स्वराज, सच्चाई और सेवा के साथ पूरी निष्ठा से काम करें। आम आदमी पार्टी झारखंड के कई प्रदेश स्तरीय नेताओं ने भी विश्वास व्यक्त किया है कि इन नई नियुक्तियों से कोल्हान क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में पार्टी का विस्तार तेज गति से होगा और जनता की आशाओं पर खरा उतरने में मदद मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com